CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –113 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु







मुशाल को विशेष सलाहकार बनाना पाक का आंतरिक मामला : उमर अब्दुल्ला पृष्ठ 3

■ लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी पृष्ठ 4

■ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की आज से हो रही है शुरुआत
■ ट्यूनीशिया में फंसे 17 भारतीयों की हुई सुरक्षित वापसी पृष्ठ 9

बुमराह और प्रसिद्ध इम्तिहान में खरे उतरे, भारत का 2-0 की बढ़त पृष्ठ 10


# दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की मिली अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट ने 28 सप्ताह के भ्रूण को गिराने की दी इजाजत



■ स्वतः संज्ञान लेकर की 'विशेष सुनवाई'
■ पहले हाई कोर्ट पहुंचीं थी पीड़िता

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल आने को कहा। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून के अनुसार बच्चे को गोद लेना सुनिश्चित कर सकता है।

**शीर्ष अदालत ने की थी हाईकोर्ट की आलोचना**

शीर्ष न्यायालय ने शनिवार को इस मामले में (दुषकर्म पीड़िता की) गर्भपात कराने की याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि की तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले का स्वत: संज्ञान लेकर 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूष को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच के एक अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी।

**हाई कोर्ट ने दी थी 23 अगस्त की तारीख**

पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा था कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। वकील ने कहा था कि हालांकि, मामला सात अगस्त को दायर किया गया था और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने यह भी कहा था कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था।

### स्टीफंस कॉलेज में दाखिले का मामला
### 15 फीसदी अल्पसंख्यक आरक्षण को हरी झंडी

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023- 24 दाखिले में ईसाई अल्पसंख्यक आरक्षण के तहत साक्षात्कार में 15 प्रतिशत अंक देने की दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम अनुमति को उचित ठहराते हुए उसे बरकरार रखने का सोमवार को आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करने के साथ ही यह भी कहा कि वह इस मामले का जल्द निपटारा करे। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय का यह आदेश अंतरिम था। इसमें कोई भी संशोधन करने से दाखिला लेने चुके विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित करेगा

# रायपुर, दुर्ग, भिलाई व रायगढ़ में ईडी की दबिश

## पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर मारा छापा



**रायपुर/भिलाईनगर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की है। जिसमें ईडी ने पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों में दबिश दी है। बताया जा रहा है कि राजधानी रायपुर, रायगढ़ और दुर्ग-भिलाई में सट्टा कारोबार से जुड़े 8 लोगों के ठिकानों पर छापा पड़ा है। सभी के ठिकानों पर ईडी की टीम सीआरपीएफ के जवानों के साथ पहुचंकर कार्रवाई कर रही है। महादेव एप सट्टा से जुड़े लोगों पर श्वष्ठ में पहले से केस दर्ज है।

जानकरी के अनुसार, सोमवार की तड़के सुबह ईडी ने प्रदेश के दो अलग-अलग जिलों में छापेमारी कार्रवाई की है। जिसमें से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ दबिश दी है। जिसमें रायपुर के वॉलफोर्ट सिटी, स्वर्ण भूमि और अशोका रत्न में रेड पड़ी है। अशोका रत्न में रहने वाले सराफा और पेट्रोल पंप संचालक के दो ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। वहीं भिलाई के फरीद नगर निवासी मोहम्मद सद्दाम ट्रांसपोर्टर के ठिकानों पर भी ईडी पहुंची है। भिलाई के रवि उप्पल के भाई रोहित उप्पल और सन्नी सतनाम के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। साथी ही दुर्ग के पद्मनाभपुर के सतीश चंद्राकर के यहां छापा पड़ा है। बताया जा रहा है कि सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के पास दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था। फरार बुकी यूसुफ पोट्टी के रायपुर स्थित मौदहापारा स्थित घर पर ईडी की दबिश पड़ी है। जिसमें महादेव ऐप के लेनदेन के लिए फर्जी बैंक खातों के खुलासे हुए है उसके बाद से ही यूसुफ पोट्टी फरार है। आपको बता दें कि यूसुफ के विदेश भागने की आशंका के चलते रायपुर पुलिस ने ख्र्ष्ट जारी करने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है।

भिलाई नगर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सट्टे के कारोबार में संलग्न लोगों के निवास पर दबिश देकर शहर में हड़कंप मचा दिया है। महादेव ऑनलाइन सट्टा की जांच के लिये फरीद नगर में एक बंगले पर भी छापे की कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि इस कार्यवाही में छत्तीसगढ़ मंत्री के सिपालसलार व्यक्ति के घर पर भी छापे की कार्यवाही जारी है। जिसमें ईडी ने पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों में दबिश दी है। ऑनलाइन सट्टा से जुड़े लोगों को पूर्व में भिलाई दुर्ग पुलिस ने आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। बताया जा रहा है कि राजधानी रायपुरऔर दुर्ग.भिलाई में सट्टा कारोबार से जुड़े 8 लोगों के घर छापा पड़ा है। सभी के ठिकानों पर ईडी की टीम सीआरपीएफके जवानों के साथ पहुचंकर कार्रवाई कर रही है। महादेव एप सट्टा से जुड़े लोगों पर पहले से केस दर्ज है।

भिलाई में ईडी कार्रवाई ऑनलाइन महादेव एप के कार्य में संलग्न सटोरियों के यहां सुबह से जारी छापे की कार्यवाही शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है ईडी की टीम छापे की कार्यवाही की कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों को रोक रही है। आज सोमवार की तड़के ईडी ने प्रदेश के दो अलग.अलग जिलों में छापेमारी कार्रवाई की है। जिसमें से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी ने सीआरपीएफके जवानों के साथ दबिश दी है। भिलाई के फरीद नगर लाल मैदान निवासी मो.सद्दाम ट्रांसपोर्टर के यहां भी ईडी पहुंची हैण् भिलाई में रवि के भाई रोहित और सन्नी के यहां ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सार संक्षेप**

### अगले वर्ष अंतरिक्ष में कृत्रिम मेधा रोबोट भेजेगा इसरो

**नई दिल्ली।** सरकार चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उसका लक्ष्य अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में भारत अंतरिक्ष में पहली बार मानव मिशन भेजना है जिसके पहले एक कृत्रिम मेधा रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र पर लगे गोपनीयता के पर्दों को उतार कर इसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए खोल दिया है जिससे इस क्षेत्र में नयी तकनीक और नयी प्रतिभाएं लाने का मार्ग खुल गया है।

### राज्यसभा में नौ नए सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित नौ सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी के एस. जयशंकर, नगेंद्र राय, केसरी देव सिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबू भाई जयसंगभाई देसाई तथा तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, सुखेंदू शेखर राय, डोला सेन, प्रकाश चिक बारीक और सामीरुल इस्लाम शामिल है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने जूता फेंका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सपा के महासम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंका। युवक को सपाइयों ने खूब पीटा। पुलिस युवक को पकड़कर ले गई। हमले में स्वामी प्रसाद मौर्य बाल-बाल बच गए।

### बीएसएफ ने 29 किलो हेरोइन बरामद की, दो गिरफ्तार

**फिरोजपुर।** पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ सांझे आपरेशन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका देते दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े से 29. 2 किलाग्राम हेरोइन के 26 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान मुहम्मद अजमल रियान निवासी गॉंव कंगणपुर ज़िला कसूर, पाकिस्तान और सिवना निवासी गॉंव अलीपुर, जिला कसूर, पाकिस्तान के तौर पर हुई है।

# सहायक शिक्षकों की भर्ती में अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग व अंतिम चयन सूची जारी करने पर हाईकोर्ट की रोक

**रायपुर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा ( भर्ती तथा शैक्षणिक संवर्ग) भर्ती नियम 2019 में 4 मई 2023 को संशोधन किया है। संशोधन के मुताबिक सहायक शिक्षक की भर्ती के लिए स्नातक और ब्द्गस्र या डीएलएड अनिवार्य योग्यता रखी गई। इसी योग्यता के आधार पर सहायक शिक्षकों के लगभग 6500 पद के लिए विज्ञापन 4 मई 2023 को जारी किया गया था।

विज्ञापन के आधार पर 10 जून 2023 को परीक्षा आयोजित हुई थी, जिसमें ब्द्गस्र और डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी शामिल हुए। भर्ती नियम 2019 के मुताबिक ब्द्गस्र अभ्यर्थी को शामिल करने पर डीएलएड प्रक्षिक्षित अभ्यर्थी विकास सिंह, युवराज सिंह और अन्य ने अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव के माध्यम से याचिका दायर कर नियम को चुनौती दी।

याचिका में बताया गया कि प्राथमिक स्कूल के बच्चों के अध्ययन लिए डीएलएड कोर्स में विशेष ट्रेनिंग दी जाती है और बीएड कोर्स में उच्चतर कक्षाओं में अध्ययन की ट्रेनिंग होती है। उक्त आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णीत किया हैं कि सहायक शिक्षकों जो कक्षा 1 से 5 में अध्ययन कराते हैं के लिए बीएड अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं। केवल डीएलएड अभ्यर्थी ही पात्र हों।

बीएड शामिल करने से शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि वो प्राथमिक स्कूल बच्चों को पढ़ाने विशेष रूप से ट्रेंड नहीं हैं। जबकि डीएलएड प्रशिक्षित प्राथमिक के लिए विशेष प्रशिक्षित हैं। सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्णय के आधार याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती नियम 2019 से भी सहायक शिक्षक की अनिवार्य ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# शराब मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में रखा अपना पक्ष, अगली सुनवाई 26 को

**रायपुर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा थाने में दर्ज शराब के नकली होलोग्राम केस में सोमवार को ईडी की तरफ सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया गया। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 26 सितंबर तय की है। तब तक आरोपियों के खिलाफ नो कोर्सिव एक्शन (किसी तरह का बल प्रयोग नहीं) का आदेश जारी रहेगा।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने नकली होलोग्राम बनाकर शराब बिक्री को लेकर उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पूरे मामले में आबकारी आयुक्त निरंजन दास, विशेष सचिव एपी त्रिपाठी के अलावा अनिल टूटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर और होलोग्राम निर्माता कंपनी के एमडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

इस पूरे मामले को लेकर अनिल टूटेजा, और करिश्मा ढेबर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि शराब घोटाला केस में कार्रवाई पर रोक के आदेश के बाद ईडी ने यूपी में एक और प्रकरण दर्ज किया है। इसे उन्होंने कोर्ट की अवमानना करार दिया। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की पीठ ने ईडी को नोटिस जारी कर पूछा था कि नकली होलोग्राम बनाकर शराब बिकवाने के मामले की जानकारी कब हुई? सोमवार को ईडी की तरफ से बताया गया कि इस मामले की जानकारी पहले से थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद नो कोर्सिव एक्शन 26 सितंबर तक जारी रखने के अंतरिम आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और ईडी की तरफ से एएसजी के ।वी। राजू ने पैरवी की।

# चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने किया चंद्रयान 3 का स्वागत

■ कल चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में उतरेगा चंद्रयान-3

**चेन्नई**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग करने जा रहे चंद्रयान-3 का सोमवार को चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से स्वागत किया। इसरो ने एक्स पर प्रेषित किए संदेश में कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा, चंद्रयान -3 मिशन 'आपका स्वागत है, दोस्त। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) के पास अब लैंडर मॉड्यूल तक पहुंचने के लिए अधिक मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि भारत के दूसरे चंद्र मिशन चंद्रयान -2 को जुलाई 2019 में लॉन्च किया गया था और सितंबर 2019 में लैंडिंग साइट के बहुत करीब तकनीकी खराबी के कारण लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह मिशन 99.99 प्रतिशत सफल रहा था। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 यान 23अगस्त को 1804 बजे चंद्रमा पर उतरेगा। अंतरिक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को चंद्रयान-3 द्वारा चांद की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने से पहले चंद्रमा के इसके सुदूर हिस्से की तस्वीरें जारी कीं। इसरो ने कहा कि ये तस्वीरें लैंडर हैज़र्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) द्वारा ली गई हैं। इसरो ने एलएचडीएसी द्वारा ली गई सभी चार तस्वीरों को जारी किया है। यह कैमरा, लैंडिंग के दौरान पत्थरों या गहरी खाई के बिना एक सुरक्षित लैंडिंग क्षेत्र का पता लगाने में सहायता करता है, इसरो ने अंतरिक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**बिहार में जातिगत सर्वे पर सर्वोच्च अदालत की अहम टिप्पणी**

# ठोस आधार के बिना नहीं लगाएंगे रोक

■ केंद्र को सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की दी अनुमति

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जातिगत सर्वेक्षण की अनुमति देने के पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया पर तब तक रोक नहीं लगाएगा जब तक कि वे (याचिकाकर्ता) इसके खिलाफ प्रथम दृष्टया ठोस आधार नहीं देते। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को इस मुद्दे पर सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की भी अनुमति दी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि सर्वेक्षण के कुछ परिणाम हो सकते हैं। मेहता ने कहा, हम इस तरफ या उस तरफ नहीं हैं, लेकिन इस कवायद के कुछ परिणाम हो सकते हैं और इसलिए हम अपना जवाब दाखिल करना चाहेंगे।

**हाई कोर्ट के फैसले को दी है चुनौती**

हालांकि, उन्होंने संभावित परिणामों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। हाई कोर्ट के एक अगस्त के फैसले को चुनौती देने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों की ओर से दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही जस्टिस संजीव खन्ना और एसवी एन भट्टी की पीठ ने मेहता के अनुरोध पर कार्यवाही स्थगित कर दी।

# दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे मुख्यमंत्री केसीआर



**हैदराबाद** 21 अगस्त (देशबन्धु)। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इस वर्ष के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 115 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। बीआरएस सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आज यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तेलंगाना भवन में उम्मीदवारों की सूची जारी की। वह स्वयं दो निर्वाचन क्षेत्रों- कामारेड्डी और गजवेल से चुनाव लड़ेंगे। श्री राव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 119 सदस्यीय विधानसभा की 115 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं तथा शेष चार निर्वाचन क्षेत्रों नरसापुर, नामपल्ली, गोशामहल और जनगांव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से केवल सात मौजूदा उम्मीदवारों को टिकट से वंचित किया गया।

# नेशनल मेडिकल कमीशन चिकित्सकों पर हुआ सख्त

## फार्मास्युटिकल कंपनियों की पार्टी में जाने पर लगी रोक

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने देश भर के चिकित्सकों के नए नियम जारी कर दिए हैं। जिसके चलते चिकित्सक अब फार्मास्युटिकल के कंपनियों कॉकटेल,डिनर व पंच सितारा होटलों में होने वाले सेमिनार में नहीं जा सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर उनका लाइसेंस तीन महीने तक के लिए निलंबित किया जा सकता है। एनएमसी द्वारा जारी नए नियमों के तहत अब सिर्फ चिकित्सक ही नहीं उनके परिवार के सदस्य भी फार्मास्युटिकल कंपनियों से परामर्श शुल्क या मानदेय नहीं ले सकते हैं। यहां तक की किसी भी तरह का गिफ्ट या उपहार भी लेने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा चिकित्सकों को सिर्फ जेनरिक दवाएं लिखने को कहा गया है। सा ही पर्चा पर ऐसी हैंडराइटिंग में दवाओं का नाम लिखना होगा,जिसको आम आदमी से पढ़ सके। नए आदेश के साथ ही इनका विरोध भी शुरू हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आइएमए) ने कहा है कि जेनेरिक दवाओं से मरीजों की देखभाल पर असर पड़ेगा। ऐसे में वे इस नए फैसले से सहमत नहीं हैं। आइएमए ने कहाकि अगर सरकार चाहती है कि चिकित्सक जेनेरिक दवाएं लिखें तो उनको चाहिए कि दवा कंपनियों को पहले निर्देश दें कि बिना ब्रांड के नाम के साथ दवा बनाएं। जब ब्रांड का नाम नहीं रहेगा तो कोई दिक्कत नहीं होगी।

■ जेनरिक दवाओं का चिकित्सक कर रहे विरोध

**पहले भी जारी किया जा चुका है नियम**-फिलहाल इस तरह का नियम पहली बार जारी नहीं किया गया है। 2010 मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी चिकित्सकों के गिफ्ट लेने पर रोक लगा दी थी। जिसमें बाद में राहत देते हुए एक हजार तक के गिफ्ट को स्वीकार करने की अनुमति दे दी थी।

**खुलासा** केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट-सभी विभागों से मिलीं 1,15,203 शिकायतें, रेलवे और बैंक दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे

# भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ आई हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद रेलवे और बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं।**

*रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों में सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऐसी कुल 1,15,203 शिकायतें मिलीं। इनमें से 85,437 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है जबकि बाकी बची 29,766 शिकायतें लंबित हैं। इनमें से 22,034 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। एक अधिकारी ने कहा कि सीवीसी ने शिकायतों की जांच करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की है, जो संस्था की दूरस्थ शाखा के रूप में कार्य करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां गृह मंत्रालय को उसके अधिकारियों के खिलाफ 46,643 शिकायतें मिलीं, वहीं रेलवे को 10,580 शिकायतें और बैंकों को 8,129 शिकायतें मिलीं।*

### 23,919 शिकायतों को हुआ निपटारा

*रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय के कर्मियों के खिलाफ कुल शिकायतों में से 23,919 का निपटान कर दिया गया और 22,724 शिकायतें लंबित रहीं, जिनमें से 19,198 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ने 9,663 शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि 917 शिकायतें लंबित हैं, जिनमें 9 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। बैंकों ने भ्रष्टाचार की 7,762 शिकायतों का निपटारा किया, 367 लंबित थीं, जिनमें 78 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली के कर्मियों के खिलाफ 7,370 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6,804 शिकायतों का निपटान हो गया और 566 शिकायतें लंबित रहीं जिनमें से 18 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग समेत), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), दिल्ली शहरी कला आयोग, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड, एनबीसीसी और एनसीआर योजना बोर्ड के कर्मियों के खिलाफ 4,710 शिकायतें दर्ज की गईं।*

# दायित्व चुनौती भरा है परंतु भूपेश है तो भरोसा है, कांग्रेस को मजबूत बनाने पूरी ताकत झोंक दूंगा-उत्तम वासुदेव

## नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष का जोरदार स्वागत




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 21 अगस्त (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव के गौरेला पेंड्रा मरवाही पहुंचने पर कांग्रेस के सभी गुटों के नेताओं ने आश्चर्यजनक रूप से गुटबाजी को भुलाते हुए जोरदार स्वागत किया। लगभग 150 से ज्यादा गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव का स्वागत कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठनों तथा वरिष्ठ से लेकर छोटे से छोटे कार्यकर्ता ने करते हुए एकता का प्रदर्शन किया उससे कांग्रेस के पक्ष में अच्छा माहौल बना है।

जिला के सीमावर्ती ग्राम कारीआम, जोगीसार,खोडरी ,सेमरा, भदौरा, गौरेला एवं पेंड्रा के विभिन्न चौक चौराहों में कांग्रेसी नेताओं द्वारा आतिशबाजी फूलमाला बाजे गाजे से स्वागत के बाद पेंड्रा के पंडित माधव राव सप्रे प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव , नगर पंचायत उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, महामंत्री ओम प्रकाश बंका के साथ पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव सदस्य युवा आयोग छत्तीसगढ़ ने कहा कि एन चुनाव के पूर्व जिला कांग्रेस के दायित्व मेरे लिए चुनौती भरी है परंतु च्भूपेश है तो भरोसा हैज्ज कार्यक्रम के तहत में घर-घर जाकर कांग्रेस को मजबूत बनाने कोई कसर नहीं छोडूंगा । श्री वासुदेव ने कहा कि चुनाव के ठीक पहले मुझे कांग्रेस संगठन को संभालने की जिम्मेदारी मिली है। निश्चित ही मेरे लिए बड़ी चुनौती है, आने वाले कुछ महीनो में चुनाव है ।चुनाव छोटा हो या बड़ा चुनौती मानकर करना है, मुझे जिले कांग्रेस संगठन की जवाबदारी मिली है ।बदलाव कई जिले में हुए है प्रक्रिया के अंतर्गत हुए हैं ।कौन गलत है कौन सही है ऐसी कोई बात नहीं है। जिले की पुरानी कार्यकारिणी के साथ काम करने के सवाल पर कहा कि पुरानी जो जिला कांग्रेस की टीम थी काम करने वाले सिपाही को मौका मिलेगा और जो काम नहीं करेगा नए लोगों को सामने लाकर काम किया जाएगा। वही राजीव गांधी जिला कांग्रेस भवन की अधूरे निर्माण के पूछे गए सवाल पर कहा कि आने वाले जून जुलाई माह तक निर्माणधीन जिला कांग्रेस भवन का निर्माण कर लिया जायेगा, जिले में गुटों में बटी कांग्रेस को एक करने के लिए मैं सभी से से एक बार मिलकर सामंजस्य बैठाऊंगा और सभी को एक बैनर पर कांग्रेस के झंडे के नीचे बैठकर कांग्रेस के लिए समर्पित लोगों को एक करना मेरा संकल्प है ।कोटा विधानसभा में अपनी दावेदारी के साथ संगठन संभालने के दोहोरी जवाबदारी पर कहा कि पहले मुझे कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए काम करना है। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अधिकार है बाकी शीर्ष नेतृत्व जो आदेश देगा उसका पालन होगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के 11 जिले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बदले गए हैं जिसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता को हटाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया है, इसके पूर्व दो बार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे उत्तम वासुदेव का आज गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में प्रथम आगमन था जिले के एक छोर कारीआम खोडरी होकर गौरेला ,तहसील चौक नया बस स्टैंड पेंड्रा दुर्गा चौक सहित कांग्रेस कार्यालय में जगह-जगह उत्तम वासुदेव का स्वागत हुआ बड़ी-बड़ी मशीनों से फूल बरसाए गए ।,फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया ।

गौरेला नगर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमोल पाठक एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अनुज ताम्रकार, मनीष दुबे, के द्वारा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गजमती भानु के द्वारा सेमरा चौक में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। रेस्ट हाउस गौरेला में धान और लड्डू से तौला गया ।दुर्गा चौक बस स्टैंड पेंड्रा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्वागत उसके पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया जहां पर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे । इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कांग्रेस की सरकार बनाने की बात कही व सभी का आभार व्यक्त किया। मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा टिकट जिसे भी मिले हम सब मिलकर के मरवाही से कांग्रेस विधायक को जिताएंगे । प्रथम बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मुझे जिम्मेदारी दी गई है सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ लेकर के आने वाले विधानसभा चुनाव में कोटा एवं मरवाही दोनों विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बनाना है जो कार्यकर्ता काम करेगा मैं उसका सम्मान करूंगा सिर्फ पद लेने से कोई बड़ा नहीं हो जाता । भूपेश है तो भरोसा है कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। जिला कांग्रेस कार्यालय के पश्चात नया बस स्टैंड में एनएसयूआई के नेतृत्व में स्वागत किया गया । बैठक का संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री संगठन पुष्पराज सिंह व आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश बंका के द्वारा किया गया ।

उक्त अवसर पर कृष्णकर मिश्रा, शिवनारायण तिवारी, नारायण शर्मा, प्रताप सिंह मरावी, वेद कुमार तिवारी, मुद्रिका सिंह, बादल सिंह, अशोक शर्मा, इकबाल सिंह, पवन सुल्तानिया वीरेंद्र बघेल, प्रमोद परस्ते, ममता पैकरा,नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जलान, उपाध्यक्ष पंकज तिवारी,मुद्रिका सिंह, शाहिद राईन रमेश साहू, पुष्पराज सिंह, अमोल पाठक, प्रशांत श्रीवास, गाजमती भानु, राकेश मसीह,हरीश राय, रेखा तिवारी, श्वेता मिश्रा,अमन शर्मा, अनुज ताम्रकार, सहाना बेगम, वीरेंद्र मिश्रा,आशीष केसरी, विशाल भैया, उमाकांत सोनी, गिरजा केसरवानी, अजीत सिंह श्याम, नारायन आर्मो, मनीष दुबे , श्रीकांत मिश्रा ,श्वेता मिश्रा, मोहन साहू, संतोष ठाकुर, रवि केशरी, संदीप शर्मा, गिरजरानी पोट्टम,संतोष मलैया, उमाकांत सोनी ,आलोक शुक्ल,सार्थक गुप्ता, निखिल चतुर्वेदी, गुरु दत्त मिश्रा, रेखा रंजन, डा यूसुफ खान, हेमराज माली, सुभम जैन, कृष्णा में राजपूत,आसिफ खान सहित जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह एवं अन्य सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता सामिल रहे ।

## लोक सुनवाई का आयोजन 27 सितम्बर को

बिलासपुर 21 अगस्त (देशबन्धु) । मस्तूरी ब्लॉक के सीपत में स्थापित मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड में प्रस्तावित सीपत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी डेमोन्स्ट्रेशन प्रोजेक्ट को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 27 सितम्बर 2023 को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय, सीपत के खेल मैदान में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। कम्पनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न ईकाईयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर में आवेदन किया है। स्वीकृति के पूर्व आम जनता का अभिमत जानने के लिए उक्त तिथि को ग्राम सीपत में जिला प्रशासन द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

## युवक को बांध कर पिटाई, सरपंच व अन्य आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। युवक के साथ मारपीट करने वाले सरपंच और उसके साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को ढनढन निवासी शिवचरण डहरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि आरोपी उमेश ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, दिनेश निर्मलकर, शिवम निर्मलकर, हरीश कौशिक, निरंजन लाल, मल्लू गोंड़, अजय कैवर्त, रमेश मरावी, आकाश साहू एवं संजय साहू ने एक साथ प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। विवेचना उपरांत पुलिस ने उन सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 506, 323, 342 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया है।

## पेंड्रा नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कोटा से की दावेदारी, ब्लाक अध्यक्ष को सौंपा आवेदन



गौरेला पेंड्रा मरवाही, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने भी तैयारी शुरु कर दी है। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर से आवेदन मंगवाने शुरु किए है। विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदारों से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 17 अगस्त से आवेदन फॉर्म लेने और 22 अगस्त तक जमा करने की अंतिम तिथि तय की है।

इसी क्रम में सोमवार को पेंड्रा नगर पालिका के अध्यक्ष राकेश जालान ने भी दावेदारी का ताल ठोक दिया है। राकेश जालान ने कोटा विधानसभा से चुनाव की दावेदारी की है, जिसके लिए उन्होंने पेंड्रा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास को अपना आवेदन सौंप दिया है।

उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी पवन सुल्तानिया,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल सरदार, पार्षद .ष्ठ तिवारी। पारस चौधरी प्रेमवती कोल भावना करेलिया ऐल्डरमैन मदन सोनी, शारदा चरण पसारी,जेलेश सिंह, विद्या राठौर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

बाते दे कि पेंड्रा नगर पालिका के अध्यक्ष राकेश जालान कोटा विधानसभा प्रत्याशियों में युवा चेहरा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में पेंड्रा नगर का चहुमुखी विकास किया है ।

बीते 3 साल में उन्होंने पेंड्रा नगर में 30 करोड़ से अधिक के कार्य नगर में करवाए हैं। बहुत कम समय में अपने प्रतिद्वंदियों को पीछे करते हुए उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हासिल की है।

जब वे नगर पंचायत के अध्यक्ष बने थे तब से ही नगर की जनता उन्हें कोटा विधानसभा प्रत्याशी के रूप में देखना चाहती हैं। कांग्रेस पार्टी के मुखिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा से राजनीति में युवा वर्ग को आगे लाए हैं।

अगर पार्टी इस युवा चेहरे पर अपना दाव लगाती है तो निश्चित ही कोटा विधानसभा में इस बार कांग्रेस का परचम लहराएगा।

# तखतपुर से एक ही दिन रश्मि समेत 11 के आवेदन



## जगजीत सिंह मक्कड़ व संतोष कौशिक ने भी की टिकट की दावेदारी

**तखतपुर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तेज हैं। दावेदारी करने वाले अपना आवेदन पहले नगर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी में देंगे। आज विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने अपनी दावेदारी नगर कांग्रेस कमेटी को सौंपी। इसके साथ अन्य 11 लोग भी आवेदन दिए।

कांग्रेस ने प्रत्याशीयों की चयन के लिए निचले स्तर से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू की है ताकि उम्मीदवार बनने के इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन संगठन में भेजे फिर संगठन आवेदन पर कार्यवाही करते हुए कमेटी को सौंपेगी जो उम्मीदवार का चयन करेगी। विधायक श्रीमती रश्मि सिंह ने आज तखतपुर विधानसभा से अपनी दावेदारी करते हुए नगर कांग्रेस कमेटी को आवेदन दिया और उन्होंने कहा कि मैं पिछले पांच वर्षो से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विकास कार्य किया है लोगों के हर सुख दुख साथ रहा और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हमेशा कार्य करता रहता। प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन को मिले इसके लिए अभी आरंभ से ही प्रयास किया। आज भी कुछ ऐसे कार्य है जिसे पूरा करना है और यहीं तभी संभव होगा जब सभी मतदाता अपना आशीर्वाद देंगे। क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार के रूप में अपना आवेदन ब्लाक कांग्रेस कमेटी को सौंपा। इसी के साथ ही उम्मीदवारी करने के लिए जिला पंचायत सभापति जितेंद्र पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष शारदा साहू, जिला पंचायत सदस्य मीनू यादव, जिला कांग्रेस महामंत्री आतमजीत सिंह मक्कड़, रजनी आगर, प्रदेश कांग्रेस सचिव बिरझेराम सिंगरौल, प्रेस क्लब अध्यक्ष विरेंद्र गहवई, मिर्जा बेग, श्याममूरत कौशिक ने अपना आवेदन दिया है। संतोष कौशिक ने किया आवेदनट्ठ पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक अपने समर्थकों के साथ तखतपुर विधानसभा से उम्मीदवारी के लिए नगर कांग्रेस कमेटी में आवेदन दिया। पूर्व में तीन आवेदनट्ठ तखतपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की ओर से उम्मीदवारी के लिए बीते दिवस तीन लोगों ने भी अपना आवेदन कांग्रेस कमेटी को दिया है। जिसमें प्रदेश सेवादल महासचिव प्रदीप ताम्रकार, राजेश देवांगन, बिहारी सिंह टोडर ने अपना आवेदन दिया है। पिता पुत्र दोनों ने दिया आवेदनट्ठ तखतपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की ओर से उम्मीदवारी हेतू पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ एवं उनके व्यवसायी पुत्र आतमजीत सिंह मक्कड़ ने आवेदन पार्टी को दिया है ।बिलासपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष ने किया आवेदनट्ठ प्रेस क्लब अध्यक्ष विरेंद्र गहवई ने भी विधानसभा तखतपुर से उम्मीदवारी के लिए अपना आवेदन पार्टी को सौंपा है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

#### स्वतंत्रता दिवस समारोह की...

जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे भी इन विशेष अतिथियों में शामिल हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों का दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रत्येक राज्य व केन्द्र-शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किला में आयोजित समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली में 12 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।

#### सरकार की मुख्य पहल भी दर्शाई जांएगी

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सरकार की मुख्य पहल भी दर्शाई जांएगी। इनमें टीके और योग, उज्ज्वला योजना, अंतरिक्ष शक्ति, डिजिटल इंडिया, कौशल भारत, स्टार्ट-अप इंडिया, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत, नया भारत, पॉवरिंग इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवनमिशन शामिल हैं।

#### लोरमी विधायक धरमजीत सिंह ...

लगातार जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर चहुँओर विकास के द्वार खुल रहे हैं, दूसरी ओर विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। इसीलिए आज भाजपा के प्रति जन-विश्वास बढ़ा है और समाज के सभी वर्गों के सम्मानित जन लगातार भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ताकि देश आगे बढ़े, देश का मान-सम्मान बढ़े और गाँव, गरीब और किसान तरक्की करें। श्री साव ने कहा कि विधायक श्री सिंह के भाजपा प्रवेश से भाजपा को और ताकत मिलेगी। यह निश्चित रूप से भाजपा की बढ़ती हुई ताकत, बढ़ते हुए कदम का परिचायक है और हमें नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की अन्यायी, अत्याचारी, भ्रष्टचारी और वादाखिलाफी करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने में यकीनन मदद मिलेगी।भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस अवसर पर विधायक श्री सिंह सहित सभी नव भाजपा सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के आगामी विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में विजय के एक बड़े लक्ष्य की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठी है ऐसे समय में भाजपा में प्रवेश का आज का यह कार्यक्रम इस बात का संकेत है कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त वातावरण बन गया है। विधायक श्री सिंह की राजनीतिक व प्रशासनिक कार्य कुशलता की चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि वह सही समय पर सही दल में आए हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद विधायक श्री सिंह ने कहा, 'विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा में शामिल होना मेरे लिए बेहद गौरव का पल है।' श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं ने न केवल छत्तीसगढ़, अपितु समूचे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन की मिसाल पेश की है। अपनी नीति और सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पिछले 9 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और ग़रीब कल्याण के दृष्टिकोण से भारतीय राजनीति का स्वर्णकाल रहा है। श्री मोदी देश के 85 करोड़ गरीब परिवारों को निःशुल्क अनाज देने का काम कर रहे हैं, विश्वभर में भारतवर्ष का परचम लहरा रहे हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत ने विश्व-मंच पर अपनी धाक जमाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके उसको उसकी हैसियत बताई, देश में आतंकवाद को खत्म करने का काम किया, धारा 370 खत्म करके जम्मू-कश्मीर को शांति का टापू बनाया, ऐसे प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा के विजय-रथ की यात्रा को भारत में कोई भी नहीं रोक सकता। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा-भानुमती का कुनबा जोड़कर चाहे जितनी कोशिश कर ली जाए, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी को देश की सेवा करने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्हीं के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में भी भाजपा का झण्डा फहराएगा और आगामी नवंबर के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की प्रदेश सरकार बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को सौम्य, सरल-सहज हृदय व व्यक्तित्व का धनी बताते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि डॉ. सिंह ने अपने शासनकाल में गरीबों को चावल दिया, वनवासी अंचल की सेवा की, नक्सलियों पर नकेल कसी, सड़कों का जाल बिछाया, अनेक धार्मिक-सामाजिक प्रतीकों का निर्माण कराया। डॉ. सिंह के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को प्रदेश की जनता आगामी नवंबर माह में महसूस करेगी और भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करके ईडी-सीडी की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व वाली भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू प्रदेश की अपमानजनक स्थिति से उबारकर एक समग्र विकासशील प्रदेश के तौर पर देश में एक सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित किया। प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, घपलों-घोटालों पर हताशा ज़ाहिर कर विधायक श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ हिन्दुस्तान का पहला राज्य है, जहाँ बड़े-बड़े व्यापारी तो जेल गए ही, आईएएस और प्रशासनिक अधिकारी तक भी जेल में हैं। इसका मतलब है कि अराजकता की पराकाष्ठा इस प्रदेश में हो चुकी है। इस अराजकता को खत्म करने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में वह (विधायक श्री सिंह) एक विनम्र कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

# जेएमपी कालेज में रसायन की पीजी कक्षाएं प्रारंभ

तखतपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय जे एम पी महाविद्यालय तखतपुर में एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र सत्र 2023 -24 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मधुलिका लाल की उपस्थिति में डॉ राजीव शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विषय का शुभारंभ किया गया। एमएससी के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को एमएससी विषय की उपयोगिता एवं इससे संबंधित रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित कराया। विभागाध्यक्ष डॉ सीमा नेगी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ एस के पांडे, इंदु कौशल ,डॉ पार्वती पटेल, रजनी बारले, प्रिया शंकर जायसवाल, संजय यादव, सीताराम पटेल, राजेंद्र भारद्वाज, लता चंद्रवंशी, अमर सिंह आर्मो एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



**न्यायालय तहसीलदार नजूल जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202308051100006/ अ-20(1)/2022-23
ग्राम - दादरखुर्द, प.ह.नं. 21
तहसील-कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि ग्राम दादरखुर्द, प.ह.नं.-21, तहसील व जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नरंबर 871 रकबा 0.920 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 872 रकबा 0.760 हेक्टेयर घांस मद (छ.ग.शासन में दर्ज) की भूमि को आवेदक किशोर शर्मा, अध्यक्ष कमला नेहरू महाविद्यालय समिति कोरबा के नाम से आबंटित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 05/09/2023 तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार नजूल जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक - / ब-121 / 2022-23
पक्षकार :- मुरारी लाल गुप्ता पिता स्व. दुर्गा प्रसाद गुप्ता ... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरारी लाल गुप्ता पिता स्व.दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नंबर 04 प्लाट नंबर 68/58 रकबा 544 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2024 अंकित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 11/9/2023 को न्यायालयीन समय / दिवसों में स्वतः/ अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक - / ब-121 / 2022-23
पक्षकार :- श्रीमती रागिनी गुप्ता पति मुरारी लाल गुप्ता... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रागिनी गुप्ता पति मुरारी लाल गुप्ता निवासी जूनीलाईन बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जूनीलाईन शीट नंबर 18 प्लाट नंबर 41/11 रकबा 646 वर्गफीट भूमि की स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2024 अंकित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 11/9/2023 को न्यायालयीन समय / दिवसों में स्वतः/ अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक - / ब-121 / 2022-23
पक्षकार :- संजय, संदीप साधु पिता स्व. प्रभात कुमार साधु ... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय, संदीप साधु पिता स्व. प्रभात कुमार साधु निवासी जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नंबर 04 प्लाट नंबर 68/55 रकबा 3735.50 वर्गफीट भूमि की स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.24 अंकित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 11/9/2023 को न्यायालयीन समय / दिवसों में स्वतः/ अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेम प्रकाश लाठ (PREM PRAKASH LATH) पिता हरिशंकर लाठ (HARI SHANKAR LATH) निवासी ह.नं. 1043, निराला नगर, गली नं. 01 वार्ड नं. 24, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम प्रेम प्रकाश लाट (PREM PRAKASH LAT) को त्याग कर नया नाम प्रेम प्रकाश लाठ (PREM PRAKASH LATH) नया नाम रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रेम प्रकाश लाठ (PREM PRAKASH LATH) से ही जाना पहचाना जावे।

**प्रेम प्रकाश लाठ**
**(PREM PRAKASH LATH)**
ह.नं. 1043, निराला नगर, गली नं. 01 वार्ड नं. 24, पुराना बस

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पुराना नाम हुसैन अजिज जोहर पिता जोहर भाई अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम अजिज जोहर पिता जोहर भाई निवासी 24/325, बोहर मस्जिद के पास, इम्माम बाड़ा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अजिज जोहर पिता जोहर भाई से जाना एवं पहचाना जाये।

**अजिज जोहर**
24/325, बोहर मस्जिद के पास, इम्माम बाड़ा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**न्यायालय : श्रीमती गंगा पटेल, व्यवहार न्यायालधीश वर्ग-1, चांपा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**//समंस / ईश्तहार//**

व्य.वाद प्र. क्र. - 21A/ 2022
पेशी दिनांक - 04/09/2023
प्रोसेस नंबर - 616/2023
11.08.2023
पवन कुमार कर्ष वगैरह
विरूद्ध
महेत्तर धोबी वगैरह

आवेदक पवन कुमार कर्ष, उम्र- 41 वर्ष, पिता- स्व. प्यारेलाल कर्ष, निवासी-ग्राम लखुर्री, तहसील-बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद वास्ते घोषणा बाबत् वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादीगण क्रमांक -

1. महेत्तर धोबी, उम्र-33 वर्ष पिता-घासीराम धोबी, निवासी-ग्राम-लखुर्री, तहसील-बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

2. प्रणव महेश कुर्रे, उम्र-38 वर्ष, पिता-केदारनाथ कुर्रे, निवासी-दयालबंद कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

की उपस्थिति दिनांक 04/09/2023 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस/ ईश्तहार/ समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस वाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, उस दिन अपना जवाब/ उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो, पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बनायी गयी तारीख 04/09/2023 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीप:- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या मैं अवकाश पर रहता/ रहती हूं या किसी वजह से कार्य स्थगित हो जाता है, तो वाद की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थिति रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11/08/2023 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**श्रीमती गंगा पटेल**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**"ई" प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करने की सूचना**

**निविदा संख्या: वा/सा/रा/पार्सल**

**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल में "ई"-नीलामी के माध्यम से 02 वर्ष की अवधि के लिए 04/3.9 टन की एसएलआर स्पेस क्षमता के पट्टे के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। (हर ट्रेन का किराया अलग-अलग होता है)।

**निविदा खुलने का समय:** दि. **25.08.2023** को **15:00** बजे।

**वेबसाइट का नाम: www.ireps.gov.in**

**टिप्पणी:**

1. "ई"-नीलामी में भाग लेने से पहले बोलीदाता को हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध "ई"-नीलामी के सभी प्रावधानों / नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ना चाहिए।
2. विषय "ई"-नीलामी रेलवे बोर्ड के परिपत्रों के अनुसार शासित है।
I - 2022 का माल विपणन परिपत्र संख्या 11 (सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04, दिनांक 13.06.2022) और समय-समय पर इसके संशोधन।
II - 2022 का माल विपणन परिपत्र संख्या 12 (सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04, दिनांक 14.06.2022) और समय-समय पर इसके इसके संशोधन।
3. अनुबंध की मानक शर्त और अनुबंध के लिए विशेष शर्तें "ई"-नीलामी के माध्यम से दिए गए अनुबंधों पर लागू होगी।
4. अधिक जानकारी के लिए आप वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय परिसर, आरवीएच कॉलोनी, वाल्टेयर लेवल क्रॉसिंग के पास, रायपुर (सी.जी.) के कार्यालय पते पर संपर्क कर सकते हैं।

**विषय ई-नीलामी पर रेलवे प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।**

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**

PR/R/SR.DCM/PC/113
South East Central Railway @secrail

# देश

उवाच

“ जबरदस्त संकटों का सामना कर रहे राज्य के शिक्षित युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर और विविध रोजगार के अवसर पैदा करने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर नहीं होने के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में से एक है।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 28.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# जनविश्वास बनाए रखें जनप्रतिनिधि : ओम बिरला

- लोस अध्यक्ष ने उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के सम्मेलन का किया उदघाट्न
- सभी स्पीकरों से निष्पक्षता के साथ सदन की कार्यवाही चलाने का किया आह्वान

**उदयपुर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडल, चाहे वह संसद हो या राज्य विधान सभाएं और विधान परिषदें, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए, जन प्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे विधायिका में लोगों के विश्वास को बनाए रखें। बिरला ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना जन प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि विधानमंडल लोगों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत करने और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए। सुशासन में विधानमंडलों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि विधायी कामकाज




**जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण व शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े : ओम बिरला**

में जन-केंद्रित शासन पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण और शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े तथा विधायी संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों पर लोगों का विश्वास और अधिक गहरा और मजबूत हो। बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि जनता की विधायकों से यह आशा होती है कि वे जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए विधान सभाओं में सार्थक चर्चा करेंगे और यह तभी हो सकता है जब जनप्रतिनिधि उच्च मानकों के अनुसार आचरण और कार्य करें तथा सदन और सार्वजनिक जीवन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। इस संदर्भ में बिरला ने पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और तटस्थता पर जोर देते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह विशेष जिम्मेदारी है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुसार आचरण करें और सुनिश्चित करें कि सदन का संचालन निष्पक्ष रूप से हो। बिरला ने कहा कि जब कोई सदस्य पीठासीन अधिकारी के पद पर आसीन होता है, तो उसकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पीठासीन अधिकारी इस सर्वोच्च पद की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए सभी संभव प्रयास करेंगे। बिरला ने आगे कहा कि विधानमंडल राजनीतिक पक्षपात से ऊपर उठकर सभी मुद्दों पर बहस और चर्चा के लिए हैं।

### हरिवंश ने की सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना

राज्यसभा के उप सभापति, हरिवंश ने सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश के विधानमंडलों के समक्ष आने वाली गंभीर चुनौतियों पर पीठासीन अधिकारियों की चर्चा के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मंच पर नवीन विचारों और अनुभवों को साझा करने से सुशासन बढ़ेगा। सम्मेलन के विषय पर बात करते हुए हरिवंश ने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित विकास के इस युग में यह अपरिहार्य है कि बेहतर शासन मानकों के लिए और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल इंटरवेंशन जीवन का अभिन्न अंग बनें। सूचना संचार प्रौद्योगिकी के क्रांतिकारी प्रभाव के संदर्भ में, हरिवंश ने कहा कि शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिली है, बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि जनकल्याणकारी लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचें जो उनके हकदार हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार नागरिकों को प्रभावी सेवाएं प्रदान करती है, तो शासन में उनका विश्वास बढ़ता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। स्वागत भाषण देते हुए राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी ने इस बात का उल्लेख किया कि राजस्थान ने संसदीय लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं की स्थापना में अग्रणी योगदान दिया है।

## सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक : गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि आईटी की परिकल्पना हमारे नेताओं द्वारा की गई थी जिन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से अपनाए जाने के लिए मिशन मोड पर काम किया था। गहलोत ने आगे कहा कि विधान सभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी ने पिछले पांच वर्षों में सीपीए को मजबूत किया है और उनके प्रयासों से विधानमंडल की कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मेलन में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में जन प्रतिनिधियों के कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। गहलोत ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी से बदलाव आ रहे हैं ।

# मुशाल को विशेष सलाहकार बनाना पाक का आंतरिक मामला : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू**,21 अगस्त (एजेंसियां)। जेल में बंद अलगाववादी नेता यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक को पाकिस्तान के नवनियुक्त कार्यवाहक प्रधानमंत्री की सरकार में विशेष सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। इसको लेकर सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक की पत्नी की नियुक्ति पड़ोसी देश का आंतरिक मामला है। मुशाल हुसैन को मानवाधिकार और महिला सशक्तिकरण मामलों के विशेष सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। अब्दुल्ला ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में संवाददाताओं से कहा, क्या हम पाकिस्तान से सलाह करके मंत्री नियुक्त करते हैं। फिर हमें उनसे यह अपेक्षा क्यों करनी चाहिए कि वे अपने मंत्री नियुक्त करने से पहले हमसे परामर्श करेंगे। यह उनका आंतरिक मामला



है और हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। वहीं चीन द्वारा लद्दाख में भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने के राहुल गांधी के बयान पर बोलने से इनकार किया है। बता दें कि मुशाल ने कई वर्षों तक कश्मीर और भारत विरोधी अभियान चलाया है। उन्होंने 22 फरवरी 2009 को रावलपिंडी में अलगाववादी नेता यासीन मलिक से शादी की। दोनों की मुलाकात तब हुई जब यासीन 2005 में पाकिस्तान के दौरे पर था। मुशाल ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

## महबूबा ने भाजपा को दी पाक से सीख लेने की नसीहत

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार को पाकिस्तान की अंतरिम सरकार में मुशाल मलिक के नामांकन से सबक लेना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा कि पाकिस्तान उन लोगों को पुरस्कृत कर रहा है जो सोचते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर पर उनके विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा सरकार उन लोगों को दंडित कर रही है जो जम्मू-कश्मीर में भारत के विचार का समर्थन करते हैं और उसका प्रचार करते हैं।

## सार संक्षेप

### दक्षिण कश्मीर में मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भागे

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के परिगाम इलाके में सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग खड़े हुए। सुरक्षाबलों को परिगाम इलाके में गत रविवार शाम को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद, उनके उस स्थान पर पहुंचते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने अंधेरा अधिक होने जाने की वजह से ऑपरेशन रोक दिया था।

### त्रिपुरा में दस करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

**अगरतला।** राज्य में अब तक की सबसे बड़ी नशीली दवाओं की बरामदगी में से एक में, त्रिपुरा पुलिस ने सोमवार को 10 करोड़ रुपये मूल्य की 1.3 किलोग्राम हेरोइन जब्त की और इस संबंध में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। उत्तरी त्रिपुरा जिले के पुलिस अधीक्षक भानुपद चक्रवर्ती ने कहा कि साबुन के कई डिब्बों में मौजूद मादक पदार्थ टाटा सूमो वाहन में ले जाया जा रहा था, जो दक्षिणी असम से आ रहा था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हमने उत्तरी त्रिपुरा जिले के चुराइबारी में एक चौकी बनाई और वाहन को रोका। तीन ड्रग तस्कर ड्रग्स के साथ वाहन में यात्रा कर रहे थे। गिरफ्तार ड्रग तस्करों को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अब हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है।

### पानी के टैंकर की चपेट में आई बच्ची की मौत

**चेन्नई।** सोमवार को एक 10 वर्षीय लड़की की उस समय मौत हो गई, जब वह मां के साथ जिस स्कूटी पर जा रही थी उसका संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिर गईं। उनके पीछे तेज गति से आ रहा पानी का एक टैंकर बच्ची के ऊपर से गुजर गया। लियोरा अपनी मां कीर्ति के साथ स्कूल जा रही थी। स्कूटी चलाते समय कीर्ति ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और दोनों मां-बेटी सड़क पर गिर गईं। पुलिस ने बताया कि टैंकर से कुचलने के बाद लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने बताया कि लियोरा श्री शहर के मडिपक्कम इलाके में एक निजी स्कूल की कक्षा पांच की छात्रा थी।

### तेलंगाना में विमान यात्री से 20.59 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के निकट शमशाबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सोमवार को एक यात्री से 20.59 लाख रुपए मूल्य का 397 ग्राम सोना जब्त किया। सीमा शुल्क विभाग के सूत्रों ने बताया कि शारजाह से विमान से आए यात्री के पास से सोना जब्त किया।

# कर्नाटक कांग्रेस मंत्री के खिलाफ फर्जी पत्र मामले में दो हिरासत में

**बेंगलुरु**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को कृषि मंत्री एन चालुवरायस्वामी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए लिखे गए कथित फर्जी पत्र को लेकर



अपराध जांच विभाग ने मैसूरु जिले से कृषि विभाग के दो अधिकारियों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये सहायक कृषि निदेशक गुरुदत्त और कृषि अधिकारी शिवप्रसाद से पुलिस पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए लोग कथित तौर पर मांड्या के सात कृषि अधिकारियों के नाम पर एक पत्र लिखने में शामिल थे, जिसमें आरोप लगाया गया था कि श्री चालुवरायस्वामी ने संयुक्त निदेशक के माध्यम से पोस्टिंग के लिए रिश्वत की मांग की थी। विपक्ष द्वारा राज्य सरकार पर सवाल उठाए जाने के बाद सिद्दारमैया ने अगली कार्रवाई में फर्जीवाड़े की सीआईडी जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान सीआईडी ने पता लगाया कि पत्र मैसूर के सरस्वतीपुरम डाकघर के माध्यम से भेजा गया था। पूछताछ के बाद, दो अधिकारियों को हिरासत में लिया गया। राज्यपाल को हालांकि पत्र भेजने में उनकी भूमिका पर अभी भी दुविधा बनी हुई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि राज्यपाल को पत्र किसने लिखा? मंत्री चालुवरायस्वामी ने आरोप लगाया था कि यह पत्र फर्जी है। मांड्या के संयुक्त निदेशक ने पुलिस को बताया था कि कार्यालय में केवल चार अधिकारी थे, लेकिन राज्यपाल को लिखे पत्र पर सात हस्ताक्षर थे।

# महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में की कामयाबी हासिल : मुर्मू

- राष्ट्रपति ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम में की शिरकत
- राष्ट्रपति ने नारी शक्ति को सराहा

**नई दिल्ली**,21 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नारी शक्ति की तारीफ की और कहा कि महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है और वह मिसाइलों से लेकर संगीत, हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं। बता दें कि दिल्ली में मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू भी शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं सभी वीर नारियों को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी कहावत है कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला होती है लेकिन अब ऐसा कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ एक महिला होती है। आर्मी वाइव्स वेलफेयर




**मिसाइल से संगीत तक महिलाओं ने बहुत कुछ हासिल किया : द्रौपदी मुर्मू**

एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने राष्ट्रपति की तारीफ की और उन्हें खुद नारी शक्ति का उदाहरण बताया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अस्मिता का प्रचलित अर्थ असीमित क्षमता के बोध से है और इन बहनों ने इसे सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नारी समुदाय में आत्म गौरव का भाव होने से गौरवशाली समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। उन्होंने कुछ पुराने विचारों को छोड़ने और नए विचारों को अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी नारी है, आज देश आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश निरंतर आगे बढ़ने को प्रयासरत है। दरअसल, मुर्मू ने कहा कि उनकी मुलाकात अनेक ऐसी महिलाओं से हुई है जो परिश्रम के बल पर और चुनौतियों को पार करते हुए सफलता के शिखर पर पहुंची हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि वीर-नारी बहनों के कल्याण के लिए 'आह्वान' नामक योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 'आवा' द्वारा यहां प्रदर्शित की गई उद्यमिता प्रदर्शनी से भारत की नारी प्रतिभा की सुंदर झलक देखने को मिली है।

## राष्ट्रपति ने की आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की तारीफ

साथ ही आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की भी राष्ट्रपति ने तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान सेना के जवान से शादी करने वाली एक उद्यमी महिला और झारखंड की एक टीचर, जो कि वीर नारी हैं, अपने अनुभव साझा किए। दोनों महिलाओं को सुनने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दोनों महिलाओं की दर्दभरी कहानियां सुनने, या कहें कि दृढ संकल्प और समर्पण की कहानी सुनकर रूह कांप गईं। इसलिए ही इसे नारी शक्ति कहा जाता है।

# केंद्र सरकार के सौतेले रवैए से बिहार में पीएमएवाई का कार्यान्वयन बाधित : जदयू

**पटना**,21 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के बयान कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) का लक्ष्य पूरा करने में बिहार विफल रहा है को निराधार बताया और कहा कि केंद्र के सौतेले रवैये के कारण प्रदेश में पीएमएवाई (ग्रामीण) के कार्यान्वयन में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। कुमार ने सोमवार को यहां मोदी के बयान का खंडन करते हुए कहा कि उनका यह बयान निराधार एवं आंकड़ों से मेल नहीं खाता है। कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की यह हमेशा सोच रही है कि सभी आवासविहीन लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2014-15 से वर्ष 2022-23 की अवधि में इंदिरा आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कुल मिलाकर राज्य में 42 लाख 38 हजार 109 आवासों का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा बिहार को दिया गया था, जिसमें से वर्ष 2018-19, वर्ष 2022-23 एवं चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक भी आवास का लक्ष्य राज्य को नहीं मिला।



- सभी आवासविहीन लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सोच : श्रवण कुमार

## आठ हजार लक्ष्य केंद्र सरकार ने वापस लिया

मंत्री ने बताया कि राज्य की प्रतीक्षा सूची में स्थलविहीनों के लिए आरक्षित लक्ष्य, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा वास भूमि उपलब्ध कराते हुए आवास का लाभ दिए जाने की योजना थी उनमें से भी लगभग आठ हजार लक्ष्य केंद्र सरकार ने वापस ले लिया। अभी वर्तमान में प्रतिदिन पूर्ण किए जाने आवास की औसत संख्या 500 है एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 01 अप्रैल 2023 के बाद से अब तक पूर्ण आवासों की संख्या 81 हजार 466 है। बिहार के नोडल खाता में मोदी द्वारा बताई राशि से लगभग 354 करोड़ रुपए राशि कम है। वर्तमान में यह राशि तीन हजार 138 करोड़ रुपए है, जिससे आवास के निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

## हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक गिरफ्तार

**हैदराबाद**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के लकड़ीकापुल में स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के विद्या स्वयंसेवकों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रघुनंदन राव को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह प्रदर्शन विद्या स्वयंसेवकों के पदों के नवीनीकरण की मांग को लेकर किया। विद्या स्वयंसेवकों ने अपने अनुबंध के नवीनीकरण



और तीन महीने के लंबित वेतन के निपटान के लिए स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के सामने सड़क पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक विधायक रघुनंदन राव विद्या स्वयंसेवकों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और विद्या स्वयंसेवकों के बीच हुई बहस से तनाव बढ़ गया। इस बीच पुलिस ने रघुनंदन राव को हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें नामपल्ली पुलिस थाना ले जाया गया।

# स्नातकों को वैज्ञानिक स्वभाव वाला बनाएं विवि के कुलपति : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दामैया ने सोमवार को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से स्नातकों को वैज्ञानिक स्वभाव और तर्कसंगत सोच से लैस करने को कहा। उन्होंने कुलपतियों और उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा, विश्वविद्यालयों से निकलने वाले अज्ञानता से युक्त, वैज्ञानिक स्वभाव और तर्कसंगत सोच से रहित स्नातकों का क्या उपयोग है? क्या वे देश, राज्य और समाज के लिए उपयोगी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे स्नातक तैयार करना चाहिए जो वैज्ञानिक, बौद्धिक, आर्थिक और सभ्य तरीके से देश का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर वे अज्ञानता से भरकर विश्वविद्यालयों से बाहर आएंगे, तो न देश, राज्य और न ही अपने भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। बैठक में 32 सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों



और उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कर्नाटक राज्य सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 36 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय जीईआर 27.4 प्रतिशत है। बैठक के दौरान 2030 तक जीईआर को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करने का भी निर्णय लिया गया। कर्नाटक में पुरुष जीईआर 34.8 प्रतिशत, महिला जीईआर 37.2 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 25.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति 23.4 प्रतिशत है। कर्नाटक के 32 विश्वविद्यालयों में लगभग 1.31 लाख छात्र पढ़ते हैं।

- विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग की बैठक

आह्वान — *दवाओं को सस्ता करने का उपराष्ट्रपति ने किया आह्वान,कहा*

# जरूरतमंदों के लिए विनाशकारी हो सकता है व्यावसायीकरण

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। एम्स दिल्ली के 48 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का कोई विकल्प नहीं है। इस प्रमुख संस्थान ने वैश्विक मान्यता अर्जित की है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया, एम्स निदेशक एम श्रीनिवास।**

और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दवाओं को सस्ता करने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यावसायीकरण जरूरतमंदों के लिए विनाशकारी हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स के 48वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दवाओं को सस्ता करने और आम लोगों की पहुंच में बनाएं रखने पर जोर दिया जाना चाहिए। हर क्षेत्र में




- देश में एम्स का कोई विकल्प नहीं : धनखड़

व्यावसायिकता के उच्च मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि थोड़ी सी ढील, थोड़ा सा व्यावसायीकरण, थोड़ा सी अनैतिकता जरुरतमंद लोगों के लिए विनाशकारी हो सकती। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं दर्जनों बार एक मरीज के रूप में यहां आया हूं। यहां के डॉक्टरों का समर्पण अद्वितीय है। क्या आप रोगी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, भागीदारी और समर्पण को हरा सकते हैं। धनखड़ ने आगे कहा कि वह कानूनी पेशे से आते हैं और वह समझते हैं कि प्रोफेशनलिज्म रुख का क्या मतलब है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि थोड़ी सी नरमी, थोड़ा सा व्यावसायीकरण, थोड़ा सा नैतिक विचलन उन लोगों के लिए बुरा हो सकता है जिनकी हम सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी संस्थान की ताकत उसके कर्मचारी होते हैं, मैं उन सभी कर्मचारियों और आज डिग्री लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देता हूं। धनखड़ ने आगे कहा कि आप अपने पूरे जीवन में उस शिक्षक को याद रखेंगे, जिन्होंने आपको पढ़ाया, क्योंकि उन्होंने आपको मार्गदर्शन दिया है। मुझे यकीन है कि आप उन्हें कभी निराश नहीं करेंगे। उपराष्ट्रपति ने कोविड महामारी का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब हर कोई महामारी की चुनौतियों का सामना कर रहा था तो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने जोखिम उठाया और हमारी रक्षा के लिए आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कोविड लॉकडाउन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में किसी ने भी व्यापक भागीदारी की रणनीति के बारे में नहीं सोचा जैसा कि प्रधानमंत्री ने किया। पूरे देश ने इसमें सहयोग किया। इससे कोविड को रोकने और उससे निपटने के सभी मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम मिले।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 22 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्ख़ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्व ऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निज़ाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं- वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो-हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था।

2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा ज़रूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर-भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था।

निज़ाम बदला। हुक्मरान बदले; और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी-पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40-45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीज़ल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं?

इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये।

मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है- फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है। इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चैनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि- 'परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?', तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा-'यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?' उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की ज़रूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

## लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी

लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के अपने दसवें और वर्तमान कार्यकाल के आखिरी संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह अपने लिए असाधारण ऐतिहासिक भूमिका का सबसे ऊंचा आसन गढ़ने की कोशिश की है, उसके अलग-अलग तत्वों पर तो लोगों का फिर भी ध्यान गया है, लेकिन उसकी समग्रता पर काफी कम लोगों ने ही ध्यान दिया है। इसे देखते हुए, पी चिंदबरम का इंडियन एक्सप्रैस के अपने रविवारीय स्तंभ में यह ध्यान दिलाना दोहराए जाने का हकदार है कि प्रधानमंत्री मोदी, जब भारत के हजार साल की ''गुलामी'' पार कर के अमृतकाल के आरंभ के वर्तमान मुकाम पर पहुंचने की बात कर रहे थे, जहां उनके दावे के अनुसार अगले हजार साल की नींव रखी जा रही है, तो वह सिर्फ तात्कालिक तथा यहां तक कि मध्यम कालिक चिंताओं तक से ध्यान हटाने का पैंतरा ही नहीं आजमा रहे थे। इसके साथ ही वह खुद को हजार-हजार वर्ष के दो युगों की संधि पर, भारत का नेतृत्व कर रहे, असाधारण ''युग पुरुष'' के पैडस्टल पर खड़ा करने की बहुत सचेत कोशिश भी कर रहे थे। यह दूसरी बात है कि उनके पौने दो घंटे लंबे, बिखरे-बिखरे, शोरभरे किंतु निष्प्राण, धुरीहीन भाषण ने, इस सायास गढ़ी जाने वाली अभूतपूर्व ''महत्ता'' के संदेश के प्रसार को, बहुत हद तक खुद ही बाधित कर दिया।

''एक हजार साल'' के आगे के कालखंड पर प्रधानमंत्री मोदी के जोर देने की, नाजी जर्मनी के सुप्रीमो एडोल्फ हिटलर की ऐसी ही भविष्य प्रस्तुति से समानता ने बेशक, कई टिप्पणीकारों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऐसे बड़े भविष्य फलक की उपयोगिता जाहिर है कि सर्वोच्च नेता का कद बढ़ाकर उसका सिर बादलों तक पहुंचा देने के लिए भी है और उसकी तात्कालिक प्रकट विफलताओं को महत्वहीन या तुच्छ बनाकर गायब कर देने के लिए भी। लेकिन, उनके अनुसार एक हजार काल के जिस कालखंड को पार कर भारत मौजूदा मुकाम पर पहुंचा है, उसकी प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तुति और खासतौर इस पूरे कालखंड के ''गुलामी'' का दौर होने के उनके दावे के निहितार्थों पर, शायद उतना ध्यान नहीं दिया गया है, जितना उनमें छुपे खतरनाक संदेशों को देखते हुए दिए जाने की जरूरत है।

बेशक, यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक हजार साल की गुलामी' की बात की है। चंद हफ्ते पहले, अमेरिका की अपनी सरकारी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यही राग अलाप कर, इससे भी ज्यादा चौंकाया था। बेशक, उस समय भी लोगों के चौंकने की वजह यह हर्गिज नहीं थी कि नरेंद्र मोदी पहली बार ऐसा दावा कर रहे थे। एक जुमले की तरह 'एक हजार साल की गुलामी' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से जब-तब इस्तेमाल करते आ रहे थे। और ऐसा होना स्वाभाविक ही था क्योंकि संघ-भाजपा के इतिहास बोध में, 'एक हजार साल की गुलामी' की धारणा हमेशा से ही, केंद्रीय धारणा की तरह बनी रही है। हां, यह दूसरी बात है कि मोदीशाही के नौ साल से ज्यादा के दौरान, आधिकारिक इतिहास लेखन व शोध से लेकर, इतिहास की पाठ्य पुस्तकों तक और जाहिर है कि खासतौर सोशल मीडिया समेत जन-संवाद में, बढ़ते जोर के साथ तथा ऊंची आवाज में इसका दावा किया जाने लगा है। फिर भी, प्रधानमंत्री के अमेरिका के संबोधन तक इस दावे का पहुंचना, इसलिए चौंकाता था कि अब तक विदेश में ज्यादा सख्त छानबीन की आशंका से, औपचारिक रूप से ऐसे बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संकेत देने से बचा जाता रहा था। बहरहाल, अब मोदी से उस संकोच को भी त्याग दिया है। और अब लाल किले के संबोधन के साथ तो इस धारणा को, एक तरह से मोदीराज का आधिकारिक सिद्धांत ही घोषित कर दिया गया है।



राजेन्द्र शर्मा

> प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है-अल्पसंख्यकों की चिंता।

प्रधानमंत्री मोदी को शायद इसकी जानकारी नहीं हो, भारत की 'एक हजार साल की गुलामी' की अवधारणा, सीधे-सीधे ब्रिटिश औपनिवेशिक राज की उतरन है, जो संघ ने शुरू से पहनी हुई है। ब्रिटिश राज के हिस्से के तौर पर, भारत पर एक इतिहास-काल बोध भी थोपा गया था। इसकी रूपरेखा जेम्स मिल ने पेश की थी और ब्रिटिश राज के पूरे दौर में थोड़े-बहुत हेर-फेर के साथ इसी नजरिए का बोलबाला बना रहा था। इस नजरिए के हिसाब से भारत का ब्रिटिश-पूर्व इतिहास, दो हिस्सों में बांटा जा सकता था। ग्यारहवीं शताब्दी से शुरू हुआ मुस्लिम काल और उससे पहले का हिंदू काल। लेकिन, बात सिर्फ इस तरह के काल विभाजन के ऐतिहासिक रूप से गलत होने की नहीं थी। इस कथित मुस्लिम काल में ही चोल, गजपति, अहोम, काकतीय, विजयनगर राज, मेवाड़ और आगे चलकर मराठा जैसे प्रभावशाली राज भी रहे थे, हालांकि पहले सल्तनत तथा बाद में मुगल शासन के अंतर्गत उत्तरी भारत का बड़ा हिस्सा आता था। इस काल विभाजन की असली बात यह थी कि यह इतिहास को सिर्फ शासक के धर्म के नजरिए से देखकर, भारत के संदर्भ में देशी-विदेशी तय करने की कोशिश करता था। और हिंदू प्रजा, मुसलमान राजा के एक स्थायी टकराव की अपनी संकल्पना के जरिए, ब्रिटिश राज को वास्तव में हिंदुओं के उद्धारक के रूप में पेश करने की कोशिश करता था। ब्रिटिश सामराजी हुकूमत में यह खेल कितने सचेत रूप से खेला जा रहा था, इसका अंदाजा इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1842-44 के दौरान भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड एलनबरो ने 1842 में इसका ऐलान किया था कि कथित 'सोमनाथ के दरवाजे' अफगानिस्तान से ईस्ट इंडिया कंपनी नियंत्रित इलाके में लाकर, ब्रिटिश सेनाओं ने भारतीयों के 'आठ सौ साल के अपमान' का 'बदला' ले लिया था!

हैरानी की बात नहीं है कि एक ओर आरएसएस-परिवार और दूसरी ओर उसके मुस्लिम समकक्षों ने, भारत के इतिहास की इस सामराजी प्रस्तुति को ज्यों का त्यों हजम कर लिया था। जैसाकि ब्रिटिश हुकूमत चाहती थी, उनकी लड़ाई एक-दूसरे के खिलाफ और ब्रिटिश हुकूमत के संरक्षण के लिए थी। यह दूसरी बात है कि भारतीय इतिहास की वास्तविक धारा की दिशा कुछ और ही थी, जिसका परिचय 1857 के विद्रोह से मिल गया था, जिसे प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब, साम्राज्यवाद के खिलाफ तब तक का सबसे बड़ा विद्रोह मानते हैं। आगे चलकर इसी वास्तविक इतिहास का प्रतिनिधित्व, ब्रिटिशविरोधी राष्ट्रीय आंदोलन करता था। हैरानी की बात नहीं है कि संघ समूह और उसके मुस्लिम समकक्ष, सचेत रूप से इस राष्ट्रीय आंदोलन से न सिर्फ बाहर ही रहे थे बल्कि वास्तव में उसके खिलाफ ही रहे थे। यह दूसरी बात है कि संघ-परिवार की इस भूमिका पर पर्दा डालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इस झूठ का सहारा लेने की कोशिश की थी कि 'कोई नहीं था जिसने तब स्वतंत्रता के लिए त्याग नहीं किया होगा।' जमींदार, राजे-रजवाड़े, महंत-मठाधीश, व्यापारी, संप्रदायवादी; ब्रिटिश राज के फर्माबरदार भी अंत-अंत तक बहुत थोड़े नहीं थे!

स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी आंदोलन ने, उसके इतिहास लेखन ने, ब्रिटिश उपनिवेशिवादियों द्वारा प्रचारित इतिहास को भी चुनौती दी। उसने खासतौर पर भारत में कथित मुस्लिम काल को, यूरोपीय इतिहास के मध्ययुग की तरह, अवरुद्ध विकास का काल बनाकर पेश किए जाने की कोशिशों को चुनौती दी। इस क्रम में राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने 1857 तथा उसके बाद के इतिहास को ही ब्रिटिश-विरोधी राष्ट्रवाद की नजर से नहीं देखा, मध्यकालीन शासनों को भी एक समावेशी राष्ट्रवादी नजर से देखा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी इससे ठीक उल्टे चलते हुए, संघ के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक नजरिए से ही संचालित होकर, इन शासनों मात्र को 'विदेशी' तथा इनके विरुद्ध जो कुछ भी रहा हो उसे 'राष्ट्रीय' बनाने की कोशिश करते हैं। दुर्भाग्य से संघ की यह सांप्रदायिक इतिहास दृष्टि, राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की एक कमजोरी का बहुत फायदा उठाती है। ब्रिटिश श्रेष्ठतावाद के मुकाबले के लिए, राष्ट्रवादी इतिहास दृष्टि ने, मुस्लिम-पूर्व भारत के हिंदू भारत के रूप में यूरोपीय महिमामंडन को, जिसके पीछे स्पष्ट सामराजी कार्यनीति थी, कमोबेश अनालोचनात्मक तरीके से हजम कर लिया था। इस तरह, 'हिंदू भारत' के एक प्रकार के 'स्वर्ण युग' माने जाने की सामराजी विरासत सुरक्षित बनी रही, जिसने एक स्वतंत्र, समानतापूर्ण, जनतांत्रिक भविष्य गढ़ने के तकाजों के मुकाबले, बीते हुए 'स्वर्ण युग की वापसी' की पुकारों के लिए जगह मुहैया कराई। इसे हम आज कथित सनातन पर वापसी की पुकारों में देख रहे हैं। दूसरी ओर, खासतौर पर मुस्लिम को 'विदेशी' का पर्याय बनाया जा रहा है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ने लाल किले के अपने भाषण में 'हजार साल की गुलामी' के मुकाबले की 'परंपरा' और शक्तियों की दुहाई यह साफ कर दिया है कि वह आने वाले दिनों में और जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के अगले चक्र के लिए और फिर आम चुनाव के लिए, बहुसंख्यक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का ज्यादा से ज्यादा खुलकर इस्तेमाल करेंगे। वास्तव में इसका एक और संकेत तो तभी मिल गया था जब कर्नाटक के चुनाव में भारी हार के फौरन बाद, प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की मांग उछाल दी थी, जिसके संबंध में उन्होंने यह भी स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रहने दी थी कि यह सिर्फ मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ मुहिम का मामला है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है-अल्पसंख्यकों की चिंता। प्रधानमंत्री ने जिस तरह इसे ''बर्बाद'' करने वाला बताया है और खासतौर पर सामाजिक न्याय को बर्बाद करने वाला बताया है; उसका संकेत स्पष्ट है कि अब अल्पसंख्यकों के जिक्र को भी एक प्रकार से अपराध बनाकर हमले का निशाना बनाया जाएगा और यह हमला किया जाएगा इसके नाम पर कि इससे, दलित आदि अन्य वंचितों के हक मारे जा रहे हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

## म.प्र. में भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची ने बढ़ाई अन्तर्कलह

मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों के दो कदमों ने न केवल दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को बल्कि आम जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया है।

इन दो कदमों में सत्तारूढ़ भाजपा का भी एक कदम शामिल है जिसके तहत उसने तीन महीने बाद होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसकी आधिकारिक घोषणा के भी पहने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस पहली सूची में विधानसभा की वे 39 सीटें हैं जहां से पार्टी 2018 के विधान सभा चुनाव में हार गई थी अर्थात ये उम्मीदवार ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जहां पार्टी को 2018 के आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इस घोषणा के समय ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शायद यह पहली बार है कि मतदान के तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। दूसरा कदम कांग्रेस का है जिसने चुनाव की तारीखों से काफी पहले ही भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर दिया है।



एल एस हरदेनिया

> भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी।

हालांकि भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी, भाजपा ने न केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं जहां वह 2018 में हार गई थी बल्कि पार्टी उम्मीदवार लगातार एक के बाद एक चुनाव हारते रहे हैं।

सूची से असंतुष्ट भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह इसके विपरीत कि चुनाव से करीब तीन महीने पहले सूची जारी कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा कड़ी टक्कर देने जा रही है और राज्य में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही है। वह हर सीट पर लड़ेगी। प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस सूची से कार्यकर्ताओं को संगठित और सक्रिय किया जायेगा। विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही वे अपने घरों से निकलकर मैदान में उतरेंगे। इसे कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली कुछ सीटों को जीतने के लिए पर्याप्त समय के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। 13 आदिवासी उम्मीदवारों की घोषणा का मतलब आदिवासी मतदाताओं को भगवा पार्टी की ओर वापस लाना भी था।

राजकुमार कराठे के गुरुवार सुबह 'आप' से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बालाघाट के लांजी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। इसके विरोध में सीट से पार्टी के पूर्व विधायक रमेश भटेरे के समर्थकों ने राजकुमार कराठे के खिलाफ नारे लगाते हुए लांजी की सड़कों पर भाजपा के झंडे के साथ जुलूस निकाला। 'राजकुमार को झाड़ू मारो' उनका नारा था।

'केंद्रीय नेतृत्व को पता होना चाहिए कि उन्होंने उस व्यक्ति को टिकट दिया है जो आज भी पार्टी का प्राथमिक सदस्य नहीं है। शुक्रवार तक वह आप के साथ थे और लगातार भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। हमारी मांग है कि 'इस फैसले को बदला जाये,' रमेश भटेरे के एक समर्थक ने कहा।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव को मैदान में उतारने का भी विरोध किया जा रहा है, यह सीट उन्होंने 2008 में 7,508 वोटों के अंतर से और 2013 में 2,217 वोटों से जीती थी। जब निर्वाचन क्षेत्र में उनका अंतर कम हो गया, तो पार्टी ने उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ा मलाहरा निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया, जहां वह कांग्रेस के प्रद्युम्न सिंह लोधी (अब भाजपा में) से 15,779 मतों के अंतर से हार गईं। बड़ा मलाहरा में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनकी सीट थी।

भाजपा ने दो बार छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं अर्चना गुड्डू सिंह को छतरपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। अर्चना सिंह 2018 का चुनाव भी 3,496 वोटों के अंतर से हार गई थीं। अब सवाल पूछा जा रहा है कि पार्टी ललिता यादव को छतरपुर से क्यों मैदान में उतारेगी, जबकि 2013 में उनकी जीत का अंतर बहुत कम था और 2018 में बड़ा मलेहरा में हार गई थीं? छतरपुर में अर्चना सिंह की हार काफी कम वोटों से हुई थी। ललिता यादव के नाम की घोषणा होते ही अर्चना सिंह के समर्थकों ने छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर विरोध रैली निकाली। उन्होंने नारे लगाए- 'टिकट वापस करो'।

पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि छतरपुर में ललिता यादव की उम्मीदवारी का उद्देश्य जिले और आसपास के खरगापुर, निवारी, पृथ्वीपुर, देवरी, सुरखी और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों में जातिगत समीकरण को संबोधित करना है। जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए, पार्टी ने रणनीतिक रूप से प्रीतम लोधी को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें पिछले साल ब्राह्मणों के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

दूसरी ओर जब कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया तो वह काफी स्मार्ट नजर आईं। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र जारी किया। इसे घोटाला पत्र कहते हुए, कांग्रेस ने अपने आरोप पत्र में भाजपा सरकार पर मध्य प्रदेश में अपने 18 साल के शासन के दौरान कथित तौर पर 50,000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाला समेत 254 घोटालों का आरोप लगाया।

इन आरोपों में शामिल है 86,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 11,000 करोड़ रुपये का सीवरेज निर्माण घोटाला, 94,000 करोड़ रुपये का बिजली घोटाला, और 100 करोड़ का महाकाल निर्माण घोटाला भी।

कांग्रेस ने दावा किया कि आरोप राज्य विधानसभा में सवालों के सरकार के जवाब सहित दस्तावेजी सुबूतों पर आधारित है जिन्हें सीएजी और लोकायुक्त ने प्रस्तुत किया था। अनेक तो सीबीआई के दस्तावेज से लिये गये हैं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर अन्य करोड़ों रुपये के घोटालों का भी आरोप लगाया जो सीधे आम जनता से जुड़े हैं - जैसे 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ रुपये का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनवाड़ी नल-जल घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम घोटाला और 800 करोड़ रुपये का भर्ती घोटाला।

## गुरवाणी विचार

### हरि बिन अवर न देखो कोई

अन्तर गुरु आराधना जिन्हा जपगुरु नावो।  
नेत्री सतगुरु, पेखना, सरबनी सुनना गुरू नावों।  
सतगुरु सेती रतिया-दरगाहि पाइये धावों।  
कहां नानक किरपा करे जिसन ऐह नत दे  
जग मेहि उदय उदव काटके, बिरले कैई के।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा अर्जुन देव पांचवें नानक फरमा रहे हैं कि हम इंसानों को इस मानवदेही को पाकर किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। सब से पहले हमें अमृत वेले (तड़के) उठकर प्रभु नाम का जाप सिमरन करना चाहिए। अमृत वेले सच नावौं वडिआई विचार। फिर हमें प्रभु परमात्मा ने जिव्हा इसलिए दी है कि हमें इससे प्रभु परमात्मा की वाणी का पाठ करते रहना चाहिए। पराई निंदा चुगली करने में समय बिताना चाहिए- रसना गुण गोपाल निधि गायन। सां सहस रहस मन उपजियो। सगले दुख पलयिन।। फिर प्रभु परमात्मा ने सुंदर आंखें दी हैं, उससे प्रभु दर्शन करने हेतु गुरु द्वारा मंदिर, मस्जिद आदि जाना चाहिए न कि इन नेत्रों को गंदे नाटक चेटक देखने में लगाना चाहिए।

ऐ नेत्रों मेरियो हरि तुममें जोति रखी  
हरि बिन अवर न देखो कोई।।

फिर हमें दो सुंदर कान दिए हैं उससे हमें हर वक्त प्रभु जस श्रवण करते रहना चाहिए न कि इन कानों को पराई निंदा चुगली में लगाए रखना चाहिए। ऐ सखनो मेरियो सांचे सुनने न पठाये। शरीर लाए सुनो सत वाणी। शरीर लाये सुनो सत बाणी, इस तरह हर वक्त प्रभु सिमरन बंदगी में इन अंगों को लगाए रखना चाहिए। तभी प्रभु परमात्मा की खुशी मिल गई तो फिर उसकी नजरें इनायत होने पर हमारे लोक परलोक दोनों सुहेला हो सकता है इसलिए गुरवाणी में समझाइश दी गई है- हलत सुख पलत सुख सिमरनो। नित नाम हरि का लीजै।।

उसकी प्रसन्नता प्राप्त होने पर ही हम अपनी जिंदगी जिसमें कई पूर्व जन्मों की मैल लगी हुई है कि मैल धोकर उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार हो सकते हैं। हमारा जनम-मरण का चक्कर खत्म हो सकता है और हमें प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है। जहां फिर हमें किसी किस्म की फिकर, चिंता गम नहीं रहेगा ऐसी दरगाहि का वर्णन भक्त रविदास ने कुछ इस तरह किया है-बेगमपुरा शहर को नावों। पर हमें इसके लिए हर वक्त मन से प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। कबीरदास जी कहते हैं-

केशो केशो कविये न सोइये आसार।  
बार बार के केकने कभी तो सुने पुकार।।

हर इंसान का काम है प्रभु सिमरन बंदगी में मन से जुड़ा रहे। परमात्मा इतने भी बेरहम नहीं हैं कि हमारी पुकार न सुने कभी न कभी तो हमारी पुकार सुनेंगे। अतएव हमारा एक सूत्रीय कार्य यही होना चाहिए प्रभु नाम सिमरन। पत्थर की जगत (कुएं की) पर बार-बार नरम रस्सी जाकर भी अपना निशान बना देती है तो फिर हमारे बार-बार प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर कभी न कभी तो हमारी पुकार प्रभु के सांचे दरबार में अवश्य सुनी जाएगी। प्रभु परमात्मा का हृदय कभी न कभी तो पसीजेगा और बस फिर हम पर उसकी किरपा दृष्टि बनेगी। हमारा कल्याण होना ही है अतएव हमें हर वक्त इस तरह प्रार्थना करते रहना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांई,  
ऐसी बुद्धि करो परगासा सदा सदा तुध धिआंई।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### कानपुर में बाढ़ के हालात से जनजीवन प्रभावित, घरो में घुसा पानी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और देश में कई राज्य इस वर्ष बाढ़ की चपेट में है। कानपुर के हालात खराब हैं। सैंकड़ों घरों में पानी दहलीज तक पहुंच गया है। फसलें चौपट हो गई है लेकिन फिर भी प्रशासन पर लोगों का पूरा भरोसा है। मुआवजा राशि के लिए योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई चिंता नहीं है। गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वही शुक्लागंज में भी बाढ़ की स्थिति है। 700 बीघा से ज्यादा फसल, अमरूद के बाग और 7 सौ से ज्यादा मकान बाढ़ की चपेट में है। किसानों की हालत खराब हो रही है। फसलें बर्बाद होने और बाढ़ के पानी की भयावहता से आम नागरिक परेशान है। कानपुर में करीब 13 वर्ष बाद गंगा ने रौद्ररूप दिखाया है। चैनपुरवा गांव पिछले पांच दिनों से बाढ़ की चपेट में है लोगों ने अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। कानपुर के आसपास के गांवों में भी परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रशासन को सबसे पहले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजकर उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था करनी होगी। हताहत लोगों को भरोसा दिलाना होगा। गांव के जलस्तर के बढ़ने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। पानी के भय से लोग छतों पर चढ़ कर रात बिताने के लिए मजबूर हैं। इस साल हर राज्य की यह स्थिति बनी है तो कई राज्यों में बारिश का अभाव भी है। कुदरत के आगे लाचार बना हुआ आदमी आगे के लिए सोच भी नहीं सकता है। पानी में डूबने से छप्पर टूट चुका है। घरों में अंदर तक पानी पहुंच चुका है। कुदरत की मार से खड़े नहीं हो पा रहे है। कटान से जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मूसलाधार बारिश से जलस्तर छोड़ने के कारण समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल में पानी घुसने से बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र में पढ़ा रहे है। प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन ने 63 चौकियां बनाई है।

### चन्द्रयान 3 की लैंडिंग का बेसब्री से इंतजार

भारत की सफलता का नजारा दुनिया निहारेगी भारत की कामयावी सातवें आसमान पर है। दुनिया की ताल से ताल मिलाने और दुनिया से दो कदम आगे बढ़ने की जिज्ञासा वैज्ञानिकों के दिल में है। चन्द्रयान 3 की लैंडिंग की तैयारी कर रहा है, उस घड़ी का हर एक को बेसब्री से इंतजार हर भारतवासियों को है। उस क्षण की खुशी की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत ने 2008 में हरिकोटा से भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन सतीश धवन से अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया। अंतरिक्ष यान चांद की 3400 परिक्रमाएं की और 312 दिन काम करता रहा। वैज्ञानिकों ने इसके बाद भी प्रयास जारी रखा और चन्द्रयान 2 की लॉन्चिंग पहली बार 2018 में हुई थी। उसकी तारीख बदल कर 31 जनवरी कर दी गई। चन्द्रयान ने पृथ्वी के चार चक्कर लगाए थे। भारत अब मिशन चन्द्रयान 3 का इतिहास रचने के करीब पहुंच गया है। इसरो ने घोषणा की है कि विक्रम 23 अगस्त को उतरने की पूरी संभावना है। 23 को लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उधर रोसकोसमॉस लूना चन्द्रमा की सतह से टकरा गया। तकनीकी खराबी बताई जा रही है। लेकिन भारत की सिद्धि पर दुनिया की नजर है। जनता मोदी योगी की लोकप्रियता के दीवाने हैं। लोगों को लुभा रही है पीएम मोदी और सीएम योगी और चन्द्रयान 3 की नई डिजाइन वाली राखियां। बहनें सोने-चांदी से बनी महंगी राखियां खरीद रही हैं। इस बार राम मंदिर और चन्द्रयान को लेकर काफी उत्सुकता है। इस वर्ष ज्वेलर्स द्वारा खास राखी डिजाइन की जा रही है। इसमें पीएम मोदी, सीएम योगी, राममंदिर और चन्द्रयान 3 की डिजाइन वाली राखियां की छवि सोने चांदी के सिक्कों में चमक रही है। सोने के सिक्के में बनी राखी की कीमत 7 हजार से एक लाख 20 हजार तक है, जबकि चांदी में बनाई गई राखी की कीमत एक हजार से प्रारंभ होती है। गुजरात में यह इस तरह की राखी का क्रेज देखने को मिल रहा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### उल्टा पुल्टा

एक बहु अपने ससुर से कहती है- बाबू जी, इलाइची ख़तम हो गयी है आते समय बाजार से लेते आना।

**ससुर** – हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।

**बहू**– ठीक है, आगे से ध्यान रखूंगी !!!

अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए!

**बहू**– बाबू जी, माँ जी ख़तम हो गयी हैं आते समय, बाजार से लेते आना...

# बिलासपुर विधानसभा सीट से विधायक शैलेष पांडेय ने पेश की दावेदारी

## ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपा आवेदन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे समर्थक

## सबकी ख़ुशी में ही मेरी ख़ुशी है- पांडेय

## कांग्रेस भवन में दावेदारों व समर्थकों रही भीड़



बिलासपुर, 21 अगस्त ( देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चुनाव समिति के नियमानुसार विधायक शैलेष पांडेय बिलासपुर विधानसभा सीट से दावेदारी करने कांग्रेस भवन पहुंच कर ब्लॉक अध्यक्षों को विधिवत आवेदन दिया।

बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (चुनाव समिति) के नियमानुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को आवेदन करना है। तय नियमों के अनुसार बिलासपुर विधानसभा सीट से पुन: दावेदारी करने मैंने भी आवेदन जमा किया है। कांग्रेस प्रजातांत्रिक प्रक्रिया से कार्य करती है। इस अवसर पर कांग्रेस भवन में बड़ी संख्या में भीड़ रही। कांग्रेस भवन में ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, मोती थावरानी उपस्थित रहे।पार्षद रविंद्र सिंह, भास्कर यादव, भारत कश्यप, शहजादी कुरैशी, सीताराम जायसवाल, रमाशंकर बघेल, शेख असलम, प्रियंका यादव, जुगल गोयल, पूर्णा चंद्रा, साईं भास्कर, अजय यादव, एल्डरमैन शैलेंद्र जयसवाल, श्याम लाल चंदानी, सुभाष ठाकुर, दीपांशु श्रीवास्तव, काशी रात्रे, अजरा खान, सुबोध केसरी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष पिंकी बतरा, शेखर मुदलियार, फिरोज कुरेशी, जफर अली, राधे भूत, पूर्व पार्षद चंद्र प्रदीप वाजपेयी, नरेंद्र बोलर, सुदेश दुबे, रिंकू छाबड़ा, अर्जुन सिंह, अनिल शुक्ला, चुट्टु अवस्थी, जहूर अली, बॉबी खोखर, मनीराम साहू, पवन चंद्राकर, लल्ला सोनी, रत्नेश कुमार, राजा अवस्थी, रशीद बक्स, जीतू ठाकुर, जीतू यादव, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक पांडेय, दिनेश सूर्यवंशी, संदीप बाजपेयी पप्पू, गौरव तिवारी, मनीष लोहरानी, अमृतांश शुक्ला, अनुभव बाजपेयी, सुनील सिंह, कैलाश तिवारी, आशीष गोयल, सूर्यमणि तिवारी, पिंकू पांडेय, सतीश गोयल, मंदिप खनूजा, आदर्श पवार, अजहर खान, शाश्वत तिवारी, संकल्प तिवारी, अमृत गुप्ता, आयुष तिवारी, अभिलाष रजक, अजय काले, वाजिद खान, रेहान रजा, शुभम पानीकर, नफीस खान, कप्तान खान, जयपाल निर्मलकर, सोहराब खान, पुष्पेंद्र मिश्रा, श्याम कश्यप, भरत जूरीयानी, हर्मेंद्र शुक्ला, अतहर अली खान, सौरभ तिवारी, सूर्या कश्यप, दिनेश सिरिया, बलराम नागदेव, आशीष कापसे, लालतू घोष, राजकुमार यादव, भरत जोशी, जयप्रकाश मित्तल, हीरा यादव, करम गोरख, अनिल घोरे, घनश्याम कश्यप, उमेश वर्मा, अंकुश चौधरी, तिलक कश्यप, अब्दुल तस्लीम, रेहान खान, शाहनवाज खान, विकास सिंह, मिथिलेश सेन्ड्री, शाहिद कुरेशी, अनिल पांडेय, इमरान खान, आरिफ खान, अमृतानंद, अजय सिंह, रोहन कुर्रे, रमेश गुप्ता, लखन नागदेव, संतोष अग्रवाल, बब्बर मेमन, गोविंद किस्टा, सूर्या ठाकुर, राजेश जायसवाल, अजीत सिंह ठाकुर, गुलशन सोन, शुभम सोनी, प्रेम दास मानिकपुरी, मोहन मदवानी, संतोष पांडेय, आरिफ खान, सुनील शर्मा, वसीम खान, मंजू त्रिपाठी, सीमा सोनी, शिल्पी तिवारी, सावित्री सोनी, वहीदा खान, ममता हटकेश्वर, मार्गेट बेंजामिन, जयश्री शुक्ला, आशा सिंह, त्रिवेणी भोई, रीता मजूमदार, तृप्ति चंदा, अनुराधा राव, सुनीता यादव, फरीदा खान, हमीदा खान, चित्रलेखा कांसकर, दया सोनी, शकुंतला साहू, पार्वती साहू, चित्रलेखा साहू, प्रति गढ़ेवाल, प्रतिम दास, शेख तहरीमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## त्रिलोक श्रीवास ने बेलतरा- बिलासपुर से जमा किया आवेदन



कांग्रेस नेता एवं पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने आज अपने सैकड़ों सहयोगियों के साथ बेलतरा विधानसभा एवं बिलासपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार हेतु टिकट प्राप्ति हेतु जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के भवन में जाकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर त्रिलोक चंद श्रीवास् ने कहा कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से वे विगत 30 वर्षों से सक्रिय है, और विगत 25 वर्षों से विगत 5 चुनावों से वह चुनावी तैयारी बेलतरा में कर रहे हैं, उनका स्वाभाविक अधिकार है , विधानसभा चुनाव से कांग्रेस पार्टी हारते आ रही है और त्रिलोक स्वयं में उनका परिवार विगत 30 वर्षों से प्रत्येक चुनाव जीतते आ रहे हैं, बेलतरा में कांग्रेस का झंडा लहराने के लिए त्रिलोक श्रीवास का कांग्रेस उम्मीदवार होना अनिवार्य है।इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ बेलतरा और बिलासपुर के कांग्रेस जन महिला पुरुष वरिष्ठ युवा साथी सभी उपस्थित थे।स्मृति- त्रिलोक श्रीवास् ने भी मांगा बेलतरा से टिकट इस अवसर पर कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास की पत्नी श्रीमती भी बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हेतु आवेदन प्रस्तुत की। इस अवसर पर बातचीत में उन्होंने कहा कि वह बेलतरा विधानसभा में लगातार चुनाव जीतने आ रही है ,वर्तमान में वह सबसे बड़े जिला पंचायत क्षेत्र की निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हैं, जिला योजना समिति के निर्वाचित सदस्य हैं, पूर्व में जनपद सदस्य का चुनाव होने जीता था, जनपद पंचायत बिल्हा कि वह सभापति भी रही है, साथ ही साथ ग्राम पंचायत कोनी की भी सरपंच रही है ,उनकी पहली मांग है कि बेलतरा से त्रिलोक चंद्र श्रीवास को कांग्रेस का टिकट दिया जाए यदि पार्टी महिला को टिकट देना है तो महिला के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने अपना आवेदन भी पार्टी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## सभापति अंकित गौरहा ने बेलतरा से की अपनी दावेदारी



बिलासपुर जिला पंचायत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सभापति व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से जिला पंचायत सदस्य अंकित गौरहा ने भी बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष झगरराम सूर्यवंशी व महेत्तर राम कश्यप के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरहा बिलासपुर जिला पंचायत के सबसे तेज और सक्रिय जिला पंचायत सदस्य के रूप में जाने जाते हैं और जिला पंचायत क्षेत्र में उनके द्वारा कराए गए कार्य और लगातार उनके द्वारा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति ने बेलतरा में उन्हें एक सर्वमान्य और लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित किया है और आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में उनका नाम नहीं काम बोलता है।जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने चर्चा के दौरान बताया कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में वह 2008 से सक्रिय हैं और लगातार संगठन के महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए उन्होंने कार्य किया है। उन्होंने आगे बताया कि 2010 में वह सबसे पहले बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम युवक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए उसके बाद पुन: वर्ष 2012 में भी यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर दुबारा निर्वाचित हुए।युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव के रूप में मुंगेली जिला का प्रभार मिला और अभी वर्तमान में बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता साथ ही जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के सदस्य व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव (शक्ति जिला प्रभारी) के रूप में संगठन के कार्यों व जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्व का निर्माण कर रहे हैं।

## शिल्पी तिवारी ने दिया आवेदन

कांग्रेस भवन में सोमवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव और मध्य प्रदेश के समय के संभाग के सबसे बड़े मजदूर कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार तिवारी मन्ना भैया की बहू श्रीमती शिल्पी तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर बेलतरा विधानसभा से अपनी सशक्त दावेदारी पेश की। उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद साहू के पास अपना आवेदन फॉर्म जमा किया। इस दौरान कांग्रेस नेत्री के साथ उनके पति शहर के प्रतिष्ठित बिल्डर गौरव तिवारी ,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरोज कुरेशी, शेखर मुदलियार, राधे भूत कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव गुलनाज खान बाबा सहित क्षेत्र के अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। फॉर्म जमा करने के बाद बाहर निकलकर मीडिया से बातचीत करते हुए श्रीमती शिल्पी तिवारी ने कहा कि मैंने एक महिला कांग्रेसी होने के नाते अपनी सशक्त दावेदारी पेश की है आगे का निर्णय पार्टी आलाकमान तय करेगा।

## संपादकीय

### युवाओं पर सरकार का खास फोकस

*राजनीति में युवाओं की दिलचस्पी जगजाहिर है। राजनीतिक दलों की अपनी-अपनी युवा इकाइयां हैं। राजनैतिक दल छात्र राजनीति को भी प्रभावित करते रहे हैं। हालांकि वे कहते हैं छात्र संगठन, स्वतंत्र संगठन हैं, इन संगठनों को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं है। इसके विपरीत राजनीति में छात्र भी सक्रिय भागीदारी निभाते आए हैं। संगठन के रूप में उनकी पहचान दल विशेष से जुड़े होने की भी है। इस बार दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर इस बात की चर्चा जोरशोर से की गई कि उन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया। इसकी याद भी आनी ही थी क्योंकि कुछ माह बाद चुनाव भी होने वाले हैं। इन नए और युवा वोटरों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। कांग्रेस इस चुनाव से सधे कदमों से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले सरकार और संगठन का प्रभाव का पता लगाने पहले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के जरिए राज्य के हर हिस्से में पहुंचे। इस कार्यक्रम में उन्होंने समाज प्रमुखों से मिलने के अलावा कांग्रेस के नेताओं और जनप्रतिनिधियों से जनभावनाओं को जानने की कोशिश की। इन दिनों मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। ऐसा ही युवा संवाद मुख्यमंत्री सरगुजा संभाग में मंगलवार को करने वाले हैं। इस संवाद में पूरे संभाग से हजारों की संख्या में युवा पहुंचते हैं और उनका मुख्यमंत्री से सीधा संवाद होता है। युवा हित में इस संवाद के बाद सरकार ने कुछ अहम फैसले भी किए हैं। युवाओं को लगता है उनकी भावनाएं समझी जा रही हैं। कालेज आने-जाने में होने वाली परेशानी इसी संवाद में युवाओं की ओर से मुख्यमंत्री के सामने रखी गई थी। सरकार कालेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को बसों में मुफ्त सवार का ऐलान कर चुकी है। इसी तरह सरकार ने युवाओं के हित में कुछ अन्य अहम फैसले भी लिए हैं। सरगुजा के युवा संवाद में भी हो सकता है कुछ अहम मुद्दों की चर्चा हो और मुख्यमंत्री कुछ नई घोषणाएं करें। जाहिर है जब मौका दिया जाए तो युवा जुड़ते हैं। इस कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री ने युवाओं को जोड़ने का काम किया है, जिसका लाभ चुनावों में भी मिल सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी युवाओं को आगे लाना चाहते हैं। उन्होंने पार्टी के स्तर पर लीक से हटकर कइयों को मौका भी दिया है। युवा संवाद कार्यक्रम की ही कड़ी में एक युवा संवाद राहुल गांधी के साथ करने की भी तैयारी है। दो सितम्बर को यह युवा संवाद होगा। युवाओं पर इस तरह सरकार ने फोकस का अर्थ लगाया जा सकता है। आज की राजनीति में नीति-सिद्धांतों से कहीं ज्यादा रणनीति का महत्व हो गया है। ऐसी रणनीति जिसमें लोगों को प्रभावित किया जा सके। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति मजबूत आंकी जा रही है, उसके पीछे उसकी सधी हुई रणनीति है। कांग्रेस की सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं में भी लोगों को सामने रखकर चलने की कोशिश की है। योजनाओं के जरिए लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है।*

## संरक्षा के 3 सजग प्रहरियों को डीआरएम ने किया सम्मानित



**बिलासपुर,** 21 अगस्त ( देशबन्धु) । मंडल रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों की सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहा है 7 इसके अंतर्गत नियमित रूप से संरक्षा संगोष्ठी, विशेष संरक्षा अभियान सहित अनेक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके साथ ही संरक्षा में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।इसी कड़ी में विगत दिनों अपनी ड्यूटी के दौरान असामान्य परिस्थिति को भांपते हुये सर्व संबंधितों को सूचना देकर संभावित दुर्घटना को टालने एवं संरक्षित रेल परिचालन में सराहनीय भूमिका निभाने वाले लोको पायलट बिलासपुर गोविंद नारायण, सहायक लोको पायलट बिलासपुर प्रेम शंकर कुमार व एमसीएम अनूपपुर अभिषेक कुमार को संरक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया । आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इन तीनों कर्मचारियों को इनके द्वारा की गई उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा संबन्धित कार्य की सराहना करते हुये संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया । मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करते रहने की शुभकामनायें भी दी गई । इस अवसर पर वरि.मंडल यांत्रिक अभियंता आर रंगाराव उपस्थित थे ।


## सार-संक्षेप

### नागपंचमी का पर्व प्रकृति से हमारे जुड़ाव का प्रतीक- कौशिक



**बिलासपुर,** 21 अगस्त ( देशबन्धु) । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पवित्र सावन माह के सातवें सोमवार व नाग पंचमी के सुअवसर पर विधानसभा बिल्हा क्षेत्र के ग्राम मोहभट्टा स्थित भगवान शिव स्वयंभू भुवनेश्वर मंदिर पर सहपरिवार पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि मंगल कामना की। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा नाग पंचमी का पर्व भारतीय संस्कृति में जीव-जन्तु, वृक्ष-वनस्पति सभी के साथ आत्मीय सम्बन्ध जोड़ने की समृद्ध एवं प्राचीन परम्परा है। नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ हमारे इस जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नाग पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से चला आ रहा है। हमारे धर्मशास्त्रों में नाग जागृत कुण्डलिनी शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु शेषनाग पर ही शयन करते हैं। शेषनाग छत्र बनकर उन्हें छाया प्रदान करते हैं। ज्ञान और मोक्ष के प्रदाता भगवान शिव के आभूषण ही सर्प एवं नाग हैं। सावन में भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है। श्रावण मास में नाग पंचमी भगवान शिव संग नागों की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि शक्ति के प्रतीक नाग पंचमी के पर्व पर हमारे समाज में पारम्परिक पर्व है।

### स्वीप के अंतर्गत स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित



**बिलासपुर,** 21 अगस्त ( देशबन्धु) । मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' के तहत शासकीय हाई स्कूल सेंदरी में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उत्साह के साथ इस अभियान में शामिल हुए। शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य बलराम यादव, सांस्कृतिक प्रभारी राजन दानिश तथा अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। हाई स्कूल मोपका में भी छात्रों के मध्य वाद विवाद प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखे गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों सहित विभिन्न स्थानों में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अत्यंत महत्वपूर्ण - कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली औद्योगिक प्रबंधनों एवं श्रमिक संगठनों की बैठक




**बिलासपुर,** 21 अगस्त ( देशबन्धु) । कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए एनटीपीसी, रेलवे, एसईसीएल, अन्य औद्योगिक प्रबंधनों एवं श्रमिक संगठनों की बैठक स्वीप गतिविधियों के संबंध में ली। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' आयोजित करें। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान इस थीम पर हमें मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने अपने संस्थानों में सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधित करने की प्रक्रिया 31 अगस्त 2023 तक निर्धारित है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की मुहिम चलाये। बिलासपुर में मतदान का प्रतिशत कम है। इसे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संस्थाओं में स्वीप गतिविधियों के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने कहा। इसके अलावा स्वीप कैलेण्डर बनाकर उसी के अनुरूप गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। संस्थानों के आवासीय परिसरों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने कहा। इस दौरान औद्योगिक प्रबंधन एवं श्रमिक संगठनों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में सुझाव दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एनटीपीसी, एसईसीएल, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सहित विभिन्न औद्योगिक प्रबंधनों एवं श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने दिलाई शपथ

कलेक्टर ने बैठक में मौजूद एनटीपीसी, रेलवे, एसईसीएल, अन्य औद्योगिक प्रबंधनों एवं श्रमिक संगठनों के सदस्यों को आगामी विधानसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

# डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर,** 21 अगस्त ( देशबन्धु) । जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है।

कुल 3 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं।डीईओ ने बताया कि बिल्हा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर इमलीभाठा में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत स्वर्गीय श्री देव प्रसाद भास्कर के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती सरोज देवी भास्कर, बिल्हा विकाखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला किर्ती नगर के प्रधान पाठक स्वर्गीय श्री जोनसन टोप्पो के पुत्र श्री अंकुर टोप्पो एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तोरवा में भृत्य पद पर कार्यरत स्वर्गीय श्रीमती दुर्गा भोई के पुत्र श्री सिद्धार्थ सागर ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

# जेनेरिक दवा बेचने में बिलासपुर टाप पर, 17.53 करोड़ की बचत

## जरूरतमंद लोगों को सस्ती दर पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ

**बिलासपुर,** 21 अगस्त ( देशबन्धु) । जिलेवासियों को 27 करोड़ दो लाख 60 हजार की एमआरपी की दवाइयां मिलीं सिर्फ साढ़े नौ करोड़ में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के अंतर्गत शहर में संचालित चार मेडिकल स्टोर्स से महज पौने दो साल में रिकार्डतोड़ जेनेरिक दवाओं की बिक्री की है। ऐसे में जेनेरिक दवा बेचने के मामले में बिलासपुर छत्तीसगढ़ में पहले स्थान पर रहा है।

इसमे जिलेवासियों को 65 प्रतिशत की भारी छूट दी गई है। इसी वजह से 27 करोड़ दो लाख 60 हजार की एमआरपी की दवाइयां लोगों को सिर्फ नौ करोड़ 49 लाख 40 हजार रुपये में मिली है। अब तक आधे से भी कम कीमत में दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की खरीदी से नागरिकों को 17 करोड़ 53 लाख 20 हजार रुपये की बड़ी बचत हुई है। एक तरह से मुख्यमंत्री की यह महत्वपूर्ण योजना पूरी तरह से पटरी पर चुकी है। इसका लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। यह बड़ी चिकित्सीय सेवा साबित हो रही है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए बीमार एवं जरूरतमंद लोगों को सस्ती दर पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए ही 20 अक्टूबर 2021 को श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत शहर अंतर्गत सीएमएचओ कार्यालय के सामने नूतन चौक सरकंडा, सिम्स, जिला अस्पताल और मुंगेली नाका में चार मेडिकल स्टोर खोला गया। शुरुआत में लग रहा था यह भी प्रधानमंत्री के जन औषधि केंद्र की तरह दवाओं की कमी की वजह से फ्लाप हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शुरू से ही यहां 251 प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं और 27 प्रकार के सर्जिकल उत्पाद मिल रहे हैं और स्टाक मेंटेन किया गया। जरूरतमंदों को यहां से खाली हाथ नहीं जाना पड़ा। इसी वजह से चारों मेडिकल स्टोर में भीड़ उमड़ने लगी और महज पौने दो साल में 65 प्रतिशत छूट से रिकार्डतोड़ दवा बेचकर जिलेवासियों को लाभान्वित किया गया है। वही यह सिलसिला अनवरत जारी है। अब यह बड़ी चिकित्सीय योजना साबित हो रही है।

### अब तक 5.96 लाख नागरिक हो चुके हैं लाभान्वित

पौने दो साल के भीतर इन चारों दुकान में जिले के पांच लाख 96 हजार 51 नागरिकों ने दवाइयों की खरीदी की है। यह अपने आप में एक बड़ा आंकड़ा साबित हो रहा है। सबसे ज्यादा भीड़ सिम्स स्थित मेडिकल स्टोर में रहती है, जहां सुबह से ही मेडिकल स्टोर में भीड़ उमड़ने लगती है और यह सिलसिला देर शाम तक चलता है।

### पांचवे मेडिकल स्टोर की भी मिली सौगात

श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का संचालन नगर निगम कर रही है। इसको मिल रहे रिस्पांस को देखते हुए शहरी क्षेत्र में पांचवा मेडिकल स्टोर तिफरा क्षेत्र में खोला गया है। जहां पर भी दवाओं की बिक्री जोरों से हो रही है। वही अब दवाओं की संख्या बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। वर्तमान में 251 प्रकार की दवा मिल रही है, आने वाले दिनों में 300 से ज्यादा प्रकार की दवाएं इन मेडिकल स्टोर में उपलब्ध रहेगा।

# सार-संक्षेप

## बोल बम के जयकारों से गूंजा वनवासी क्षेत्र



**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। वनवासी क्षेत्र देवपहरी से गढक़टरा तक 27 किमी की भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। पवित्र श्रावण मास के सातवें सोमवार व नाग पंचमी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कांवर यात्रा सनातन संघर्ष समिति द्वारा निकाली गई।

ग्राम देवपहरी स्थित पवित्र स्थान गौमुखी से पूजा-अर्चना व जल भर कर बोल बम के जयकारा के साथ कांवर यात्रा प्रारंभ की गई। कांवर यात्रा में बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरूष सभी शामिल हुए। कांवर यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ व उनके परिवार की मनमोहक वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रही। कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की अराधना करते हुए 27 किमी की लम्बी दूरी तय कर गढक़टरा के प्राचीन मंदिर जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया। जलाभिषेक व पूजन करने श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। कांवर यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रियों को पूरे यात्रा भर जल, फल, शरबत व भोग भंडारा का वितरण किया गया जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए।

## आचार्य चरक के बताये मार्ग में चलकर ही रहा जा सकता है निरोगी- डॉ. नागेंद्र



**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण शुक्ल पंचमी आचार्य चरक जयंती पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने संयुक्त रुप से महर्षि चरक के विचारों तथा लोक कल्याण की भावना से जन स्वास्थ्य के कल्याण हेतु गिलोय, तुलसी, नीम, ऐलोवेरा, ब्राह्मी, निर्गुन्डी आदि औषधीय पौधों का वितरण व रोपण किया।

डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद के ग्रंथ भावप्रकाश के अनुसार श्रावण शुक्ल पंचमी अर्थात नागपंचमी को ही आचार्य चरक जी का जन्मदिवस बताया है उसके अनुसार ही हम सभी प्रतिवर्ष नागपंचमी के दिन आयुर्वेद के प्रणेता आचार्य चरक जी की जयंती मनाते आ रहे हैं । डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि महर्षि चरक द्वारा रचित चरक संहिता केवल चिकित्सा शास्त्र नही, अपितु जीवन विज्ञान का शास्त्र है। जिसमें चिकित्सा का सम्पूर्ण ज्ञान है, महर्षि चरक ने औषधि चिकित्सा के सिद्धांतों का प्रतिपादन कर संपूर्ण मानव समाज को नया जीवन प्रदान किया है। कार्यक्रम में डॉ.संजय वैष्णव, डॉ. देवेन्द्र कश्यप, डॉ. राजेश कुमार राठौर, शिव जायसवाल, गजेंद्र राठोड़, शांता मडावे, सुधीर सक्सेना, अश्विनी बुनकर, नेत्रनंदन साहू, कमल धारिया, संतु साहू तथा मनोज मिश्रा, देवेश मिश्रा, प्रत्युष सक्सेना, चक्रपाणि पांडे, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, नीती साहू ,तोरेंद्र सिंह, श्रीमती प्रतिभा शर्मा आदि उपस्थित थे।

## मराठा महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मराठा महिला मंडल कोरबा द्वारा सावन उत्सव द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष बड़े धूमधाम से मनाा गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल कूद रखा गया था बच्चों का संगीत नृत्य वह बड़ों का भी खेलकूद रखा गया था सभी महिलाएं विभिन्न वेशभूषा में उपस्थित हुए बड़े उत्साह के साथ यह कार्यक्रम को किया गया जिला मराठा महिला मंडल द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए भी रचनात्मक कार्य करते हुए फलदार वृक्ष लगाया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमति सरिता पवार, सचिव श्रीमती संध्या गायकवाड, श्रीमती संगीता घाडगे, श्रीमती पूजा बीबे, श्रीमती शोभना शिंदे, श्रीमती अर्चना माने, श्रीमती रजनी सालुंके, श्रीमती सरला इंग्ले, श्रीमती दुर्गा घाटगे, श्रीमती निर्मला निंबालकर, श्रीमती रमा भोसले, श्रीमती अंजलि भोसले, श्रीमती पूर्वी गायकवाड, श्रीमती नेहा निंबालकर और समाज के बहुत से बच्चे उपस्थित थे।

## भाजपा की ललिता ने कटघोरा से पेश की दावेदारी



**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ललिता डिक्सेना ने कटघोरा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार बनाये जाने की मांग संगठन के सामने पेश की है। वे वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री एवं सर्ववर्गीय जायसवाल समाज महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय मंत्री भी हैं। विदित हो कि कटघोरा विधानसभा अधिकांश गांवो में जायसवाल समाज के लोग निवास करते हैं एवं कटघोरा विधानसभा क्षेत्र पिछड़ा वर्ग में सबसे अधिक वोट जायसवाल समाज का हैं। ललिता डिक्सेना पिछड़ा वर्ग से आती हैं और कोरबा जिले के चारों विधानसभा में किसी महिला प्रत्याशी को आज तक टिकट नहीं दिया गया है। यह बात उन्होंने पार्टी के सामने प्रमुखता से रखी है। जैसा कि हर जगह पैराशूट प्रत्याशी बनाये जाने पर विरोध होता हैं, ऐसा कटघोरा विधानसभा में भी है कि कटघोरा विधान सभा क्षेत्र का ही प्रत्याशी व छत्तीसगढिय़ा होना भी सकारात्मकता की ओर जाएगा।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के आवेदन आमंत्रित

**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री उदाहरण के तौर पर वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी नमकीन, मिक्चर, बेकरी का निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत् लाभ प्रदान किया जाएगा।

# जयसिंह, दर्शन, भूषण सहित कांग्रेस नेताओं ने की कोरबा विधानसभा से दावेदारी

**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट हासिल कर प्रत्याशी बनने के लिए दावेदारों ने दावा करना शुरू कर दिया है। 22 अगस्त को इसकी अंतिम तिथि से पहले आज कोरबा ब्लाक से मौजूदा विधायक जयसिंह अग्रवाल सहित 5 लोगों ने दावेदारी ब्लाक अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया है। अंतिम तिथि पर कल यह सूची और बढऩे की संभावना है। जिले के रामपुर, कटघोरा और पाली-तानाखार से भी दावेदारों के द्वारा अपने ब्लाक अध्यक्ष के समक्ष दावा प्रस्तुत किया जा रहा है।

**दावेदारी का आज अंतिम अवसर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने आज टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक अध्यक्षों संतोष राठौर, सनीष कुमार, राजेन्द्र तिवारी एवं दुष्यंत शर्मा को विधानसभा चुनाव 2023 हेतु कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने हेतु अपना आवेदन जमा कर पावती प्राप्त किया। इस मौके पर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के अलावा रामपुर, पाली-तानाखार व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अनेकों सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों की उपस्थिति में जयसिंह अग्रवाल ने अपना आवेदन जमा किया।

इसी तरह वरिष्ठ कांग्रेस नेता दर्शनदास मानिकपुरी, भूषण प्रसाद तिवारी, यूआर महिलांगे ने भी अपने समर्थकों के साथ पहुंच कर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर के समक्ष दावेदारी प्रस्तुत किया। ये सभी दावेदार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार है तथा सभी ने अपने पूर्व के कार्यकाल और विभिन्न पदों पर रहते हुए किए गए कार्य और योगदान तथा समर्पण को रेखांकित करते हुए अपनी दावेदारी पेश की है।

## कटघोरा से मधुसूदन की दावेदारी



इसी कड़ी में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र क्र. 22 से युवा कांग्रेस महासचिव मधुसूदन दास ने कटघोरा ब्लॉक अध्यक्ष के समक्ष अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। इस अवसर पर एकनाथ बंजारे, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपेश यादव, एनएसयूआई जिला संयोजक विवेक महन्त (वेंडी), सीमांचल, देव, संदीप आर्य (राजा) सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्यामनारायण ने भी की दावेदारी

कोरबा विधानसभा क्षेत्र से राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक श्याम नारायण सोनी ने भी अपनी दावेदारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष राठौर के समक्ष प्रस्तुत की है। श्याम नारायण सोनी पूर्व में छात्र, युवा राजनीति में लगातार सक्रिय रहे। वे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष व कोरबा लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक के तौर पर कार्य कर रहे हैं। उनके साथ एआईसीसी मीडिया कोऑर्डिनेटर अभय तिवारी, अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आबिद अख्तर, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव सज्जाद आलम, एनएसयूआई शहर जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर सहित नितिन चौरसिया, अंकित तिवारी, पंकज सोनी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कर्मचारी (फेडरेशन) सचिव सरोज राठौर, रवि सोनी, आशुतोष वर्मा, सुनील अग्रवाल, दिवाकर राजपूत, रमेश दास महंत, विनोद तिवारी, जीशान, मनजीत सिंह, आकाश पटेल, अभिषेक सिंह, अब्दुल साजिद, देवेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।



## खेत जोत रहा किसान बुरी तरह जख्मी



कोरबा-बांगो, 21 अगस्त (देशबन्धु)। खेत में जुताई कर रहा एक किसान पैर में रस्सी फंस जाने के कारण घिसटाकर बुरी तरह चोटिल हो गया है। इसकी सूचना मिलने उपरांत डॉयल 112 के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को राहत देते हुए अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बनवार रावा में बांगो कोबरा-1 की टीम सूचना पर पहुंची थी। 53 वर्षीय राजू तिग्गा हमेशा की तरह अपने खेत में धान की बुआई करते हुए बैलों के सहारे हल जोत रहा था। एकाएक किसान के दोनों पैरों के बीच हल से बंधी रस्सी का एक हिस्सा फंस जाने से वह गिर पड़ा और बैलों के द्वारा कुछ दूर तक उसे घसीट दिया गया। किसी तरह बैलों को रोक कर किसान को आसपास के लोगों ने रस्सी से अलग किया और सूचना 112 को दी। किसान के दोनों पैर और कंधे में अत्यधिक गहरी चोट आने से उसकी स्थिति दयनीय बताई जा रही है। बांगो कोबरा-1 के डॉयल 112 के आरक्षक सरजीत सिंह व चालक नीरज पाण्डेय ने उपस्थित लोगों की मदद से घायल को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटगा में भर्ती कराया।

# दीपका बाईपास की जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए 3 घंटे चक्काजाम



**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। हरदीबाजार थाना अंतर्गत सराईसिंगार बजरंग चौक में हरदीबाजार से दीपका जोडऩे वाली बाई पास जर्जर सडक़ की मरम्मत करने को लेकर उत्तम पटेल जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा के अगवाई में चक्काजाम किया गया। इस जर्जर सडक़ में दोपहिया वाहन, चार पहिया वाहन, और पैदल चलने वाले आम जनता हादसे के शिकार होते आ रहे हैऔर हरदी बाजार से दीपका सम्पर्क पूरी तरह से टूट चुकी है। इसकी सूचना अनेक बार एसईसीएल प्रबंधन सहित शासन एवं प्रशासन को दिया जा चुका है इसके बाद भी मौन है। इसके खिलाफ में भाजपा के बैनर तले 21 अगस्त को सुबह 11 से 2 बजे तक हरदीबाजार सराईसिंगार चौक में चक्काजाम किया गया। मौके पर पहुंचे एसईसीएल के अधिकारी एवं हरदी बाजार तहसीलदार के आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त हुआ। इस दौरान मनोज शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, राजेश यादव, पंकज धुरूवा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## कपिलेश्वर महिला मंडल सेवा समिति ने मनाया सावन उत्सव

**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। श्री कपिलेश्वर महिला मंडल सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को अपना 25वां सावन उत्सव मनाया। इस अवसर पर कपिलेश्वर मंदिर परिसर में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

सावन सुंदरी स्पर्धा में प्रथम शशि अग्रवाल, द्वितीय चंचल नामदेव व उषा अग्रवाल, तृतीय कविता रही। सावन गीत सोनी शर्मा, सुमन राठौर ने सुनाया। इस प्रतियोगिता में प्रथम रिचा सिंह, सास-बहू में प्रतियोगिता में द्वितीय सास-बहू, देवरानी-जेठानी रिंकी को दिया गया। दीपिका, प्रिया अग्रवाल को विभिन्न प्रकार के गेम पंचुअलिटी कनकलता राठौर के द्वारा खिलाया गया। 25 वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना सिंह, सुधा झा, ममता मिश्रा, पिंकी शर्मा, सुनीता नेहरा, उषा अग्रवाल, सुधा शर्मा, कनकलता राठौर, ममता गुर्जर, सीता सोनी, डिंपल शर्मा, सोना दुबे, मोना चौधरी, गीता साहू, ममता मिश्रा, रीना पासवान, रीता पासवान, ममता, गौतम, सविता राठौर, सुख डहरिया, सीमा दास, गीता साहू,



प्रिया अग्रवाल, तृतीय अंशु सोनी, बेस्ट ज्वेलरी में अल्का मिश्रा रही। 55 महिलाओं ने नृत्य में भाग लिया जिसमें प्रथम उषा साहू, द्वितीय रिचा सिंह, तृतीय सीमा दुबे रही। श्रेष्ठ जोडिय़ां में रिचा सिंह, कुसुम नाग, शारदा कौशिक, अल्का मिश्रा, ममता, गौतम, सीमा दुबे, पिंकी शर्मा, सीता सोनी, सुनीता नेहरा के अलावा कालोनी की माताएं, बहने भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## चिर्रा के रीपा में स्कूली छात्र छात्राओं ने किया भ्रमण

**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'रीपा' (रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क) अंतर्गत ग्राम चिर्रा में स्थापित रीपा में शासकीय हाई स्कूल चिर्रा के 60 छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने रीपा में संचालित विविध आर्थिक गतिविधियों से रूबरू हुए। इस भ्रमण से बच्चों को उद्यमिता एवं कौशल विकास की प्रेरणा मिली। साथ ही गांव में इस प्रकार के कार्य को देखकर बच्चों में उत्साह बढ़ा तथा भविष्य में उद्यमी बनने हेतु आवश्यक चीजों के आंकलन करने में बच्चों के जिज्ञासा भी देखने को मिली। रीपा में हल्दी, मिर्च, मसाला, धान प्रसंस्करण इकाई, चप्पल निर्माण, दोना पत्तल, इकाईयों के संचालन को बच्चों ने देखा व गोबर पेंट इकाई व फ्लाई एश ब्रिक्स इकाई को देखकर खुश हुए। रीपा मैनेजर सुश्री ललिता राठिया ने स्कूली बच्चों को रीपा में संचालित आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ स्कूल शिक्षक, शिक्षिका, ग्राम पंचायत सचिव व संचालनकर्ता समूह के सदस्य व युवा शामिल हुए।



## जिले में अब तक 679.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कोरबा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 01 जून से अब तक 679.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 अगस्त तक औसत वर्षा 812.08 मिमी हुई है। बीते 24 घण्टों में जिले में 1.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 637.5 मिमी, भैंसमा में 799.8 मिमी, करतला में 694.2 मिमी, कटघोरा में 816.6 मिमी, दर्री में 723.4 मिमी, पाली में 635.0 मिमी, हरदीबाजार में 545.6 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 635.4 मिमी एवं पसान में 627.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा कटघोरा तहसील में दर्ज की गई है।

## मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान का महापौर ने किया शुभारंभ

**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का शुभारंभ किया गया। महापौर एवं सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को अपने कार्यक्षेत्र के समस्त गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं का टीकाकरण कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिले के जनप्रतिनिधियों तथा पालकों से भी गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं का टीकाकरण कराने की अपील की।

डॉ. केशरी ने इंद्रधनुष 5.0 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले में टीकाकरण सुदृढिक़रण, मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की खुराक से छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों सहित वैक्सीन से छूटे हुए, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किए जाने हेतु मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 26 अगस्त तक, द्वितीय चरण 20 से 26 सितंबर (रविवार को छोडक़र) तथा तृतीय चरण 25 से 31 अक्टूबर तक (रविवार को छोडकर) आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सहित लाभार्थी बच्चे तथा उनके पालक उपस्थित थे।




# राज्य स्तरीय बैठक में भू-अर्जन प्रभावितों के मध्य समन्वय पर जोर

## 26 को राज्यपाल से मिलकर रखेंगे अपनी समस्या - कुलदीप

**कोरबा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। संचालित विभिन्न परियोजनाओं, खदानों के विस्तारीकरण से प्रभावित भूविस्थापितों का राज्य स्तरीय बैठक सियान सदन मे हुआ। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 अगस्त को भूविस्थापित अपनी-अपनी समस्यायों को लेकर राज्यपाल से मिलेंगे। बैठक में राज्यभर के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित और संघर्षरत संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और इस बात पर सहमति बनी की भूविस्थापितों के आंदोलन को और मजबूती प्रदान करने और आपसी तालमेल बनाने के उद्देश्य से आगामी सितंबर माह में सभी संगठनों के बीच एक समन्वय समिति गठित की जाएगी।

ऊर्जाधानी संगठन के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने भू-अर्जन से प्रभावितों के बीच एक समन्वय बनाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में आज भू-अर्जन से प्रभावितों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। जंगलों से उजाड़े जा रहे आदिवासियों को भी संगठित करने पर बल दिया। बैठक में विजयपाल सिंह, दीपक यादव, रुद्र महंत, चोटिया कोल ब्लॉक प्रभावित रायसिंह, सीएसईबी के हरिनाम सिंह विजय सिंह, एनटीपीसी के राजन पटेल , बरोड़ कोयला खदान रायगढ़ के नरिहर दास, भरत झारिया, पसान के जुबेर खान, रानी अटारी चिरमिरी के बाबूलाल पंडो, भटगांव के जितेंद्र कुमार, विश्रामपुर के आनंद भगत, कटकोना के राजा राम, रेल कॉरिडोर पेन्ड्रा गेवरा परियोजना से फुलेंद्र सिंह, सुशीला कंवर आदि ने संबोधित करते हुए सभी आंदोलित संगठनों और व्यक्तियों को आपसी समन्वय स्थापित करने का आव्हान किया। बैठक का संचालन व आभार प्रदर्शन बसन्त कुमार कंवर ने किया। बैठक में कोरबा जिला के अलावा कोरिया, सूरजपुर, रायगढ़, एनटीपीसी, (कोरबा,रायगढ़),चोटिया,से प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य रूप से विजयपाल सिंह तंवर, रुद्र दास महंत, वसंत कुमार कंवर, दीपक यादव, ललित महिलांगे, संतोष चौहान, विष्णु यादव, सतीश चंद्रा, फुलेन्द्र सिंह, अनसुईया राठौर, दयाराम सोनी, सौरभ राठौर, सोनी मनहर, शिव कुमारी, अहिल्या दास, राधा सोनी, रेखा सोनी, बंशी नाग, गुरवारी, सुशीला कंवर, मदन कंवर, शिवदास, रायसिंह देवचरण, ईश्वर लाल, नारायणी शंभू बेहरा विजय कुमार, राजन कुमार पटेल, घसिया राम केंवट सहित अनेक लोग शामिल थे।



## हाथियों ने घर में घुसकर वृद्धा की जान ली

कोरबा-कटघोरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कटघोरा वन मंडल में पिछली रात हाथियों के दल ने उत्पात मचाया। एक घर में घुसकर वृद्धा को मौत की नींद सुला दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात लगभग 10 बजे हाथियों का दल कटघोरा वनमंडल के ऐतमा नगर रेंज में पहुंचा और गुरसियां सर्किल में घुसने के साथ ही रापेर मोहल्ला में जमकर उत्पात मचाया। इसी दौरान दल एक घर में घुस गया और सो रही वृद्धा को सूंड में लपेट कर पटक दिया जिससे 80 वर्षीय वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घर के अन्य सदस्यों ने बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी उपरांत मौके पर वन अधिकारी और वन कर्मी मौके पर पहुंचे और दल को जंगल की ओर खदेडऩे का प्रयास किया।

## सार-संक्षेप

### सहायक कलेक्टर युवराज ने तेलंगाना कैडर की आईपीएस मोनिका से की कोर्ट मैरिज



**रायगढ़,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ 2022 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी श्री युवराज मरमट आज 2022 बैच के तेलंगाना कैडर की आईपीएस अधिकारी पी.मोनिका के साथ सादगी पूर्ण तरीके से कोर्ट मैरिज कर परिणय सूत्र में बंधे। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर नव-विवाहित अधिकारी युगल को बधाई व शुभकामनाएं दी। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव ने भी नवदम्पत्ति को अपनी शुभकामनाएं दीं। अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने विवाह प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री राजीव पांडेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा, नायब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकार, स्टेनो टू कलेक्टर श्री सूरज खर्रा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने नव दम्पती अपनी शुभकामनाएं दीं।

### फरार पशु तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। बीते 30 जुलाई को लैलूंगा पुलिस द्वारा पशु तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 पशु तस्करों से 137 नाग कृषक मवेशियों को मुक्त कराया गया था, आरोपियों द्वारा मोटर सायकल पर मवेशियों को पीछे से हांकते, क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते से जिले की सीमा से पर झारखंड बूचडखाने ले जा रहे थे। इस मामले में फरार एक पशु तस्कर को लैलूंगा पुलिस ने दबोचते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए लैलूंगा पुलिस ने पूर्व में ग्राम ढोरोंआमा तालाब खार जंगल में घेराबंदी कर चार आरोपी – देवगन मरकाम, चनेश सिदार, सोनू सिदार, शिवनाथ राम भुईंहर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 137 नग कृषक मवेशी को जप्त किया गया है, पूछताछ पर मवेशी तस्करों ने झगरपुर निवासी सलीम खान, करवारजोर निवासी रबूल खान तथा नाजीर खान का मवेशी होना और मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताये। लैलूंगा पुलिस ने पकड़े गये पशु तस्करों समेत सलीम खान, रबूल खान तथा नाजीर खान समेत को मामले में आरोपी बनाया गया था।

### ट्रेलर के 4 टायर डिस्क समेत निकाल दूसरे ड्रायवर को बेचा




**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। खरसिया पुलिस द्वारा अमानत में खयानत के आरोपी ट्रेलर ड्रायवर को कल झारखंड के गढवा में पतासाजी कर हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया, आरोपी ड्रायवर द्वारा अपने साथी ड्रायवर के साथ मिलकर ट्रेलर वाहन के 4 टायर डिस्क समेत बेच दिया था। खरसिया पुलिस ने आरोपी ट्रेलर ड्राइवर और चोरी की संपत्ति के खरीददार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम ने लाखा, कोतवाली में आरापी सोनू कुमार साव पिता शंकरलाल उम्र 21 वर्ष निवासी विलैयती खैर थाना चिनिया जिला गढ़वा (झारखंड) को हिरासत में लिया गया जिसके पास से 04 नग चक्का सिएट कंपनी का टायर डिस्क लगा हुआ कीमती 81,200 को जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत जप्त कर कल दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सौरभ द्विवेदी के हमराह विवेचना अधिकारी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, हेमंत कश्यप, आरक्षक विशोप सिंह, सत्यनारायण सिदार, रवि बिझवार की अहम भूमिका रही है।


### युवा स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन 15 सितम्बर तक

**बैकुण्ठपुर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा हैं। इसमें बेरोजगार युवक एवं युवतियों को योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकृत लागत निर्माण/उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाई 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख प्रदान किया जाएगा। इसके लिए आवेदक न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इस योजना की पात्रता हेतु आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी, आवेदक के परिवार को वार्षिक आय 3 लाख से कम हो आवेदक का आयु दिनांक को 18 से 35 वर्ष के माध्यम हो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से महिला तथा विकलांग एवं नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य एवं सेवानिवृत्त सैनिक हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट पात्रता है। आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवदेन पत्र के साथ में राशन कार्ड, निवास, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस (कोई भी एक) शैक्षणिक व तकनीकी संबंधी प्रमाण पत्र, जन्मतिथी, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निःशक्तजन, भूतपूर्व सैनिक, अल्पसंख्य, जाति, उद्यमी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमाण पत्र, भूमि एवं भवन किराए पर हो तो किरायानामा कम से कम पांच वर्ष की अवधि के लिए, मशीनरी, उपकरण, साज-सज्जा में हेतु वर्तमान दरों के कोटेषन, पासपोर्ट दो फोटो इस योजना का लाभ एक परिवार में से एक ही व्यक्ति को मिलेगा। भारत सरकार तथा राज्य शासन की किसी अन्य योजना के अंतर्गत अनुदान का लाभ लिया हो वे पात्र नहीं होंगे। आवेदक अपना समस्त दस्तावेजों के दो प्रतियों साथ में 15 सितम्बर 2023 तक कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कलेक्टर परिसर में जमा कर सकतें है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री आज सरगुजा सम्भाग के युवाओं से करेंगे भेंट-मुलाकात




**शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का करेंगे लोकार्पण**



**संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का होगा लोकार्पण.**

*मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण किया जाना है। प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। इन्हीं में से अम्बिकापुर के केशवपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की घोषणा पश्चात शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को अपग्रेड करते हुए सुविधाओं के विस्तार हेतु जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य हुए। आज छात्रों के लिए आधुनिक समय अनुरूप तकनीकों, स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लाईब्रेरी, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष जैसे अन्य सुविधाओं के साथ महाविद्यालय तैयार है।*

**अंबिकापुर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर, दुर्गए बिलासपुर और बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री अब 22 अगस्त को सरगुजा संभाग के युवाओं के साथ अम्बिकापुर के शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड के हॉकी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के विकास के मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं और प्रदेश के विकास और समृद्धि में युवाओं की आकांक्षाओं पर युवाओं से भेंट मुलाकात कर सीधे संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर युवाओं से ष्गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ष् की परिकल्पना को साकार करने पर चर्चा करेंगे। पूर्व में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में युवाओं ने प्रदेश के विकास के संबंध में अपनी आकांक्षाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है तथा युवा हित में मुख्यमंत्री द्वारा अनेक बड़ी घोषणाएं भी की गई है। युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के सभी जिलों सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सुरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-भरतपुर जिले से बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवा, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों सहित अन्य युवा भी मुख्यमंत्री से सीधे बात कर करेंगे।

महाविद्यालय में कुल 2.54 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य किए गए हैंए जिसमें 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बने प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण और कुल 1ण्33 करोड़ की लागत से गार्डन का सौन्दर्यीकरण एवं सीण्सीण्रोड निर्माण, प्रथम तल पर प्रयोगशाला पुस्तकालय का नवीनीकरण एवं अहाता, भूतल पर प्राचार्य कक्ष ऑफिस का नवीनीकरण एवं प्रवेश द्वार एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य शामिल है।

### जिला कलेक्टरेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का होगा अनावरण

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा जिला कलेक्टरेट कार्यालय परिसर में स्थापित किए गए छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाना है। राज्य शासन द्वारा सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया थाए जिससे लोगों में राज्य की संस्कृति के प्रति चेतना जागृत हो। छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं।

### छठघाट से काँवर लेकर शिवभक्त पहुँचे पंच मंदिर



**सूरजपुर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। पंच मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी उत्तरवाहिनी पावन सलिला रेणुका नदी के तट छठ घाट से कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। सावन सोमवार नागपंचमी के अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के पंच मंदिरपारा के नगरवासियों ने रेणुका नदी से जल भरकर पंच मंदिर स्थित पंच महादेव शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। डीजे की धून पर झूमते गाते और बोल बम के जयघोष के बीच मंदिर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में पंच मंदिर समिति के सदस्यों में ओमप्रकाश उपाध्याय, दिनेश गुप्ता, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग, पंकज गुप्ता, दिनेश सोनी, रूपेश मित्तल, संजय अग्रवाल, शिवनारायण गुप्ता, राजेश जैन, जानी दुबे, संतोष गुप्ता, कृष्णा सोनी, अशोक जैन, निश्चल केशरी, अनूज गर्ग, पूनम गर्ग, प्यारे साहू, आशीष गुप्ता, अप्पू गुप्ता, आशिक सोनी, हर्ष बंसल इत्यादि कांवर यात्रा को सफल बानाने में सक्रिय थे।

### बेनीकुंज कालोनी में महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव

**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के बेनीकुंज कालोनी में महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ तीज महोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने झूला उत्सव मनाकर तीज का आनंद उठाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज बेनिकुंज में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने गीत संगीत के जरिए झूला झूलते हुए इस त्यौहार को यादगार बना दिया। स्थानीय बेनीकुंज कालोनी में महिलाओं ने बड़ चढ़ कर तीज उत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर गुरमित कौर, उर्मिला अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मुक्ति अग्रवाल, मीरा देवदास, सुलेखा अग्रवाल, ममता बेहरा, डिपंल टूटेजा, मनप्रीत कौर, मुस्कान बंसल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

**ओडिशा यूनियन की दादागिरी**

### रायगढ़ टेलर मालिक संघ के सदस्य से की मारपीट



**एनटीपीसी लारा की घटना**

**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। काफी समय से ओडिशा के ट्रेलर व्यापारी छत्तीसगढ़ में हावी है और स्थानीय ट्रेलर मालिको के साथ मार पीट गाली व दुर्व्यवहार किया जाता है। एनटीपीसी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहां स्थानीय लोगो की गाड़ियों को लाइन में पीछे खड़े करके दिन भर आगे बढ़ने नही दिया गया जिससे ट्रेलर मालिक संघ के सदस्य रवि रंजन और समसाद वहा पहुंचकर गाड़ियों को आगे बढ़ाने लगे तो ओडिशा यूनियन के कुछ सदस्य और ड्राइवर रवि और समसाद के साथ रॉड से हमला कर दिए,जिससे रवि का सर फट गया,इसके साथ साथ उसकी कार में भी तोड़ फोड़ की गई। जिससे स्थानीय ट्रेलर मालिको में काफी ज्यादा आक्रोश का माहौल है। पीड़ित पक्ष की ओर से इसकी शिकायत पुसौर थाने में दर्ज कराई गई है।

पूर्व में ओडिशा में भी वे यह सब हरकत करते आये है अब स्थानीय जगह आकर भी गुंडागर्दी कर रहे है। ट्रेलर मालिक संघ रायगढ़ ने इसकी शिकायत और एफआईआर दर्ज करवाने भारी संख्या में पुसौर थाना पहुचे है।ओडिशा की गाड़ियां वैसे भी बिना परमिट के छत्तीसगढ़ में चल रही है,और यूनियन के कहा रायगढ़ में घुसकर उनकी ऐसी हरकत यूनियन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।।जल्द ही यूनियन के द्वारा ओडिशा यूनियन के खिलाफ कठोर कार्यवाही के लिए ओडिशा के गाड़ी मालिक तैयार रहे।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। चोरी की बाईक को खपाने के लिये ग्राहक तलाश रहे बाईक चोर को सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद पकड़ा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने कल ओवर ब्रिज के नीचे एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल काला रंग को बेचने ग्राहक तलाश कर रहे संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया है, जिसने अपना नाम सुशील देवांगन पिता स्वर्गीय गंगाधर देवांगन उम्र 33 साल निवासी स्टेडियम के पीछे गायत्री मंदिर मार्ग बोइरदादर थाना चक्रधरनगर का रहने वाला बताया, मोटर सायकल के संबंध में कड़ी पूछताछ पर सुशील देवांगन ने 7 अगस्त के शाम शहीद चैक पर चाय नाश्ता दुकान के पास खड़ी एचएफ डीलक्स सीजी 13 एडी 0157 को चोरी कर घर में छुपा रखना बताया जिस पर दूसरा नंबर प्लेट लगाकर उसके वाइजर और सीट को चेंजकर चला रहा था। कल मोटर सायकल बेचने की फिराक में पकड़ा गया। मोटर सायकल चोरी के संबंध में 18 अगस्त को ग्राम सम्बलपुरी चक्रधरनगर में रहने वाले मंगल सिंह ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा चोरी मोटर सायकलों के पतासाजी के लिये अपने स्टाफ के साथ मुखबिर लगाये हुये हैं। कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुशील देवांगन को वाहन चोरी के अपराध में कल गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। माल मुल्जिम पतासाजी में उपनिरीक्षक दीपिका निर्मलकर, आरक्षक जगमोहन ओग्रे और उत्तम सारथी की अहम योगदान रहा।

### केलो ब्रिज के नीचे नदी में दिखा शिवलिंग, जुटी भीड़



**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के केलो नदी ब्रिज पर कल शाम करीब 6 बजे धार्मिक आस्था का ऐसा नजारा देखने को मिला कि बीच पुल पर हजारों में लोग घंटे भर के लिए ठहर गए। हुआ यूं कि शाम 6 बजे करीब पांच से छः फुट ऊंची शिवलिंग की आकृति मरीन ड्राइव के पास केलो नदी के बीच में उभर आई। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालात कुछ ऐसे हो गए कि केलो पुल और मरीन ड्राइव सड़क पर जाम की स्थिति बन गई।

लोग हर हर महादेव ओम नमः शिवाय के नारे लगाने लगे। इसी बीच एक उत्साही युवक नदी के बीच शिवलिंग की आकृति के पास पहुंच गया। उसने मूर्ति को हाथ लगाया तो हकीकत सामने आ गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि समलेश्वरी मंदिर में आयोजित पूजा समापन के बाद कपड़े और लकड़ी के बने शिवलिंग की आकृति को घंटे भर पहले विसर्जित किया था। वही आकृति नदी में बहकर पानी के बीच सीधी खड़ी हो गई, जिस पर कुछ लोगों की नजर पड़ी और लोगों ने यह अफवाह उड़ा दिया कि सावन के महीने में कल केलो नदी के बीच अचानक छह फीट ऊंचे शिवलिंग प्रकट हुए हैं। जिसे देखने के लिए धीरे धीरे सैकड़ों की संख्या में लोग जुट गए।

# दो नाबालिगों ने की थी युवक की हत्या

■ **आईपीएस उदित पुष्कर ने 48 घंटे के भीतर हत्या का मामला सुलझाया**




**रायगढ़** 21 अगस्त (देशबन्धु)। 18 अगस्त के सुबह जूटमिल पुलिस को सोनूमुडा में रहने वाले अगर दास पिता लाल दास उम्र 38 साल का शव उसके घर के समीप संदिग्ध अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, थाना प्रभारी कोतरारोड़, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। शव के निरीक्षण पर मृतक के शरीर पर दिख रहे चोटों के निशान हत्या के अपराध को इंगित कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर को मामले की जांच हेतु निर्देशित किया गया।

उदित पुष्कर द्वारा जूटमिल पुलिस के साथ शव पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए केजीएस भेजा गया, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का मामला उजागर होने पर 19 अगस्त को अज्ञात आरोपी पर हत्या का अपराध दर्ज कर जांच अधिकारी श्री पुष्कर द्वारा मृतक अगर दस के परिवारजनों एवं आसपास रहने वालों से पूछताछ कर जांच के दायरे को आगे बढ़ाये। मृतक से किसी के झगड़ा विवाद समेत अन्य सभी पहलुओं पर प्रशिक्षु आईपीएस द्वारा सूक्ष्मता से जांच की जा रही थी। उन्होंने मृतक अगर दास के घटना 17 अगस्त की सभी गतिविधियों को अपने तरीके से चेक किया गया जिसमें कोई खास जानकारी निकलकर नहीं आयी। एक ओर पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक कर संदिग्धों से पूछताछ कर रही थी। तभी 17 अगस्त की रात क्षेत्र के दो किशोर बालकों को संदिग्ध अवस्था में देखे जाने के प्रमाण सामने आये। पुलिस तत्काल दोनों नाबालिक लड़कों को अभिरक्षा में लिया गया। आईपीएस उदित पुष्कर द्वारा दोनों संदेहियों से पृथक-पृथक वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर दोनों अपराध स्वीकार कर घटना का वृतांत बताये।

अपचारी बालकों ने बताया कि घटना 17 अगस्त की रात्रि सोनूमुडा भक्तिडिपा जाने वाले रास्ते में पहले से चाकू लिये लूटपाट की नियत से खड़े थे। रात्रि अगर दास लड़खड़ाते आया जिसे लूटपाट की नीयत से रोके और उससे झगड़ा मारपीट कर अपने पास रखें चाकू से अगर दास के सीने, काख, पीठ में मारपीट कर चोट पहुंचाना और उसके मोबाइल को छीन कर भाग जाना बताया। जांच अधिकारी द्वारा घटनास्थल एवं अपचारी बालकों से मोबाइल एवं अहम साक्ष्यों की जप्ती कर कल दोनों विधि के साथ संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष के समक्ष पेश कर बाल संप्रेषण गृह रायगढ़ भेजा गया है। मामले का 48 घंटे के भीतर पटाक्षेप करने में प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर के साथ थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक शशि देव भोई एवं आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ की अहम भूमिका रही है।

# कलेक्टर की जनचौपाल में आए 89 आवेदन समयसीमा में निराकरण के निर्देश



**रायगढ़,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में जन सामान्य की समस्याओं को मौके पर सुनते हुए प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राशन, पेंशन, सहायक उपकरण सहित राजस्व तथा भू-अर्जन के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम-साजापाली के ग्रामीण राशन प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा राशन सामग्री वितरण में बहुत ज्यादा अनियमितता बरती जा रही है। राशन लेने जाने पर संचालक का एकमात्र कहना है कि अभी राशन नहीं आया है जब आयेगा तो मिलेगा। ऐसे करते-करते तीन से चार माह बीत गया। प्रतिमाह राशन नहीं मिलने के कारण हम सभी को जीवन-यापन में बहुत कठिनाईयां हो रही है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उक्त आवेदन पर खाद्य अधिकारी को तत्काल जांच कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मौहापाली निवासी श्री बाबूलाल अधिग्रहित भूमि मुआवजा के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एसईसीएल छाल क्षेत्र द्वारा उनकी भूमि को अधिग्रहित किया गया है। जिसका मुआवजा आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। उन्होंने मुआवजा राशि भुगतान के संबंध में निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर को निर्देशित किया। बिना मान्यता कम्प्यूटर सेंटर संचालित किए जाने के संबंध में जांच हेतु लैलूंगा पोटे बिरनी निवासी जदुमनी गुप्ता आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि लैलूंगा में हाईटेक कम्प्यूटर एजुकेशन के संचालक कमलेश नायक द्वारा बिना मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर का संचालन किया जा रहा है। उनके द्वारा मान्यता के संबंध में बिना जानकारी दिए बच्चों को कम्प्यूटर से संबंधित विश्व विद्यालयीन कोर्स में प्रवेश दिलाया जा रहा है, जो कि अनुचित है एवं बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने एसडीएम लैलूंगा को उक्त कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

विकासखण्ड पुसौर के ग्राम-भांडनपाली निवासी जरबन गुप्ता विकलांग पेंशन की मांग हेतु आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे जन्म से दृष्टिबाधित है और उनका शत-प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बना हुआ है। दिव्यांगता के कारण वे किसी भी कार्य को करने में असमर्थ है एवं आय का कोई भी साधन न होने के कारण जीवन-यापन में कठिनाई हो रही है। इसी तरह रायगढ़ के सहदेवपाली निवासी सुमित्रा बाई महंत ट्रायसायकिल की मांग हेतु जनचौपाल में आयी थी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को उक्त दोनों आवेदनों पर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। डीपापारा रायगढ़ निवासी श्री मनु सिंह, पुनर्वास नीति के तहत बकाया मुआवजा राशि भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि नहर निर्माण हेतु उनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। जिसके पश्चात उन्हें मुआवजा राशि प्रदान की गई थी किंतु शेष राशि आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हो पायी है। शेष मुआवजा राशि नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से मुआवजे की शेष राशि अति शीघ्र दिलाए जाने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने एसडीएम रायगढ़ को आवेदन पर प्राथमिकता के साथ कार्यवही के निर्देश दिए।

जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 89 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिकता से आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सार-संक्षेप

## बच्ची की आंख का इलाज चिरायु से होगा कलेक्टर के निर्देश




**सारंगढ़,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनदर्शन में आए नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन करके और आवेदनों में निराकरण के लिए लिखित निर्देश दिया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम भोथिडीह के श्री श्यामलाल टंडन ने अपनी पुत्री नेहा टंडन की इलाज डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से कराने के लिए निवेदन किया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम बरभांठा के अक्षय जांगड़े ने अपनी 2 वर्षीय पुत्री के बायां आंख से जन्मजात दिखाई नहीं देने विकृति के इलाज कराने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के निर्देश पर जिले के चिरायु टीम को बच्ची की जानकारी आधार कार्ड सहित भेजी गई है। इसी प्रकार ग्राम दुर्गापाली के दिव्यांग जगदीश राम खुंटे ने उनको विगत वर्ष आवंटित ट्रायसायकल को प्रदान करने के लिए आवेदन किया, तब कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को कोसीर में 24 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मेरे सामने ट्रायसायकल प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्रसूति अवकाश का लाभ के लिए प्राप्त आवेदन के निराकरण के लिए श्रम अधिकारी को निर्देश दिया। जनदर्शन के अन्य आवेदनों में प्राकृतिक आपदा आग से घर का सामान जलने का मुआवजा, विद्युत करंट से हुई मृत्यु का मुआवजा, प्रधानमंत्री फसल बीमा सुरक्षा योजना क्लेम का भुगतान, धान की बिक्री का भुगतान, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की शिकायत, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन की समस्या के निराकरण के लिए लोगों द्वारा कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से अर्जी की गई।

## पंडित आकाश तिवारी का आकस्मिक निधन

**खरसिया,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। ब्राह्मण हिन्द महागठबंधन और भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति खरसिया से जुड़े विप्रजनों ने अपने साथी ग्राम तेलीकोट निवासी पंडित आकाश तिवारी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



ज्ञात हो कि वन विभाग खरसिया में वनरक्षक के पद पर कार्यरत पंडित आकाश तिवारी का 20 अगस्त को सिविल अस्पताल खरसिया में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर ब्राह्मण हिन्द महागठबंधन के प्रदेश महासचिव पंडित रिपुसूदन पाण्डेय ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने अपना एक सहयोगी साथी, छोटा भाई खो दिया। वे अपने पिताजी के निधन के बाद से अपने चाचाओं और बड़े भाई के मार्गदर्शन में पूरे परिवार को एकजुट करके रखे हुए थे। भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति से जुड़े पंडित प्रवीण चतुर्वेदी और पंडित डालिस पाण्डेय ने कहा कि आकाश तिवारी हमारे सहपाठी थे और शुरू से ही वे अत्यंत व्यवहार कुशल, मिलनसार, मृदुभाषी और सहयोगी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। किसी से भी वे हमेशा हंसकर ही मिलते थे और सबको बराबर सम्मान देते थे। उनके निधन से हमने अपना एक सच्चा साथी खो दिया है।

## इंजीनियर एवं शिक्षक दोनों सगे भाइयों के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर





**डभरा,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड डभरा के अंतर्गत खैरा खुर्द का है जहां सेवानिवृत शिक्षक देवचरण पटेल के दोनों पुत्रों का हृदयाघात से निधन हो गया आपको बता दें कि इंजीनियर राजेश पटेल की पत्थलगांव में पदस्थ थे जिनका 8 अगस्त को हार्ट अटैक से मृत्यु हो गया जिसका दशकर्म 18 अगस्त को होना था और उनके छोटे भाई रमेश पटेल सहायक शिक्षक जो बेनीपाली स्कूल में पदस्थ थे उनका भी आचनक हार्ट अटैक से 17 अगस्त को निधन हो गया, इस हृदय विदारक घटना से पूरा क्षेत्र में शोक की लहर है जिसका दशकर्म 26 अगस्त को होगा। दोनों सगे भाइयों का हार्ट अटैक से निधन होना परिवार के साथ साथ अंचल के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना में अखिल भारतीय अघरिया समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमल किशोर पटेल, उपाध्यक्ष चतुर्भुज पटेल, बाबूलाल पटेल, तेजराम पटेल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद पटेल, डॉ राजेंद्र चौधरी, मनीष चौधरी, इंद्र कुमार पटेल सहित सामाजिक बंधुओ ने शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना किए हैं।

## कलेक्टर जनदर्शन में आए 82 आवेदन


**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर द्वारा जिले के आमनागरिकों की विभिन्न समस्याओं, मांग आदि को गंभीरतापूर्वक सुना जा रहा है। जिस कारण जिले के विभिन्न दुरूस्थ क्षेत्रों के लोग भी कलेक्टर को नि:संकोच अपनी समस्याएं बता रहें हैं। आज जनदर्शन में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने सभी जरूरी आवेदनों को टीएल में पंजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज ग्राम देवरानी के निवासी चिंताराम टंडन किसान पेंशन में सुधार करवाने, तहसील पामगढ़ के ग्राम धरदेई निवासी ममता सुमन बैंक लोन राशि से संबंधित आवेदन, तहसील पामगढ़ के ग्राम मुलमुला निवासी रेंज कुमार खुंटे द्वारा बिजली बिल सुधार, तहसील शिवरीनारायण के ग्राम खिसोरा निवासी गजराज प्रसाद तिवारी द्वारा बी-1 का रिकार्ड प्राप्त करने, ग्राम खैजा निवासी संतोष कुमार लहरे एवं शांति राम बंजारे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का किस्त राशि दिलाने, विकासखंड अकलतरा के ग्राम मुरलीडीह निवासी टेकचंद जोगी द्वारा सीमांकन संबंधी आवेदन, तहसील पामगढ़ ग्राम चंडीपारा निवासी सत्यनारायण अनंत द्वारा ऋण माफ करने संबंधी आवदेन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, राशनकार्ड, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता सहित कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए।

# नागपंचमी पर हजारों की संख्या में दलहा पहाड़ पहुंचे लोग

### चोटी पर चढ़कर मनोरम दृश्य कैमरे में किया कैद

**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। अकलतरा विकासखंड मुख्यालय से उत्तर की ओर 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दलहा पहाड़ में आज नाग पंचमी पर जिले सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा, इसमें से ज्यादातर लोग पहाड़ की तराई में स्थापित मुनि आश्रम तक ही रहे, जहां धार्मिक भजन कीर्तन के अलावा प्रसिद्ध सूर्य कुंड का जल ग्रहण किए। वही सैकड़ों लोगों ने ऊंची पर्वत चोटी पर चढ़कर आसपास के मनोरम दृश्य का नजारा अपने अपने कैमरे में कैद कर लिया। जहां सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की टीम मौजूद रही।

जिला मुख्यालय जांजगीर से 25 कि.मी. दूर अकलतरा के पास दलहा पहाड़ है। यहां नागपंचमी के दिन हर साल मेले का आयोजन किया जाता है। इस पहाड़ में मुनि का आश्रम और सूर्यकुंड प्रसिद्ध है। इस कुंड की महत्ता साल के एक दिन नागपंचमी पर सबसे ज्यादा होता है। बताया जाता है कुंड का पानी पीने से सभी प्रकार की बीमारी दूर होती है। यहां नागपंचमी के दिन लोग पहाड़ की चोटी पर चढ़ते है। साथ ही यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें शामिल होकर भक्तों का उत्साह बढ़ जाता है। भक्त चारों ओर से पहाड़ पर चढ़ते हैं। दलहा पहाड़ की चोटी पर जाने के लिए जंगल से गुजरते हुए और पत्थरों से भरा लंबा रास्ता तय करने के बाद सीधी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। पहाड़ के चारों ओर कोटगढ़, पचरी, पंडरिया व पोड़ी गांव है। आज सुबह से यहां लोगों की भीड़ लगी रही।



### खतरनाक है पहाड़ की चढ़ाई

दलहा पहाड़, जो अपनी धार्मिक मान्यताओं के कारण लोगो में अत्यंत ही प्रसिद्ध हैं। पहाड़ की ऊंचाई लगभग 700 मीटर है। इस पहाड़ की ऊपरी चोंटी पर पहुंचने एवं ऊपर से पहाड़ के चारों ओर का नजारा देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। पहाड़ के चारों ओर कोटगढ़, पचरी, पंडरिया व पोड़ी गांव हैं। यहां से घने जंगल के अंदर से जब लोग पहाड़ की ओर बढ़ते हैं तो उन्हें कटीले पौधों और पथरीली पहाड़ों से होकर गुजरना पड़ता है। इस जंगल में सांप भी रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग इस यात्रा का मोह नहीं छोड़ते है।

### सूर्यकुण्ड का पानी पीने से दूर होती है बीमारी

इस दलहा पहाड़ में विशेष रूप से महाशिवरात्रि और आज नाग पंचमी के दिन यहां पर बेहद भीड़ होती हैं। मुनि का आश्रम और सूर्यकुंड विशेष प्रसिद्ध है। यहां के पंडित उमाशंकर गुरुद्वान के मुताबिक, ऐसी मान्यता है कि नागपंचमी के दिन कुंड का पानी पीने से लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहता है। लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी हो, यहां का पानी पीने से चली जाती है।

## भाजयुमो की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न

**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। भाजयुमो जांजगीर चांपा विधानसभा स्तरीय बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गयी,जिसमे नव मतदाता संपर्क अभियान,नव मतदाता सम्मेलन,1 बूथ 20 यूथ,मंडल संरचना, वर्तमान कार्यक्रम एवं आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष छ. ग. एवं जांजगीर चांपा विधायक नारायण चंदेल,भाजपा जिलाध्यक्ष ,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी रितेश मोहरे,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, विधानसभा के प्रभारी सुभाष राठौर, रितेश राठौर, योगेश राणा,चुन्नी राठौर, दिनेश राठौर,नरेन्द्र साहू,सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाल गृह के संचालन के लिए मंगाये आवेदन

**जांजगीर।** किशोर न्याय (बालको के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के अधीन ऐसे स्वयंसेवी संस्था जो स्वयं के वित्तीय भार पर बालगृह (बालिका) का संचालन करने में समर्थ हो, 31 अगस्त तक आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जांजगीर-चांपा में प्रेषित कर सकते है।

# प्लांट में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी





**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। मडवा पावर प्लांट में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी राजू कुमार सूर्यवंशी उम्र 42 साल निवासी बनारी थाना जांजगीर से 15 मई 2023 को आरोपी पुनम चन्द्र लहरे निवासी अमरताल के द्वारा मडवा पावर प्लांट में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी से 22,000 रूपए एवं शांति लाल पटेल, परमेश्वर कश्यप, राजु कश्यप से 20-20 हजार रूपए कुल 82,000 रूपये लेकर धोखाधडी कर ठगी किया है। इसकी रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी पुनम चन्द्र लहरे उम्र 54 वर्ष साकिन अमरताल के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 20 अगस्त को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यकला रामटेके, सउनि अरूण सिंह, सउनि, प्रधान आर संतोष यादव आर. प्रदीप दुबे , राघवेन्द्र धृतलहरे का योगदान रहा।

राशि आहरण कर धोखाधडी करने वाला आरोपी गिरफ्तार पुरुषोत्तम नामदेव उम्र 31 वर्ष साकिन पोड़ीभाठा अकलतरा द्वारा 13 अगस्त 23 को ग्राम हरदी के वैभव साहू से समूह का लोन पैसा पटाने एंव आधार कार्ड व पेन कार्ड सम्बंधित काम करने, एवज में कुल 9,360 रूपये की धोखाधडी करने के संबध मे लिखित आवेदन पेश करने पर आरोपी वैभव साहू के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी वैभव साहू को हिरासत में लेकर में पूछताछ किया बताया की प्रार्थी से काम करने के एवज में कुल 9360 रूपये आहरण कर धोखाधडी करना अपना जुर्म स्वीकार करने पर 20 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# कार्यकर्ताओं का सम्मान करना गर्व की बात-अमर सुल्तानिया



**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। जांजगीर चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के अमोरा शक्ति केन्द्र के वरिष्ठों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान करने का अवसर मिलता है ये मेरे लिए गर्व की बात है।

आज भारतीय जनता पार्टी को विश्व में सबसे बड़ी राजनितिक पार्टी होने का गौरव प्राप्त है, पूरे देश में सबसे ज्यादा विधायक भारतीय जनता पार्टी के पास है, पूरे देश सबसे ज्यादा सांसद भारतीय जनता पार्टी के पास है, राज्यो में सबसे ज्यादा सरकार भारतीय जनता पार्टी के पास हैं। विश्व में आज भारत देश की अलग पहचान हैं। हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को अलग सम्मान दिलाया है यह सब सम्भव हमारे बूथ स्तर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं युवाओं के जोश के कारण सफल हो पाया। विपरित परिस्थितियों में भी वरिष्ठों ने जो अपना परिश्रम किया उसी से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन पाई हैं। सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों के द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्रों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। वरिष्ठ बुजुर्गों जिनका सम्मान किया गया खम्हन तिवारी, मधुसूदन पाण्डेय, राधे कश्यप, अघोर केंवट, रामकुमार केंवट, कृष्ण कुमार कर्ष, कलेश्वर कश्यप, जगन्नाथ कश्यप, छतराम कश्यप, भाऊराम कश्यप, छेरका सूर्यवंशी, कलेश्वर तिवारी, बैशाखु कश्यप, छोटेलाल साहू, जीवराखन पटेल को साल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं साथ में भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन खम्हन तिवारी के द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन धनंजय तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर खम्हन तिवारी, मुकेश भोपालपुरिया, रामलल्ला सिंह, भुपेन्द्र साहू, धनंजय तिवारी, विरेन्द्र कुमार साहू, ईतवारी सूर्यवंशी, रोहित सोनी, संतराम कर्ष, रविन्द्र कुमार, शिवकुमार, उदय कुमार,सनद कुमार जगत, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# इंजीनियर रवि पाण्डेय ने की टिकट की दावेदारी



**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के सचिव इंजीनियर रवि पाण्डेय ने जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस पार्टी के टिकट की दावेदारी करते हुए आज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चारों ब्लाक अध्यक्ष के कार्यालय अपने सहयोगियों सहित पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत किया।

ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आगामी 22 अगस्त तक दावेदारो के अपने विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक अध्यक्षों को आवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश है। कई वर्षो से जनसेवा करते हुए आज इंजीनियर पाण्डेय अपने सहयोगी साथियों सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी जांजगीर नैला शहर अध्यक्ष संतोष शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष शत्रुहनदास महंत, ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष अवधेश गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी को विधानसभा में टिकट हेतु अपना दावा प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव मे जांजगीर-चांपा विधानसभा सहित सभी तीनों सीटों पर विजय हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ मे पुन: कांग्रेस की सरकार बनायेंगे। इस अवसर पर हरप्रसाद साहू श्रम कल्याण मण्डल के सदस्य, किशन शर्मा, उपकार सिंह ढिल्लो, गोपाल गुलशन सोनी, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील सोनी, प्रकाश अग्रवाल, विनोद तिवारी, हरीश पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय सोसायटी अध्यक्ष, शशिकुमार यादव सोसायटी अध्यक्ष,विजय प्रकाश तिवारी, राकेश सिंह, धनपति खरे, रूपदास वैष्णव, चन्द्रशेखर कश्यप प्रदेश अध्यक्ष अथरिया कुर्मी समाज, सरपंच ओमप्रकाश कुर्रे, सरपंच यशवंत पटेल, सरपंच तिहारू पटेल, सरपंच उमाकांत राठौर, सरपंच महारथी चौहान, सरपंच परमानंद कश्यप, सरपंच संजय सूर्यवंशी, सरपंच गोपी कुर्रे, सरपंच राजेश्वर कश्यप, सरपंच रोहिणी साहू, सरपंच कन्हैया कैवर्त, सरपंच आर.के. यादव, सरपंच छतराम कश्यप, रोहित यादव जोन अध्यक्ष, उप सरपंच बालकृष्ण यादव, दिलीप कश्यप, रामकिशुन देवांगन, चन्द्रकांत राठौर, सहित भारी संख्या मे जांजगीर-चांपा विधानसभा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## ठगी के मामले में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रार्थी संतोष कश्यप ने नवागढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुनीराम कश्यप से उसकी जान-पहचान थी। उसने साल 2014 में उसके दो बेटों मनबोध कश्यप को एसबीआई में चपरासी और दूसरे बेटे गजानंद कश्यप को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के तौर पर नौकरी लगवाने की बात कही थी। वो उसके झांसे में आ गया और दोनों बेटों की नौकरी लगाने के लिए 3 लाख रुपए दे दिए। रुपए देने के कई महीनों बाद भी जब उसके दोनों बेटों की नौकरी नहीं लगी, तो उसने पुनीराम से अपने 3 लाख रुपए वापस मांगे। जिस पर पुनीराम कश्यप ने पैसा वापस करने की बात कही। संतोष कश्यप ने कहा कि जब भी वो पैसा मांगने जाता था, तो आरोपी आज पैसे दूंगा, कल दूंगा कहकर उसे टाल देता था। इस तरह से 9 साल बीत गए। इसके बाद उसने 19 अगस्त को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने रविवार को पुनीराम कश्यप को उसके घर अमोरा गांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पुनीराम कश्यप ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# महाविद्यालय के प्राचार्यों, स्वीप प्रभारी तथा कैंपस अम्बेसडर्स की हुई बैठक





**जांजगीर,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं स्वीप नोडल अधिकारियों तथा जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं कैंपस अम्बेसडर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में चल रहे राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी 50 दिनों में मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाई गई। स्वीप नोडल अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर डॉ. आराध्या राहुल कुमार ने स्वीप कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि संस्था स्तर पर महाविद्यालय एवं अन्य संस्थान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, नारा लेखन, मानव श्रृंखला इत्यादि परम्परागत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त जिलें में और अनेक मतदाता जागरूकता के नवाचार कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं।कलेक्टर ने कहा कि जिलें में दिव्यांगजन, वृद्धजन तथा युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का कार्य महाविद्यालयीन युवाओं के द्वारा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी कैडेट्स, भारत स्काउट एवं गाईड के स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं एवं पढ़े लिखे युवाओं में मतदाताओं के बीच मत देने के संबंध में जो उदासीनता है उसे दूर करने में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की सक्रियता शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने में मददगार हो सकते है। अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने कहा कि एक अक्टूबर के स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में एक अभियान के रूप में 31 अगस्त तक अवश्य दर्ज कराए। बैठक में स्वीप नोडल अधिकारी ने ऑनलाईन मतदाता पंजीयन पोर्टल, राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी प्रतीक चिन्ह ''चुनई चिरई'' तथा जिला स्तर पर मतदान के स्लोगन ''कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन'' के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा, सहायक जिला नोडल अधिकारी स्वीप प्रो. बी.के. पटेल, डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी, उप संचालक, समाज कल्याण टी.पी. भावे, जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण जिलें के महाविद्यालयीन प्राचार्य, स्वीप के प्रभारी नोडल ऑफिसर गण तथा कुछ चयनित कैंपस अम्बेसडर उपस्थित थे।

## रूस में यूक्रेनी ड्रोन का मलबा गिरने से दो घायल

**मास्को।** रूस में मास्को क्षेत्र के इस्ट्रिंस्की जिले में एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा गिरने से दो लोग घायल हो गए। रूस के गवर्नर एंड्री वोरोब्योव ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के माध्यम से एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यह मास्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। बाद में, मंत्रालय ने जानकारी दी कि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा बलों ने मास्को क्षेत्र में इस्ट्रिंस्की जिले के ऊपर एक और यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया है। श्री वोरोब्योव ने टेलीग्राम पर लिखा, घायल दोनों व्यक्तियों में से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हमले में तीन घरों में खिड़कियां टूट गईं।



### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की आज से हो रही है शुरुआत

# प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में मंगलवार से शुरू होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग के साथ मुलाकात की संभावना पर टिप्पणी करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

क्वात्रा ने 22 से 25 अगस्त के बीच मोदी की दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस यात्रा पर एक ब्रीफिंग के दौरान मीडियाकर्मियों को बताया, प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह जोहान्सबर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां वह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन का समापन 24 अगस्त को होगा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर मोदी और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव (एफएस) ने कहा मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में अतिथि देशों को आमंत्रित किया है। दक्षिण अफ्रीका में मौजूद रहने वाले नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों के संदर्भ में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जहां तक ब्रिक्स के विस्तार का सवाल है, हम शुरू से ही स्पष्ट रहे हैं कि जब ब्रिक्स विस्तार की बात आती है तो हमारा इरादा सकारात्मक और दिमाग खुला है। ये दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स के शेरपाओं के बीच चल रही वर्तमान चर्चा के विषय हैं और मैं चर्चाओं के नतीजे के बारे में पहले से अनुमान नहीं लगाना चाहता। एफएस ने ब्रिक्स मुद्रा पर कहा, साझा मुद्रा ढांचे के बारे में बात करने से पहले आम मुद्रा चर्चा में कई पूर्वापेक्षाएं होती हैं। ब्रिक्स में चर्चा रूपरेखा, ब्रिक्स में उस चर्चा रूपरेखा का सार राष्ट्रीय मुद्रा के भीतर व्यापार पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल बिजनेस ट्रैक्स बैठकों और ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल, ब्रिक्स महिला बिजनेस एलायंस और ब्रिक्स बिजनेस फोरम की बैठकों में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा भी कर रहा है।






विदेश मंत्रालय ने शी से मुलाकात की अटकलों को किया दरकिनार

## द. अफ्रीका को ब्रिक्स बैंक से पांच अरब डॉलर से अधिक प्राप्त



**ब्लॉमफोन्टेन।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार को कहा कि उनके देश को सड़क, जल आपूर्ति और ऊर्जा के निर्माण के लिए ब्रिक्स देशों द्वारा बनाए गए न्यू डेवलपमेंट बैंक से 100 अरब रैंड (5.27 अरब डॉलर) प्राप्त हुए। श्री रामफोसा ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, दक्षिण अफ्रीका को 2015 में ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित किए गए न्यू डेवलपमेंट बैंक से लाभ हुआ है। हमारे देश को सड़क, पानी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 100 अरब रैंड के मूल्य की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बैंक द्वारा वित्त पोषित किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अन्य ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत कर रहा है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग कर रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जाएगा। इसमें रूस, चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वीडियो लिंक के माध्यम से शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

## चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा

**बीजिंग।** चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा और संगठन में नए भागीदारों के शीघ्र प्रवेश का स्वागत भी करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस सेवा ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले कहा, चीन का हमेशा से मानना रहा है कि ब्रिक्स एक खुला और समावेशी तंत्र है, बीजिंग ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करता है और अधिक समान विचारधारा वाले भागीदारों के ब्रिक्स बड़े परिवार में शीघ्र प्रवेश का स्वागत करता है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 22 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 4**

### राशिफल

मेष -आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में लोगों की प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। धन की बेहतर आवक होगी। पारिवारिक और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। वाहन सुख मिलेगा।

वृषभ -शारीरिक मानसिक स्वस्थता के साथ आप अपने काम निर्धारित रूप से पूरे कर सकेंगे। बीमार व्यक्ति आज स्वास्थ्य में सुधार का अनुभव करेंगे। ननिहाल पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। कार्य स्थान पर सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन -नए कामों की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल नहीं है। जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत है। चर्चा, वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क -आप में आज आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में खिन्नता रहेगी। छाती में दर्द या किसी कारण से तकलीफ होगी। अनिद्रा सताएगी। सार्वजनिक रूप से स्वाभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन खर्च होगा।

सिंह -कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय मिलने से मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। भाई-बहनों के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ किसी रमणीय पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कन्या -आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। वाणी की मधुरता से दूसरे लोगों के मन पर अपनी सकारात्मक छाप छोड़ सकेंगे। पारिवारिक वातावरण भी अच्छा रहेगा। वाणी पर संयम बरतने से वाद-विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

तुला -आपके प्रत्येक काम में आत्मविश्वास छलकता हुआ दिखेगा। आर्थिक योजनाएं भी सरलतापूर्वक बना सकेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। वस्त्राभूषण और आनंद-प्रमोद के पीछे खर्च होगा।

वृश्चिक -स्वभाव में उग्रता और वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यथित रहेगा। वाहन चलाते समय दुर्घटना हो सकती है। संभव हो तो ऑपरेशन या नई चिकित्सा को आज टाल दें।

धनु -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपको आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। मित्रों और परिजनों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने से खुशी मिलेगी।

मकर -परिवार और संतान के विषय में आपको आनंद और संतोष का भी अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ हुई भेंट से आपका मन प्रसन्न हो उठेगा। व्यापार में धन की उगाही के लिए बाहर जाना लाभप्रद रहेगा।

कुंभ -विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। मानसिक रूप से प्रसन्नता बनी रहेगी।

मीन -आकस्मिक धन लाभ का योग है। व्यापारीवर्ग को रुके हुए पैसे मिलेंगे। आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक परिश्रम करने पड़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नीदरलैंड यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देगा : रुटे



**हेग,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने रविवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से पुष्टि की कि नीदरलैंड यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देगा। श्री जेलेंस्की रविवार को नीदरलैंड की यात्रा पर आए। उन्होंने आइंडहॉवन हवाई अड्डे पर श्री रुटे से मुलाकात की और उन्होंने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने एफ-16 लड़ाकू विमान यूक्रेन जाएंगे। श्री जेलेंस्की ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्हें 42 डच एफ-16 लड़ाकू विमानों के समर्थन की उम्मीद है।

## ट्यूनीशिया में फंसे 17 भारतीयों की हुई सुरक्षित वापसी

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने ट्यूनीशिया में एक सशस्त्र समूह के चंगुल में फंसे पंजाब एवं हरियाणा के 17 लोगों को उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद सुरक्षित रिहा कराने के बाद कल शाम स्वदेश वापसी करा दी। सूत्रों ने आज यहां बताया कि विदेश मंत्रालय और ट्यूनिस स्थित भारतीय दूतावास के निरंतर प्रयासों के बाद, पंजाब और हरियाणा से 17 भारतीय नागरिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक भारत ले जाया गया है। सूत्रों के अनुसार यह मामला 26 मई 2023 को फंसे हुए भारतीय नागरिकों के परिवारजनों द्वारा ट्यूनिस में हमारे दूतावास के ध्यान में लाया गया था। भारत से तस्करी के बाद भारतीयों को लीबिया के ज़्वारा शहर में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंदी बना लिया गया था। तब से दूतावास परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में था। सूत्रों के मुताबिक भारतीय दूतावास ने मई और जून के दौरान और साथ ही अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से नियमित रूप से लीबियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया। गत 13 जून को, लीबियाई अधिकारियों ने भारतीय नागरिकों को बचाने में सफल रहे, लेकिन उन्हें अपनी हिरासत में ही रखा क्योंकि यह अवैध रूप से देश में प्रवेश का मामला था। सूत्रों ने बताया कि ट्यूनिस में भारतीय राजदूत और नयी दिल्ली में पदस्थ विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद, लीबियाई अधिकारी उन्हें रिहा करने पर सहमत हुए। सूत्रों के अनुसार लीबिया में उनके प्रवास के दौरान, भारतीय दूतावास ने भारतीयों की जरूरतों का ख्याल रखा, जिसमें आवश्यक खाद्य पदार्थ, दवाएं और कपड़े उपलब्ध कराना शामिल था। चूंकि उनके पास पासपोर्ट नहीं था, इसलिए उनकी भारत यात्रा के लिए आपातकालीन प्रमाणपत्र जारी किए गए थे।

**उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद हुई रिहाई**




## तुर्की में बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत

**अंकारा,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। तुर्की में एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए है। तुर्की मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मध्य तुर्की प्रांत योज़्गाट में हुई। ए हैबर ब्रॉडकास्टर ने बताया कि घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सोरगुन सरकारी अस्पताल ले जाया गया। तुर्की के न्याय मंत्री यिलमाज़ टुनक ने कहा कि कानून प्रवर्तन सेवाओं ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



## स्पेन के जंगल में लगी आग से 12,813 हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित

**मैड्रिड,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। स्पेन के सबसे बड़े कैनरी द्वीप तेनरिफ के जंगल में लगी आग करीब 12,813 हेक्टेयर (31,661 एकड़) तक फैल चुकी है। कैनरी द्वीप समूह की सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कहा, आग 11 नगर पालिकाओं में करीब 12,813 हेक्टेयर तक फैल चुकी है। उन्होंने बताया कि करीब 379 अग्निशामक आग बुझाने में शामिल हैं। इससे पहले रविवार को सरकार ने कहा था कि आग के कारण 12,279 लोगों को निकाला गया है। कैनरी द्वीप समूह के आपातकालीन एवं सुरक्षा समन्वय केंद्र ने शनिवार को कहा कि निकाले गए लोगों की संख्या 26,000 से अधिक हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में, कैनरी द्वीप समूह के राष्ट्रपति फर्नांडो क्लैविजो ने इस क्षेत्र में लगी आग को 40 वर्षों में सबसे जटिल बताया।

## अमेरिका में गोलीबारी तीन लोगों की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के वाशिंगटन प्रांत में दक्षिण सिएटल हुक्का लाउंज में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सिएटल पुलिस प्रमुख एड्रियन डियाज़ ने रविवार दोपहर संवाददाताओं को बताया कि रेनियर हुक्का लाउंज में स्थानीय समयानुसार रविवार तड़के करीब 04:30 बजे (1130 जीएमटी) गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और छह घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और एक महिला हैं। श्री डियाज ने कहा कि गोलीबारी करने के पीछे कारणों की जांच की जा रही है और साथ ही संदिग्धों की संख्या का भी पता लगाया जा रहा है।

## आज का इतिहास

1320-नसीरूद्दीन खुसरू को गाजी मलिक ने हराया
1639-ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।
1848-अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर क़ब्ज़ा किया।
1849-इतिहास का पहला हवाई हमला- ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से हमला किया।
1851-ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई।
1894-नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 22 अगस्त को की गई थी।
1910-जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर क़ब्ज़ा किया।
1914-ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।
1921-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।
1955-प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ चिरंजीवी का जन्म।
1978-केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याता का 83 साल की उम्र में निधन।
1979-राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने लोकसभा भंग की।
2002-काठमांडू में सार्क विदेश मंत्रियों का सम्मेलन सम्पन्न, नेपाल में हवाई दुर्घटना में 16 व्यक्ति मारे गये।
2007-अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत के लिए दो सप्ताह के मिशन पर गया अंतरिक्ष यान एण्डेवर फ़्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर पर सुरक्षित उतरा।
2008-मध्य प्रदेश सरकार ने बनवासियों के लिए साधारण वन अपराध मामले और मुआवजा वसूली खत्म करने का निर्माय लिया।

**गठन** | *पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार का फैसला*

## सेना अधिनियम व ओएसए से संबंधित मामलों के लिए विशेष अदालत बनाई

**इस्लामाबाद, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कार्यवाहक सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और उनके सहयोगियों के खिलाफ महत्वपूर्ण साइफर मामले के साथ-साथ अन्य सभी मामलों की सुनवाई के लिए इस्लामाबाद में एक विशेष अदालत का गठन किया है जिनमें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) और सेना अधिनियम 1952 के तहत आरोप तय किए गए हैं। विशेष अदालत का नेतृत्व आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) कोर्ट नंबर-1 के न्यायाधीश अब्दुल हसनत करेंगे, जबकि दोनों अधिनियमों के तहत आने वाले सभी मामलों की कार्यवाही इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर भवन में सुनी जाएगी।**

राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा दो संशोधन विधेयकों (सेना अधिनियम संशोधन विधेयक 2023 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम संशोधन विधेयक 2023) को मंजूरी देने से इनकार करने के बावजूद समय पर विधेयकों को संसद को वापस नहीं भेजे जाने के कारण इन्हें स्वत: मंजूरी मिल गई। राष्?ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय में उनके कर्मचारियों ने संसद को बिल वापस करने के उनके निर्देश के खिलाफ काम किया। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, अल्लाह गवाह है, मैंने आधिकारिक गोपनीयता संशोधन विधेयक 2023 और पाकिस्तान सेना संशोधन विधेयक 2023 पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था। मैंने अपने कर्मचारियों से बिलों को अप्रभावी बनाने के लिए निर्धारित समय के भीतर बिना हस्ताक्षर किए वापस करने को कहा। मैंने उनसे कई बार पुष्टि की कि क्या उन्हें वापस कर दिया गया है और आश्वस्त किया गया था कि वे वापस कर दिए गए हैं। हालाँकि मुझे आज पता चला कि मेरे कर्मचारियों ने मेरी इच्छा और आज्ञा को कमज़ोर कर दिया। चूंकि अल्लाह सब जानता है, वह आईए को माफ कर देगा। लेकिन मैं उन लोगों से माफी मांगता हूं जिन पर इसका असर पड़ेगा। अल्वी का यह ट्वीट इस खबर के एक दिन बाद आया है कि उन्होंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर कर उन्हें मंजूरी दे दी है। इन घटनाक्रमों ने एक और साजिश को जन्म दे दिया है क्योंकि कई लोग ट्वीट के समय पर सवाल उठा रहे हैं और राष्ट्रपति अल्वी के इरादे पर भी आपत्ति व्यक्त की है, जिनके बारे में उनका कहना है कि उन्होंने खान के पाकिस्तान तहरीक-ए-इन्साफ के साथ अपनी संबद्धता दिखाने के लिए अपने स्वयं के सार्वजनिक कार्यालय का उल्लंघन किया होगा।



■ इमरान, शाह महमूद कुरैशी के साथ-साथ कई मामलों की करेगी सुनवाई

## सुडोकू 6293


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6293




**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6292



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6293 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

## दुनिया को जानें

### कोविड से हाई ब्लड प्रेशर होने की संभावना अधिक : अध्ययन

**न्यूयॉर्क,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। सार्स सीओवी-2 वायरस के कारण होने वाला कोविड-19, पहले से मौजूद हृदय रोगों वाले वयस्कों में उच्च रक्तचाप के विकास से महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है। 45,000 से अधिक लोगों के इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड के विश्लेषण के आधार पर एक नए अध्ययन से ये पता चला है। न्यूयॉर्क शहर में अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन और मोंटेफियोर हेल्थ सिस्टम में रेडियोलॉजी के प्रोफेसर टिम क्यू डुओंग ने कहा, पहले से मौजूद हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों में कोविड-19 आम तौर पर अधिक गंभीर होता है, हालांकि यह अज्ञात था कि क्या सार्स सीओवी-2 वायरस हाई ब्लड प्रेशर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है? हाइपरटेंशन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, यह पहला अध्ययन है जो एक समान श्वसन वायरस की तुलना में कोविड संक्रमण वाले लोगों में हाई ब्लड प्रेशर से जुड़े विकास और जोखिम कारकों की जांच करता है। उच्च रक्तचाप को ऊपर और नीचे की संख्या 130/80 मिमी एचजी से अधिक या उसके बराबर होने के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# खेल जगत

## माही भाई हमेशा कहते हैं 'फ्यूचर की टेंशन मत लो' : ऋतुराज

**डबलिन,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के उप-कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, ने इस जीत के बाद सीएसके के कप्तान एमएस धोनी से नेतृत्व के पहलुओं को सीखने के बारे में बात की। घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र का नेतृत्व करने वाले ऋतुराज गायकवाड़, जिन्हें आयरलैंड शृंखला के लिए उप-कप्तान बनाया गया है और इस साल चीन में आगामी एशियाई खेलों के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे, उन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस का श्रेय अपनी आईपीएल टीम के कप्तान एमएस धोनी को दिया है। ऋतुराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि नेतृत्व की भूमिका बहुत जटिल है। माही भाई हमेशा यही कहते हैं कि एक समय में एक ही मैच के बारे में सोचना चाहिए। बस वर्तमान क्षण में रहें, भविष्य के बारे में चिंता न करें। हर कोई प्रचार करता है, चाहे कुछ भी हो। मैं उस तरह का व्यक्ति नहीं हूं जो वास्तव में सोशल मीडिया देखता हूं कि कोई मेरे बारे में क्या कह रहा है।



# राहुल और श्रेयस की एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी

■ फिट बुमराह व प्रसिद्ध कृष्णा भी वन डे में लौटे ■ तिलक वर्मा नया चेहरा, सैमसन रिजर्व खिलाड़ी ■ चहल और अश्विन को नहीं मिली टीम में जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल जांघ की मांसपेशी और श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट से उबरने के बाद एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारत की 17 सदस्यीय वन डे टीम में वापसी की है। पाकिस्तान और श्रीलंका संयुक्त रूप से 30 अगस्त से 17 सितंबर तक चलने वाले वन डे एशिया कप की मेजबानी करेंगे। इसमें कुल छह टीमें शिरकत करेंगी। भारत के लिए वेस्ट इंडीज में उसके घर में टी-20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने वाले नवोदित बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा एशिया कप के लिए टीम में स्थान बनाने में कामयाब अकेला नया चेहरा है। तिलक वर्मा को अभी भारत के लिए वन डे क्रिकेट में अपने करियर का आगाज करना है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 20 बरस के तिलक वर्मा ने भारत के लिए अभी तक सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और एक अर्द्धशतक सहित कुल 174 रन बनाए हैं।

चोट के बाद ऑपरेशन कराने के बाद फिट होकर भारत को आयरलैंड में टी-20 सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण भी एशिया कप के लिए भारतीय वन डे टीम में वापस लौटे हैं। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण ने टी-20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ शुरू के दो-दो मैचों कुल चार -चार विकेट चटकाए हैं।

वेस्ट इंडीज सीरीज के लिए आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वेस्ट इंडीज में गेंद से निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम से बाहर कर ही दिया गया है ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भी एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। चहल की जगह बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को तवज्जो देकर बाएं हाथ के कलाई के दो स्पिनर भारत के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे। एक दिलचस्प बात यह है कि किसी भी ऑफ स्पिनर को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है।



एशिया कप 30 अगस्त से शुरू होगा और उदघाटन मैच में पाकिस्तान मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगा। भारत की टीम एशिया कप में ग्रुप ए में 2 सितंबर को पालीकेल(श्रीलंका) में पाकिस्तान से अपने पहले मैच भिड़ेगी और फिर 4 सितंबर को पालीकेल में ही नेपाल से मैच खेलेगी। ग्रुप बी में बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो-दो टीमें सुपर 4 में पहुंचेगी। सुपर 4 में पहले और दूसरे स्थान में रहने वाली टीमें 17 सितंबर को कोलंबो(श्रीलंका) में फाइनल में आमने -सामने होंगी। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का घोषणा सीनियर अजित आगरकर की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने की।

**एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम** = रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांडया (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, ईशान किशन (विकेटकीपर), शार्दूल ठाकुर, अक्षर पटेल, सूर्य कुमार यादव, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्ण ।

**रिजर्व खिलाड़ी : संजू सैमसन**

### किसी के भी लिए दरवाजे बंद नहीं हुए है : रोहित शर्मा



भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप के लिए टीम की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलप में यहां कहा, 'जहां तक स्पिनरों की बात है तो हमने ऑफ स्पिनर के रूप में रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को भी चुनने की सोची थी। फिलहाल हम चूंकि केवल 17 खिलाड़ी ही चुन सकते थे और इसीलिए युजवेंद्र चहल को भी टीम में जगह नहीं मिल पाए। हम यदि एक सीमर कम चुनते। हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि अगले दो महीनों में सीमर्स की भूमिका खासी अहम रहने वाली है। हमारे कुछ सीमर्स तेज गेंदबाज लंबे अंतराल के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं और हम इसीलिए एशिया कप में उन्हें ठीक से परखना चाहते हैं। बावजूद इसके लिए एक बात साफ तौर पर कहना चाहूंगा कि किसी के भी लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। कोई भी किसी भी समय भारतीय टीम में वापसी कर सकता है। यदि हम ऐसा महसूस करेंगे कि वन डे विश्व कप के लिए हमें चहल की जरूरत है तो तब हम देखेंगे कि हम उन्हें कैसे टीम में शामिल कर सकते हैं। यही बात अश्विन और वाशिंगटन सुंदर पर भी लागू है। आप किसी एक खिलाड़ी को केवल किसी एक पॉजिशन पर बल्लेबाजी के लिए चुन कर अपने विकल्प सीमित नहीं करना चाहते हैं। हमारी कोशिश अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को किसी खास नंबर पर विशेष पर उतारना है। बल्लेबाजी में सभी सात-आठ पॉजिशन किसी भी बल्लेबाज के लिए खुली हैं और कई बरस हम सभी को यही संदेश दे रहे हैं।

### श्रेयस एकदम फिट, राहुल के भी पूरे फिट होने की उम्मीद : आगरकर

■ **वन डे विश्व कप के लिए टीम लगभग इन्हीं खिलाडियों में से**

चहल की जगह बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को तवज्जो देकर बाएं हाथ के कलाई के दो स्पिनर भारत के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे। एक दिलचस्प बात यह है कि किसी भी ऑफ स्पिनर को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष अजित आगरकर ने एशिया कप के लिए टीम की घोषणा के संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'वेस्ट इंडीज में बाएं हाथ के नवोदित बल्लेबाज तिलक वर्मा में प्रदर्शन के साथ टेम्परामेंट के लिहाज से बहुत संभावनाएं दिखी। हमने इसीलिए तिलक को एशिया कप के लिए वन डे में टीम में यामिल किया है। हम एशिया कप में संयोग से 17 खिलाड़ियों को चुन सकते थे लेकिन वन डे विश्व कप में केवल 15 सदस्यीय भारतीय टीम ही चुनेंगे। हमने कुल 18 खिलाड़ी (एक रिजर्व खिलाड़ी सहित) चुने हैं और वन डे विश्व कप के लिए हमारी टीम लगभग इन्हीं खिलाडियों में से चुनी जाएगी। कई अहम सदस्य चोट के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं सभी फिट रहेंगे। अब इन्हें एशिया कप में कुछ मैच खेलने को मिलेंगे।

## 'मैं अभी फिट हूं', अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर मैक्सवेल ने की सबकी बोलती बंद



मैं जब तक संभव हो तब तक टीम में बना रहना चाहता हूं। मेरा अनुभव वर्ल्ड कप-2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है: ग्लेन मैक्सवेल, ऑलराउंडर ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि वह जब तक संभव हो तब तक टीम में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने जोर दिया कि उनका अनुभव वर्ल्ड कप-2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस ऑलराउंडर को अभी भी सफेद गेंद के सेट-अप में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी माना जाता है। मैक्सवेल ने आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में अपनी जगह बना ली है, साथ ही वो प्रारंभिक वनडे विश्व कप टीम में भी जगह बना चुके हैं। पैर की गंभीर चोट के कारण मैक्सवेल लंबे समय तक खेल से दूर रहे। लेकिन, अब 34 वर्षीय खिलाड़ी कमबैक को लेकर काफी बेताब है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर मैक्सवेल ने कहा, 'मैं तब तक खेलता रहूंगा जब तक लोग मुझे पसंद करेंगे। जब तक उन्हें यह नहीं लगता कि कोई मेरे स्थान के लिए अधिक योग्य है, तब तक मैं लगा रहूंगा।

## बुमराह और प्रसिद्ध इम्तिहान में खरे उतरे, भारत का 2-0 की बढ़त से टी-20 सीरीज पर कब्जा

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। ऑपरेशन कराने के बाद फिट होकर कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार वापसी कर गेंद से कमाल दिखा मालाहाइड (डबलिन) में रविवार रात दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी दो-दो विकेट चटका कर भारत को मेजबान आयरलैंड के खिलाफ रविवार देर रात 33 रन से जीत दिला कर 2-0 निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज जिता दी। भारत ने आयरलैंड से पहला टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर दो रन से जीता था और अब बुधवार को इसी मैदान पर खेला जाने वाला तीसरा और अंतिम टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच मात्र औपचारिकता बन गया है। भारत के लिए तीन टी-20 मैचों की यह सीरीज इस अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर उसके बाद आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की फिटनेस को आंकने के लिए अहम थी। बुमराह और प्रसिद्ध मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों में कुल चार -चार विकेट विकेट चटकाकर इम्तिहान में खरे उतरे। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने सोमवार को एशिया कप के लिए टीम के ऐलान से पहले खुद को मैच फिट साबित कर चयनकर्ताओं का एक बड़ा सिरदर्द कम कर दिया। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने रफ्तार के साथ धार भी दिखाई। नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तरह शुरू के दोनों मैच में कुल चार विकेट चटका साबित किया कि वह भी किसी भी पिच पर गेंदबाजी करने का जज्बा रखते हैं।

■ भारत ने दूसरा टी-20 रिंकू और ऋतुराज की देदनादन से 33 रन से जीता



उपकप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (58 रन, 41 गेंद, एक छक्का और छह चौके) के सूझबूझ भरे अर्द्धशतक और अपने टी-20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का आगाज करने वाले मैन ऑफ द' मैच रहे रिंकू सिंह (39 रन, 21 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों में तूफानी पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन का मजबूत स्कोर बनाया। रिंकू सिंह और शिवम दुबे की दे दनादन से भारत ने अंतिम दो ओवर में ओवर में 42 रन जोड़े। भारत को ढीले आगाज के बाद मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन (40 रन, 26 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) की तीसरे विकेट की 71 रन भागीदारी तथा रिंकू सिंह और शिवम दुबे (अविजित 22 रन, 16 गेंद, दो चौके) की पांचवें विकेट की 55 रन की तूफानी भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई।

## नोवाक जोकोविच ने फाइनल में अल्काराज को हराया, जीता सिनसिनाटी ओपन खिताब

■ 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में हराकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया

**सिनसिनाटी (अमेरिका),** 21 अगस्त (एजेंसियां)। 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में हराकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। या यूं कह लीजिए दर्शकों को सिनसिनाटी मास्टर्स फाइनल में विंबलडन फाइनल का रीमैच देखने का मौका भी मिला। हालांकि, इस बार जीत नोवाक जोकोविच की हुई। अंत तक दोनों खिलाड़ी एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते रहे। एक बेहद चुनौतीपूर्ण मैच में जोकोविच ने 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। जोकोविच का यह 39वां मास्टर्स खिताब है। पहले सेट को अल्काराज ने टाई ब्रेकर में 7-5 से अपने नाम किया। इसके बाद जोकोविच ने जबरदस्त वापसी करते हुए अगले दोनों सेट 7-6, 7-6 से अपने नाम किए। जीत के बाद जोकोविच कोर्ट में ही लेट गए और जोरदार जश्न मनाया।



## भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, पुरुष टीम पाकिस्तान से हारी

**बर्मिंघम,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम को रविवार को बर्मिंघम में इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स-2023 के अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने भारत को 18 रनों से हराकर मेन इन ब्लू पर शानदार जीत के साथ अपने आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स-2023 अभियान की शुरुआत की। वहीं, दूसरी ओर भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हरा दिया। बात अगर भारत-पाकिस्तान मैच की करें तो भारत को आखिरी दो ओवरों में 34 रन चाहिए थे और उसके 4 विकेट बाकी थे। लेकिन, टीम इंडिया यह रन बनाने में सफल नहीं रही और पाकिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबला जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की पुरुष टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 187 रन बनाए। पाकिस्तान ने तेज गति से रन बनाते हुए 20 ओवर में 180 रन का आंकड़ा पार कर लिया। धीमी ओवर गति के कारण भारत पर 6 रन का जुर्माना लगाया गया और पाकिस्तान की पारी 187/8 पर समाप्त हुई।



188 रनों का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत शानदार रही लेकिन मेन इन ब्लू लक्ष्य से 19 रन पीछे रह गई। भारत की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया इससे पहले दिन में, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर अपने आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023 अभियान की शानदार जीत के साथ शुरुआत की।

**सार संक्षेप**

### 'खेडां वतन पंजाब दीयां' सीजन-2 की मशाल मार्च बुधवार से

**चंडीगढ़।** पंजाब को खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनाने और खेल सभ्याचार पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर शुरू की गई 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के सीजन- 2 की शुरुआत से पहले खेलों के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए मशाल मार्च आयोजित करने का फ़ैसला किया गया है। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि खेल की रिवायत के मुताबिक इस बार 'खेडां वतन पंजाब दीयां'' के सीजन- 2 के उद्घाटन समारोह के मौके पर जलाई जाने वाली मशाल को एक सप्ताह पूरे पंजाब में हर ज़िला मुख्यालय में ले जाया जायेगा। इस मार्च की शुरुआत मंगलवार को लुधियाना से होगी। श्री हेयर ने कहा कि पिछले साल 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के पहले सीजन की लुधियाना में समाप्ति हुई थी इसलिये मशाल मार्च लुधियाना से ही शुरू की जायेगी और यह पूरे पंजाब में मार्च करने के बाद 29 अगस्त को बठिंडा में पहुंचेगी, जहां खेलों के दूसरे सीजन का आगाज़ होगा। मशाल मार्च के विवरण जारी करते हुये श्री हेयर ने बताया कि मशाल 22 अगस्त को लुधियाना से मोगा जायेगी। इसी तरह 23 अगस्त को फ़िरोज़पुर, तरन तारन और अमृतसर, 24 अगस्त को गुरदासपुर, पठानकोट और होशियारपुर, 25 अगस्त को जालंधर, शहीद भगत सिंह नगर और रुपनगर, 26 अगस्त को एसएएस नगर, फतेहगढ़ साहिब और मालेरकोटला, 27 अगस्त को पटियाला, संगरूर और मानसा, 28 अगस्त को बरनाला, फरीदकोट और फाजिल्का जबकि 29 अगस्त को मशाल श्री मुक्तसर साहिब और बठिंडा से गुज़रेगी।

### विश्व चैंपियनशिप प्रणय, लक्ष्य दूसरे दौर में पहुंचे

**कोपेनहेगन।** स्टार भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सोमवार को अपने-अपने पुरुष एकल मुकाबले जीतकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व के नंबर नौ शटलर प्रणय ने फिनलैंड के कैले कोलजोनेन को 43 मिनट में 24-22, 21-10 से मात दी। लक्ष्य ने 25 मिनट में मॉरिशस के जूलियन पॉल को 21-7, 21-12 से हराया। दूसरे चरण में प्रणय का सामना इंडोनेशिया के ड्वि वार्डोयो से होगा, जबकि लक्ष्य जॉर्डन के बहाएदीन अलशानिक या कोरिया के जियोन एच जे में से किसी एक से भिड़ेंगे। कोलजोनेन ने प्रणय के खिलाफ पहले गेम में तेज़ी से 8-4 की बढ़त बनाकर मैच की शुरुआत की, हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने लगातार सात पॉइंट अर्जित करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली।

## भारत की जू. पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड की जू. टीम को 4-0 से दी शिकस्त

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (देशबन्धु)। राजिंदर सिंह, आमिर अली, अमनदीप लाकरा और अरिजीत सिंह हुंदल के एक एक गोल से भारत ने इंग्लैंड को डसेलडर्फ में सोमवार को चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के अपने तीसरे और आखिरी लीग मैच में 4-0 से हरा कर तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपना अभियान स्पेन पर 6-2 से शुरू करने किया था लेकिन दूसरे मैच में उसे मेजबान जर्मनी ो 2-3 से करीबी मैच में हार झेलनी पड़ी थी।

भारत और इंग्लैंड की जूनियर टीमें गोल करने की हड़बड़ी में गड़बड़ी करती दिखी। स्कीमर विष्णुकांत सिंह की अगुआई में भारत की जूनियर टीम की रक्षापंक्ति ने इंग्लैंड की जूनियर टीम के सभी हमलों को नाकाम किया। राजिंदर सिंह ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत का खाता खोला। दूसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने की जुगत में इंग्लैंड की जूनियर टीम ने पूरी ताकत झोंक दी लेकिन उसकी यह हसरत भारत की जूनियर टीम की मुस्तैदी के सानमे पूरी नहीं हो पाई।

आमिर अली ने तीसरा क्वॉर्टर शुरू होने के तीसरे मिनट में हॉकी की कलाकारी दिखा बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी अमनदीप लाकरा ने यह क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर उसकी जीत लगभग निश्चित कर दी।



■ भारत के लिए राजिंदर, आमिर, अमनदीप और हुंडल ने दागा एक-एक गोल

ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंडल ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले मैदानी गोल कर भारत को 4-0 से मैच जिता दिया।

### हिना, ऋतुजा और मुमताज के एक-एक गोल से भारत की जू. महिला टीम ने इंग्लैंड जू. टीम को ड्रॉ पर रोका

*नई दिल्ली भारत ने तीन बार पिछड़ने के बावजूद हिना बानो, ऋतुजा ददासो पिसल और मुमताज खान के एक-एक गोल की बदौलत इंग्लैंड को डसेलडर्फ (जर्मनी) में रविवार देत रात तीन-तीन गोल की बराबरी पर रोक अंक बांटे। ली हुरे मार्टा( चौथे व 19 वें मिनट) तथा बेथ अलेक्जेंडर (नौंवे मिनट) में दागे एक एक गोल से इंग्लैंड की जूनियर टीम ने हाफ टाइम तक 3-1 की बढ़त ले ली थी। इंग्लैंड की जूनियर टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और ली हुरे मार्टा ने चौथे मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हिना बानो ने दो मिनट बाद बढ़िया मैदानी गोल कर भारत की जूनियर टीम को एक-एक गोल की बराबरी दिला दी। बेथ अलेक्जेंडर ने नौंवे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल इंग्लैंड को 2-1 से ली हुरे मार्टा ने दूसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में अपना मैच में दूसरा बेहतरीन मैदानी गोल कर उसे 3-1 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा। तीसरे क्वॉर्टर में जब कोई और गोल नहीं हुआ तो इंग्लैंड की जूनियर महिला हॉकी टीम मैच जीतती लगी। भारत की जूनियर टीम ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बराबरी पाने में पूरी ताकत झोंक दी। भारत की जूनियर टीम की स्ट्राइकर ऋतुजा ददासो पिसल ने चौथे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया। मुमताज खान ने खेल खत्म होने से सात मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर डी में मिली गेंद को लपक कर फ्लिक कर गोल में डाल भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम को तीन-तीन की बराबरी दिला दी। इसके बाद कोई भी टीम और गोल नहीं कर पाई।*

*सुदीप चिरिमाको के दो गोल के बावजूद भारत की जू. हॉकी टीम जर्मनी जू. टीम से हार गई*

*तेज तर्रार स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको के दो गोल के बावजूद भारत डसेलडर्फ में चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में मेजबान जर्मनी से 2-3से हार गया। विजेता जर्मनी के लिए मिचेल स्ट्रुर्टऑफ, बेन हाशबाख और फ्लेरियन स्प्रिलिंग ने एक एक गोल किया। भारत की जूनियर टीम ने अपने पहले मैच में स्पेन को 6-2 से करारी शिकस्त दी थी। भारत के सुदीप चिरिमाको दो मैचों में चार गोल दाग कर गोल दागने में सबसे आगे चल रहे हैं। सुदीप चिरिमाको ने तेज फर्राटा लगा सातवें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला।*

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## आतिथ्य उद्योग को जी-20 शिखर सम्मेलन के नेतृत्व वाले अधिभोग, दर वृद्धि से परे दीर्घकालिक लाभ की उम्मीद

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के नेता आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान अपेक्षित शत-प्रतिशत अधिभोग आंकड़ों को 9 सितंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय महापर्व से पहले भारत भर में 200 बैठकें आयोजित करने के सरकार के निर्णय के दीर्घकालिक प्रभाव की तुलना में केवल अल्पकालिक लाभ के रूप में देखते हैं। रैडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के एमेरिटस चेयरमैन के.बी. काचरू ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन ने भारत के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा, हम अपने पर्यटन उत्पादों की विविधता से दुनिया को अवगत करा रहे हैं और देश को एक विश्वसनीय एमआईसीई (मीटिंग्स इंसेंटिव कन्वेंशन एग्जीबिशन) गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं। 876.42 अरब डॉलर के वैश्विक एमआईसीई कारोबार में भारत को अब तक एशिया में चीन




के साथ-साथ प्रशांत रिम और आसियान देशों के गरीब चचेरे भाई' के रूप में देखा जाता है। डेस्टिनेशन इंडिया' के संपादक और उद्योग विशेषज्ञ नवीन बेरी ने कहा कि अब नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम के अनावरण और हैदराबाद और गांधीनगर में अत्याधुनिक सम्मेलन केंद्रों का प्रदर्शन करके भारत वैश्विक एमआईसीई पाई के एक बड़े हिस्से की उम्मीद कर सकता है। क्षेत्र निदेशक (संचालन) और नई दिल्ली स्थित ताज महल होटल के महाप्रबंधक सत्यजीत कृष्णन ने कहा, 'ओलंपिक के विपरीत, जहां किसी गंतव्य में रुचि खेलों के साथ समाप्त हो जाती है, जी20 शिखर सम्मेलन का डोमिनोज़ प्रभाव होगा, क्योंकि यह मूलत: एक व्यापारिक शिखर सम्मेलन है। मैं आने वाले महीनों और वर्षों में भारत में व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों की एक श्रृंखला देख सकता हूं।' उन्होंने कहा कि भारत मंडपम वास्तव में एक 'शानदार प्रदर्शन' है कि भारत दुनिया को क्या पेशकश कर सकता है। कृष्णन ने बताया कि भले ही दुनिया जी20 शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, जो संयोगवश, सदस्य देशों, संघों और विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे बहुपक्षीय संगठनों के 40 से अधिक प्रतिनिधिमंडलों को आकर्षित करता है, नई दिल्ली इसकी मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बी20, जी20 बिजनेस लीडर्स का शिखर सम्मेलन मंगलवार, 22 अगस्त से शुरू हो रहा है।

कृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि जी20 शिखर सम्मेलन के साथ इस तरह की बातचीत बंद नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल कारोबारी नेताओं को भारत में उन जगहों का पता चला है जहां वे पहले कभी नहीं गए थे। जी20 शिखर सम्मेलन से पहले 60 शहरों में 200 से अधिक मंत्रिस्तरीय और ट्रैक बैठकें आयोजित की गई हैं और इनमें न केवल 19 जी20 देशों के प्रतिनिधियों, बल्कि नौ आमंत्रित देशों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया है। आतिथ्य उद्योग परामर्शदाता एचवीएस एनारॉक के अध्यक्ष (दक्षिण एशिया) मंदीप लांबा ने इसे 'भारतीय यात्रा और पर्यटन उद्योग के लिए एक अनूठा अवसर कहा।

उन्होंने कहा, उद्योग पर नजर रखने वालों ने बताया कि 110 राष्ट्रीयताओं से संबंधित हजारों प्रतिनिधियों ने भारत का दौरा किया है और बैठकों के लिए 'गेटवे' शहरों - दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता से परे देश का दौरा किया है। कुमाकोम और श्रीनगर, शिलांग और गांधीनगर, वाराणसी और गोवा जैसे विविध स्थानों पर आयोजित किया गया।

## संघर्षरत अर्थव्यवस्था के बीच चीन ने ब्याज दरों में की कटौती

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के केंद्रीय बैंक ने तीन महीने में दूसरी बार अपनी प्रमुख ब्याज दरों में कटौती की है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी से उबरने के लिए संघर्ष कर रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में ये बात कही गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने अपनी एक साल की ऋण प्राइम दर को 3.55 प्रतिशत से घटाकर 3.45 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की कोविड के बाद की रिकवरी रियल स्टेट संकट, गिरते निर्यात और कमजोर उपभोक्ता खर्च के कारण प्रभावित हुई है। इसके विपरीत, दूसरी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं ने हाई इंफ्लेशन से निपटने के लिए दरों में बढ़ोत्तरी की हैं।

पीबीओसी ने आखिरी बार जून में दरों में कटौती की थी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रिबेका इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स के जुन बेई लियू ने कहा कि इस कदम का कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए चीनी सरकार की प्रतिबद्धता का संकेत है। उन्होंने कहा, 'हमें आत्मविश्वास बढ़ाने और बदले में खपत और विकास को बढ़ाने के लिए बड़े प्रोत्साहन पैकेज की आवश्यकता होगी। इसके बिना, अर्थव्यवस्था डिफ्लेशन में लड़खड़ाने का जोखिम उठा रही है, जिसे पुनर्जीवित करना कठिन होगा।' अर्थशास्त्रियों ने यह भी उम्मीद की है कि केंद्रीय बैंक अपनी पांच साल की ऋण प्रधान दर को कम करेगा। पिछले सप्ताह एक आश्चर्यजनक कदम में, लघु और मध्यम अवधि की दरों में भी कटौती की गई थी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, फिडेलिटी इंटरनेशनल के निवेश निदेशक कैथरीन येंग ने कहा, सरकारी खर्च के साथ-साथ संपत्ति बाजार की मदद के लिए लक्षित उपायों के साथ दरों में और अधिक कटौती की जा सकती है।

## टेस्ला ने माना, 75 हजार कर्मचारियों को प्रभावित करने वाला डेटा उल्लंघन 'घर' के ही व्यक्ति का काम

**सैन फ्रांसिस्को**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला ने स्वीकार किया है कि कंपनी के 75 हजार से अधिक कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले डेटा उल्लंघन को अंदरूनी व्यक्ति ने ही अंजाम दिया था। अमेरिकी प्रांत मेन के अटॉर्नी जनरल के समक्ष दायर डेटा उल्लंघन नोटिस में, इलेक्ट्रिक कार निर्माता ने कहा कि एक आंतरिक जांच से पता चला है कि दो पूर्व कर्मचारियों ने 75 हजार से अधिक व्यक्तियों की व्यक्तिगत जानकारी एक विदेशी मीडिया आउटलेट को लीक कर दी।




टेस्ला के डेटा गोपनीयता अधिकारी स्टीवन एलेंटुख ने कहा, 'जांच से पता चला कि टेस्ला के दो पूर्व कर्मचारियों ने टेस्ला की आईटी सुरक्षा और डेटा संरक्षण नीतियों का उल्लंघन करते हुए जानकारी का दुरुपयोग किया और इसे मीडिया आउटलेट के साथ साझा किया। लीक हुई व्यक्तिगत जानकारी में कुछ वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों के डेटा शामिल हैं, जिनमें नाम, कुछ संपर्क जानकारी (जैसे पता, फोन नंबर और/या ईमेल पता), रोजगार से संबंधित रिकॉर्ड और 75,735 वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा नंबर शामिल हैं।

कंपनी के अनुसार, एक विदेशी मीडिया आउटलेट (जिसका नाम हैंडल्सब्लैट है) ने 10 मई 2023 को टेस्ला को सूचित किया कि उसे टेस्ला की गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई है।

कंपनी के अनुसार, आउटलेट ने कहा है कि उसका व्यक्तिगत जानकारी प्रकाशित करने का इरादा नहीं है, और किसी भी स्थिति में, इसे अनुचित तरीके से उपयोग करने से कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। टेस्ला ने घटना को रोकने, दायरे को समझने और आपकी जानकारी की सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाए। टेस्ला ने दो पूर्व कर्मचारियों की पहचान की और उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया। इन मुकदमों के परिणामस्वरूप पूर्व कर्मचारियों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त कर लिया गया, जिनके बारे में माना जाता था कि उनमें टेस्ला की जानकारी थी। टेस्ला ने कहा कि उसे अदालत के आदेश भी मिले हैं जो पूर्व कर्मचारियों को आपराधिक दंड के अधीन डेटा के आगे उपयोग, पहुंच या प्रसार से रोकते हैं।

हैंडल्सब्लाट ने मई में रिपोर्ट दी थी कि टेस्ला को एक 'बड़े पैमाने पर उल्लंघन का सामना करना पड़ा है, जिसमें कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी से लेकर उनकी कारों के बारे में ग्राहकों की शिकायतों तक सब कुछ उजागर हो गया है। प्रकाशन ने 23,000 से अधिक आंतरिक दस्तावेज़ प्राप्त किए, जिन्हें 'टेस्ला फ़ाइलें' कहा गया, जिसमें 100 गीगाबाइट गोपनीय डेटा शामिल था। प्रकाशन के मुताबिक, लीक में मस्क का सोशल सिक्योरिटी नंबर भी शामिल था।

## गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के ब्याज दर में निवेशकों की उम्मीद से थोड़ा कम कटौती करने से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबर गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 267.43 अंक की तेजी लेकर 65,216.09 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 83.45 अंक चढ़कर 19,393.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिड कैप 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 30,528.40 अंक और स्मॉल कैप 0.71 प्रतिशत उछलकर 35,535.38 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3907 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1623 में बिकवाली हुई वहीं 187 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष 13 लाल निशान पर रही।

बीएसई के सभी 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान यूटिलिटीज 2.56, कमोडिटीज़ 0.95, सीडी 0.50, ऊर्जा 0.04, एफ एम सी जी 0.61, वित्तीय सेवाएं 0.42, हेल्थ केयर 0.79, इंडस्ट्रीयल्स 0.92, आईटी 0.88, दूरसंचार 0.61, ऑटो 0.13, बैंकिंग 0.36, कैपिटल गुड्स 1.09, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.19, तेल एवं गैस 0.27, पावर 2.31, रियल्टी 1.03 और टेक समूह के शेयर 1.00 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.69, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत मजबूत रहा



जबकि हांकांग का हैंगसेंग 1.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.24 प्रतिशत गिर गया। सेंसेक्स की तेजी पर रही 24 कंपनियों में से पावरग्रिड ने सबसे अधिक 2.74 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही बजाज फाइनेंस 2.70, इंडसइंड बैंक 2.06, भारती एयरटेल 1.85, एनटीपीसी 1.63, आईटीसी 1.31, बजाज फिनसर्व 1.30, इंफोसिस 1.16, नेस्ले इंडिया 1.04, ऐक्सिस बैंक 1.01, टीसी एस 1.01, टाइटन 0.95, टाटा स्टील 0.95, एलटी 0.91, टाटा मोटोर्स 0.80, विप्रो 0.63, आई सी आई सी आई बैंक 0.39 और सन फ़ार्मा के शेयर 0.21 प्रतिशत तक मजबूत रहे।

वहीं, जीयो फाइनेंस ने सबसे अधिक 5.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही रिलायंस 1.50, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.87, मारुति 0.30, एस बी आइ 0.28, अल्ट्रासिम्को 0.17 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.13 प्रतिशत की गिरावट पर रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 96 अंक की गिरावट लेकर 64,852.70 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। हुई लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,335.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,948.66 अंक के मुकाबले 0.41 प्रतिशत की तेजी लेकर 65,216.09 अंक पर रहा। वहीं, निफ़्टी 11 अंक की बढ़त लेकर 19,320.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,296.30 अंक के निचले जबकि 19,425.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,310.15 अंक की तुलना में 0.43 प्रतिशत उछलकर 19,393.60 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की तेजी पर रही 24 कंपनियों में से पावरग्रिड ने सबसे अधिक 2.74 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही बजाज फाइनेंस 2.70, इंडसइंड बैंक 2.06, भारती एयरटेल 1.85, एनटीपीसी 1.63, आईटीसी 1.31, बजाज फिनसर्व 1.30, इंफोसिस 1.16, नेस्ले इंडिया 1.04, ऐक्सिस बैंक 1.01, टीसी एस 1.01, टाइटन 0.95, टाटा स्टील 0.95, एलटी 0.91, टाटा मोटोर्स 0.80, विप्रो 0.63, आई सी आई सी आई बैंक 0.39 और सन फ़ार्मा के शेयर 0.21 प्रतिशत तक मजबूत रहे।

वहीं, जीयो फाइनेंस ने सबसे अधिक 5.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही रिलायंस 1.50, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.87, मारुति 0.30, एस बी आइ 0.28, अल्ट्रासिम्को 0.17 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.13 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में तेजी



**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अधिकांश दालों और गुड़ के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 66 रिंगिट उबलकर 3920 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.83 सेंट की तेजी लेकर 64.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान उड़द दाल 400 रुपए, मसूर दाल 250 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## विप्रो ने ब्रजेश सिंह को ग्लोबल एआई का बनाया हेड

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। आईटी प्रमुख विप्रो ने सोमवार को ब्रजेश सिंह को अपने एंटरप्राइज फ्यूचरिंग डिवीजन के लिए सीनियर वाइज प्रेसिडेंट और ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हेड नियुक्त किया। सिंह के पास टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी में 30 सालों से ज्यादा का अनुभव है और वह पहले डेलॉइट में सीनियर पार्टनर थे, जहां वह एआई और डेटा-बेस्ड ट्रांसफॉर्मेशन के लिए जिम्मेदार थे। उनकी नियुक्ति विप्रो के एआई में 1 बिलियन डॉलर के निवेश और विप्रो एआई360 के लॉन्च के बाद हुई है। यह निवेश एआई, डेटा और एनालिटिक्स सॉल्यूशन के विस्तार, नए आरएंडडी और प्लेटफॉर्म डेवलप करने के साथ-साथ 'फुलस्ट्राइड क्लाउड' और कंसल्टेंसी क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। कंपनी ने कहा कि विप्रो एआई360 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में कंपनी के दशक भर के निवेश पर आधारित है, जिसका लक्ष्य एआई को हर प्लेटफॉर्म, हर टूल्स और आंतरिक रूप से उपयोग किए जाने वाले और कस्टमर्स को पेश किए जाने वाले हर समाधान में एकीकृत करना है।

विप्रो एआई360 4 ग्लोबल बिजनेस लाइन्स से कंपनी की टेक्नोलॉजी और एडवाइजरी इकोसिस्टम के साथ डेटा एनालिटिक्स और एआई में 30,000 विप्रो एक्सपर्ट्स को भी एक साथ लाएगा। एआई के ग्लोबल हेड के रूप में, सिंह का फोकस विप्रो की एआई360 स्ट्रेटजी को आगे बढ़ाने, विप्रो के संपूर्ण पोर्टफोलियो में एआई अपनाने में सहायता और तेजी लाने के लिए क्षमताओं का निर्माण करने और क्लाइंट को एआई-फर्स्ट सॉल्यूशन प्रदान करने पर होगा।

## भारत के नेतृत्व में 2028 तक दक्षिण-पूर्व एशिया में क्यूआर कोड से भुगतान 590 प्रतिशत बढ़ जाएगा

**नई दिल्ली**, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के नेतृत्व में वर्ष 2028 तक प्रमुख दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों में क्यूआर कोड भुगतान 590 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाएगा, एक नई रिपोर्ट में सोमवार को कहा गया। जुनिपर रिसर्च के अनुसार, दक्षिण पूर्व एशियाई बाजार में क्यूआर कोड भुगतानों की संख्या 2023 के 13 अरब से बढ़कर 2028 में 90 अरब हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य विकासशील बाजारों में उच्च वृद्धि काफी हद तक क्यूआर भुगतान द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय समावेशिता के कारण है; जो बैंक रहित उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। इसके विपरीत, पश्चिमी



बाजारों में इसे बहुत सीमित रूप से अपनाया गया है; जो क्यूआर भुगतान बाजारों में वैश्विक विभाजन को उजागर करता है। माईगोवइंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 8.95 करोड़ डिजिटल लेनदेन के साथ भारत डिजिटल भुगतान में पांच देशों की सूची में शीर्ष पर है।

सूची में दूसरे स्थान पर ब्राज़ील है जहां 2.92 करोड़ डिजिटल लेनदेन हुए। उसके बाद 1.76 करोड़ लेनदेन के साथ चीन है। इसके अलावा, रिपोर्ट में पाया गया कि भारत की यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) और ब्राजील की पिक्स सहित राष्ट्रीय क्यूआर भुगतान योजनाओं ने बाजार अपनाने को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनकी सफलता के साथ केन्या और बांग्लादेश में 2023 में राष्ट्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन को बढ़ावा मिला। हालाँकि, यह पाया गया कि बाजार की मात्रा में महत्वपूर्ण वृद्धि दक्षिण पूर्व एशियाई बाजारों के भीतर सीमा पार अंतरसंचालनीयता से आएगी।

इस बीच, भारत में मूल्य के साथ-साथ मात्रा के मामले में 2018 और 2022 के बीच यूपीआई लेनदेन में क्रमशः 1,320 प्रतिशत और 1,876 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### सार संक्षेप

#### वित्त मंत्रालय का चिंतन शिविर केवडिया में

**केवडिया।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई में यहां वित्त मंत्रालय के चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री ने चिंतन शिविर के दौरान कहा कि सरकार में उपलब्ध संसाधनों और अनुभव के विशाल पूल का इष्टतम उपयोग किया जाना चाहिए ताकि अमृतकाल में 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ने के प्रयासों में युवा पीढ़ियों का मार्गदर्शन हो सके। इसमें वित्त मंत्री के साथ ही वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भगवत किशनराव कराड मौजूद थे। इसमें वित्त मंत्रालयख् कंपनी मामलों के मंत्रालय के साथ ही आयकर विभाग और केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधिकारी भ मौजूद थे। सत्र के दौरान चर्चा मानव संसाधन और संस्थानों के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण के विभिन्न पहलुओं, प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर-सक्षम प्रणालियों की भूमिका, अंतर-मंत्रालयी परामर्श, विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण के महत्व और युवा पीढ़ी को सलाह देने पर केंद्रित थी।

#### बजाज फाइनेंस के पास सावधि जमाओं का आंकड़ा 50,000 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** गैर बैंकिंग वित्तीय करोबार क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बजाज फाइनेंस) ने सोमवार को कहा है कि उसके सावधि जमा खातों में कुल जमा राशि का आंकड़ा 50,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर लिया है। बजाज फिनसर्व ग्रुप की इस कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके साथ जुड़े जमाकर्ताओं की संख्या पांच लाख है और हर जमाकर्ता ने औसतन 2.87 सावधि जामाएं कर रखी हैं। इस तरह उसके पास सावधि जमाओं के 14 लाख पोर्टफोलियो हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बजाज फाइनेंस को अपने दीर्घावधि उधार कार्यक्रम के लिए क्रिसिल, इकरा, केयर और इंडिया रेटिंग्स से सबसे उच्च स्तर की क्रेडिट रेटिंग-एएए/स्टेबल (स्थिर) तथा अल्पकालिक उधारी कार्यक्रम के लिए ए1 प्लस रेटिंग और सावधि जमा कार्यक्रम के लिए एएएस स्टेबल (स्थिर) श्रेणी की रेटिंग मिली है।

#### विष्णु आईपीओविष्णु प्रकाश आर पुगलिया का आईपीओ 24 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** विशेषकर जलापूर्ति क्षेत्र के लिए एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवायें देने वाली कंपनी विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 अगस्त को खुलेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोहर लाल पुगलिया ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर का मूल्य दायरा 94 रुपए से 99 रुपए तय किया किया गया है। उन्होंने कहा कि आईपीओ 28 अगस्त को बंद होगा और इसके लिए कम से कम 150 शेयरों के लिए बोली लगानी होगी तथा उसके बाद भी उसी गुणांक में शेयर जारी होगा।

# शराब दुकान का दीवार तोड़कर 3 लाख 60 हजार पार

## मंगला स्थित देशी शराब दुकान की घटना

## सुबह दुकान खुली तो चोरी का पता चला

**बिलासपुर** , 21 अगस्त (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगला स्थित देसी शराब दुकान में रविवार की रात चोरों ने सेंधमारी की। चोर शराब दुकान की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और काउंटर में बिक्री की रकम से हांसिल 3 लाख, 60 हज़ार 720 रुपए लेकर चलते बने। सुबह जब कर्मचारियों ने दरवाजा खोला तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई।



पुलिस के अनुसार उसलापुर साईं नगर निवासी ताराचंद साहू किराए के मकान में रहते हैं, जो मंगला देसी शराब दुकान में सुपरवाइजर भी है । रोज की तरह रविवार की रात को को वह 10 बजे दुकान में ताला लगा कर चले गए थे। रात में वहां गार्ड प्रदीप केवट और दीपक जांगड़े मौजूद थे।

सोमवार सुबह जब सेल्समैन हेतराम ने दुकान खोला तो उसे चोरी की जानकारी हुई, जिसने सुपरवाइजर ताराचंद को सूचना दुकान में पहुंचकर देखा तो दीवार में छेद थी, वही काउंटर में रखी बिक्री की रकम 3 लाख 60 हज़ार 720 रुपये गायब मिले।

अपने उच्चाधिकारियों को जानकारी देने के साथ इसकी सूचना सिविल लाइन पुलिस को भी दी गई। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सेंधमारो की तलाश कर रही है।

# निर्वाचन कार्य पूरी पारदर्शिता से करें-कलेक्टर

## नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 21 अगस्त ( देशबन्धु) ।कलेक्टर संजीव कुमार झा ने साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव कार्य संपादित करवाने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ली।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित जो कार्य उन्हें सौंपा गया है उसे पूरी मुस्तैदी, पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता से करें। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए व्यवस्थित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भेजे गए दिशा निर्देशों का पूरी गंभीरता के साथ अध्ययन कर उन्हीं के अनुरूप पालन करने के निर्देश दिए।

कानून व्यवस्था के लिए गठित एमसीएमसी, मीडिया प्रमाणन एवं पेड न्यूज निगरानी के लिए एमसीएमसी सहित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, इव्हीएम एवं व्हीव्ही पैड मशीन संबंधी कार्य, मतदाता सूची सेक्टर एवं रूट चार्ट, मतदान दलों का गठन एवं प्रशिक्षण, चिकित्सा व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, आईटी सायबर सुरक्षा, निर्वाचन व्यय, अनुवीक्षण, वीडियोग्राफी, पत्र मुद्रण के लिए



नोडल अधिकारियों से जानकारी ली गई।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, एडीएम आर.ए.कुरूवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय अगवाल सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# समर्थन मूल्य पर धान व मक्का खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

**बिलासपुर**, 21 अगस्त ( देशबन्धु) । राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों के पंजीयन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशानुसार धान एवं मक्का उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक किया जाना है। किसान पंजीयन के लिए किसानों की आयु एवं आधार की जानकारी अनिवार्य है।

योजना अंतर्गत पूर्व के पंजीकृत किसानों को सहकारी समिति द्वारा साफ्टवेयर के लॉगिन में मैन्युअली कैरीफारवर्ड किया जाएगा। नवीन किसान पंजीयन एवं संशोधन के लिए आवश्यक दस्तावेज ऋष्ण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति संबंधित समितियों के पास जमा कर पावती प्राप्त कर सकेंगे। समिति द्वारा किसान के आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। किसान के आवेदन के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर सहकारी समिति द्वारा किसान के पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा

**■ पंजीयन के लिए किसानों की आयु एवं आधार की जानकारी अनिवार्य**

खरीदी कार्य में पारदर्शिता में सुधार के लिए बायोमेट्रिक आधारित खरीफ प्रणाली लागू करने के निर्देश दिये गये हैं। संस्थागत, रेगहा, बटाईदार, लीज एवं डूबान क्षेत्र के किसानों का पंजीयन विगत वर्ष के अनुसार किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में आधार आधारित सत्यापन प्रणाली के लिए किसान पंजीयन के संबंध में निर्देश दिए गए है किसान द्वारा धान विक्रय के समय धान खरीदी केंद्र में स्वयं उपस्थित होकर या उनके नामांकित नॉमिनी के द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीफ प्रणाली के माध्यम से धान का विक्रय किया जा सकता है। इस वर्ष प्रत्येक पंजीयन के समय स्वयं का एवं उसके एक नॉमिनी का आधार नंबर लिया जाना अनिवार्य है। नॉमिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य जैसे माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, दामाद, पुत्रवधु, सगाभाई, बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया गया है। यदि किसी कारणवश किसान को नॉमिनी एवं उसका आधार नंबर परिवर्तन करना होगा, तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसीलदार द्वारा किया जाएगा। किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है। प्रत्येक खरीदी केंद्रों में बायोमेट्रिक व्यवस्था के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन हेतु एक स्थायी खरीदी केंद्र प्रभारी नामांकित किये जाने के साथ उनके आधार नंबर एकत्रित करने के निर्देश दिए गए है।

# सर्व हिंदू समाज ने निकाली कांवड़ यात्रा

## छठघाट से जल लेकर हजारों की संख्या में निकले श्रध्दालु

**बिलासपुर**, 21 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर में सर्व हिंदू समाज ने पहली बार किया आयोजन, छठघाट से जल लेकर निकले श्रद्धालु बिलासपुर में पहली बार निकाली गई कांवड़ यात्रा 7 सावन के पुरुषोत्तम मास के सातवें सोमवार पर बिलासपुर शहर हर-हर महादेव और बोल बम के नारो सेव गूंज उठा। सर्व हिंदू समाज ने यहां पहली बार कांवड़ यात्रा की शुरूआत की, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं ओर लोग भी शामिल थे अरपा नदी के छठ घाट से जल लेकर निकले श्रद्धालु पैदल चलकर सरकंडा स्थित नंदी महादेव मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया। सावन महीने की शुरुआत से ही लोग भगवान भोलेनाथ की पूजा- अर्चना कर करते है इस बार अधिक मास



होने की वजह से सावन दो माह का था इस वजह से पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की पूजा की विशेष महिमा रहती है आज सावन के सातवें सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ अपार भीड़ थी सुबह से लेकर दोपहर और शाम तक लोग मंदिर पहुंच कर भगवान शिव की पूजा करते रहे। सावन मास के सातवें सोमवार पर सर्व हिंदू समाज ने भव्य कावड़ यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग कांवड लेकर अरपा नदी के तट पर बने तोरवा स्थित छठ घाट पहुंचे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। यहां अरपा नदी से कांवड़ में जल लेकर कांवड़िए पदयात्रा करते हुए सरकंडा के जोरापारा स्थित नंदीश्वर शिव मंदिर पहुंचें। इससे पहले कांवड़ यात्री गुरु नानक चौक, दयालबंद, गांधी चौक, सिटी कोतवाली, गोजबाजार, सदरबाजार, देवनीनंदन चौक होते हुए निकले। इस दौरान पूरा शहर बोल बम और हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। जगह जगह स्वागत फूल बरसाए जा रहे थे। जलाभिषेक करने की है परंपरा कांवड़ यात्रा के आयोजक सर्व हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान भोलेनाथ सिर्फ एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं। तभी कहा गया है एक लोटा जल सारी समस्या का हल यही वजह है कि उनका प्रिय मास सावन में देश भर के प्रसिद्ध शिव मंदिरों और 12 ज्योतिर्लिंगों में श्रद्धालु कावड़ यात्रा में निकलते है और भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर में भी सर्व हिंदू समाज ने इस परंपरा की शुरूआत की है जोरदार रहा जगह जगह स्वागत का दौर चलता रहा महादेव के दीवाने लंबी दूर चलते हुए आये चेहरे पर बहुत हसि प्यार था महादेव के लिए यैसे आयोजन से भक्तों में अपार खुशी है पहली बार है कि इतने दूर से कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त नजर आए।

**NECC**

| 22.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.40 | 80 | 160 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 185 |
| डिलीवरी | 4.45 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188